e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 111

# प्रभात मंत्र

बुधवार
23.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हमारे जीवन में क्रोध और आंधी एक सामान है क्योंकि, इनके जाने के बाद ही हमें अपने नुकशान का पता चलता है!

## क्विक न्यूज

### 17 मई से राज्यों का दौरा, जनता से सीधे मांगे जाएंगे सुझाव : चौधरी

**नई दिल्ली :** वक्फ कानून के बाद एक देश, एक चुनाव को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति 17 मई से देश भर के राज्यों का दौरा शुरू करने जा रही है। समिति सबसे पहले 17-18 मई को महाराष्ट्र का दौरा करेगी। इसके बाद 19-21 मई तक उत्तराखंड और जून में जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा का दौरा किया जाएगा। इस बात की जानकारी जेपीसी के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा कि समिति की राय है कि इस मुद्दे पर हमें पूरे देश से विचार जानने चाहिए। इसके लिए समिति सभी राज्यों का दौरा करने वाली है करेगी।जेपीसी अध्यक्ष ने समिति के दौरे को लेकर कहा कि चाहे कोई खिलाड़ी हो, कलाकार हो या आम नागरिक, सभी से बात की जाएगी ताकि तय हो सके कि यह योजना देश के लिए फायदेमंद है या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि समिति में अलग-अलग राय हो सकती है, लेकिन समय के साथ सभी सदस्य देशहित में एकमत होंगे। देश के नेता देश के भले के लिए सोचते हैं।

### जम्मू-कश्मीर में बदलते राजनीतिक परिदृश्य के बीच पीडीपी की अहम बैठक

**श्रीनगर :** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने मंगलवार को मुख्य प्रवक्ता मिर्जा महबूब बेग की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई. जिसमें महत्वपूर्ण नीतिगत मामलों और जम्मू-कश्मीर की उभरती राजनीतिक गतिशीलता पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि क्षेत्र की चुनौतियों और आकांक्षाओं को संबोधित करने के लिए पीडीपी सबसे व्यवहार्य विकल्प है।इस चर्चा में पार्टी की पहुंच को मजबूत करने और जम्मू-कश्मीर के लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रवक्ताओं ने जन-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ जटिल सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को नेविगेट करने में पीडीपी की भूमिका पर जोर दिया।बैठक में इकबाल ट्रंबू, नजमू साकिब, शोकिया कुरैशी, मीडिया समन्वयक बशीर अहमद बेग और जुहैब यूसुफ मीर सहित प्रमुख पार्टी प्रवक्ता मौजूद थे। उनकी सामूहिक अंतर्दृष्टि ने क्षेत्र में शांति विकास और समावेशी शासन को बढ़ावा देने के लिए पीडीपी के अटूट समर्पण को उजागर किया।

### साइबर ठगी मामले में 5 गिरफ्तार

**भागलपुर :** जिले के साइबर थाना ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोन के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सभी आरोपित को 06 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को साइबर डीएसपी कनिष्क श्रीवास्तव ने आज दी।डीएसपी ने बताया कि भागलपुर साइबर थाना के द्वारा साइबर फ्रॉड से संबंधित प्राप्त आवेदन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीते 21 अप्रैल को झांसा देकर ऑनलाईन लोन देने के नाम पर ठगी करने एवं पैसे मांगने गये लोगों को बंधक बनाने की सूचना भागलपुर साइबर थाना को प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष, भागलपुर साइबर थाना के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर बरसाई गोलियां

# 28 की मौत

एजेंसी

**श्रीनगर :** दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने टूरिस्ट के एक ग्रुप पर हमला कर दिया. दो से तीन आतंकियों ने पुलिस की वर्दी में टूरिस्टों पर 50 राउंट से ज्यादा फायरिंग की. सूत्रों के मुताबिक इस आतंकी हमले में 28 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है. एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं.इसके हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है. एनआईए की टीम बुधवार को पहलगाम जा सकती है. इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात कर इस हमले की जानकारी दी. पीएम से बात करने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने इमरजेंसी बैठक बुलाई और फिर श्रीनगर के लिए रवाना हो गए.अधिकारियों ने बताया कि यह हमला बैसरन घाटी में हुआ, जहां केवल पैदल या खच्चरों से पहुंचा जा सकता है. मंगलवार की सुबह पर्यटकों का एक समूह वहां घूमने गया था.एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने पर्यटकों पर नजदीक से गोलियां चलाई थी. अधिकारियों के अनुसार घायलों को निकालने के लिए एक हेलीकॉप्टर को लगाया गया है. उन्होंने बताया कि कुछ घायलों को स्थानीय लोग अपने खच्चरों पर लादकर नीचे लाए. पहलगाम अस्पताल के एक चिकित्सक ने बताया कि 12 घायल पर्यटकों को वहां भर्ती कराया गया है और सभी की हालत स्थिर है.यह घटना ऐसे समय हुई है जब वर्षों तक आतंकवाद से जूझने के बाद कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है. इसके अलावा, 38 दिवसीय अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होनी है.
देश भर से लाखों तीर्थयात्री दो मार्गों से पवित्र गुफा मंदिर की यात्रा करते हैं. एक मार्ग दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा पहलगाम मार्ग है जबकि दूसरा मार्ग गंदेरबल जिले में 14 किलोमीटर का छोटा बालटाल मार्ग है जहां खड़ी चढ़ाई है.

### हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा,मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं. जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है. मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं.पीएम मोदी ने कहा,प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है. इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा.उन्हें बख्शा नहीं जाएगा. उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा. आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा.

### कड़ी कार्रवाई करेंगे : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूं. मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ हैं. इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे. उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे. गृह मंत्री ने कहा,मैं सभी एजेंसियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक करने के लिए शीघ्र ही श्रीनगर रवाना हो रहा हूं.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल सऊदी अरब में हैं.



### आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट : खरगे


कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं. पूरा देश सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है. ये कायराना तरीके से किए गए हमले मानवता पर एक धब्बा हैं. समाचार रिपोर्टों से पता चलता है कि कई अनमोल जानें चली गई हैं. कांग्रेस पार्टी की ओर से पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं. हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं. भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और हम भारत सरकार से इसे सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह करते हैं.

### आतंकी हमला दर्दनाक : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है. यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए. निर्दोष नागरिकों, इस मामले में पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है. जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं.

## मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं विशेषज्ञों से की मुलाकात

# निवेश के लिए तैयार है झारखण्ड : हेमंत सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बार्सिलोना-रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखण्ड में निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर हैं। इस क्रम में झारखण्ड सरकार को आरसीडी एस्पैन्योल फुटबॉल क्लब ने खेल विकास, विशेषकर फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण हेतु समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव दिया है। यह सहयोग बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम, झारखण्ड में खेल खास कर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देगा। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मुलाकात की। इस क्रम में स्टार्टअप मेंटरशिप, क्लीन एनर्जी, पर्यावरणीय स्थिरता, सप्लाई चेन, बायो-फार्मास्यूटिकल्स, खेल विपणन, क्रिकेट टीम ओनरशिप, डीप-टेक बी2बी मार्केटिंग, लीगल, डेंटिस्ट्री और मेडटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए और झारखण्ड में एक जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जताई।

**गीगा फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव:** मुख्यमंत्री ने टेस्ला ग्रुप एएस (चेकोस्लोवाकिया) के सीईओ एवं सह-संस्थापक श्री डुशान लिचार्डस से भी भेंट की। उन्होंने झारखण्ड में एक गीगा फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगी। यह संयंत्र नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में कंपनी के रोमानिया के ब्रेइला में किए गए निवेश के समान होगा।

**सरकार ने रखा प्रस्ताव:** प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि झारखण्ड में स्टार्टअप्स और उनके मेंटर्स का मैपिंग किया जाए और उन्हें वैश्विक इनक्यूबेटरों से जोड़ा जाए। खाद्य प्रसंस्करण, विशेष रूप से झारखण्ड के कटहल और टमाटर जैसे उत्पादों के मूल्यवर्धित प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त पारंपरिक चिकित्सा (होड़ोपैथी), अनुसंधान एवं विकास, फार्मास्युटिकल, मेडटेक तथा बायोटेक में अनुसंधान जैसे विषय शामिल रहे।

**मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त:** मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद, बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि, सहयोग की दिशा में ठोस प्रगति हो सके। राज्य सरकार प्राप्त सुझावों को नीतियों के मूल्यांकन एवं अद्यतन करते समय ध्यान में रखेगी।

मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को झारखण्ड आने और राज्य में निवेश हेतु आमंत्रित किया है।

## सिविल सेवा दिवस पर नालंदा के डीएम को पीएम ने किया सम्मानित




एजेंसी

**पटना :** नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। यह सम्मान उन्हें जिले के समग्र विकास के लिए उनके उल्लेखनीय कार्यों और प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व के लिए दिया गया है।पुरस्कार प्राप्ति के बाद डीएम शशांक शुभंकर ने कहा कि मैं हमेशा जिले के विकास में पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम करता रहा हूं। यह सम्मान मेरे लिए एक प्रेरणा है कि मैं और अधिक ऊर्जा, गति और सटीकता के साथ नालंदा के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दूं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिविल सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे संविधान का 75वां और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी प्रतीक है। 21 अप्रैल 1947 को सरदार पटेल ने सिविल सेवा कर्मियों को स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया की संज्ञा दी थी। उन्होंने स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक मर्यादाओं की नींव रखी।प्रधानमंत्री ने कहा कि एक उत्कृष्ट सिविल सेवक वही है, जो राष्ट्र सेवा को अपना सर्वोच्च धर्म माने।

## बोकारो वन भूमि घोटाला मामले को लेकर ईडी ने की छापेमारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बोकारो वन भूमि घोटाले की जांच में ईडी की भी एंट्री हो गई है. बोकारो में हुए 100 एकड़ से ज्यादा के वन भूमि घोटाले मामले में ईडी ने झारखंड की राजधानी रांची सहित कई अन्य शहरों के करीब एक दर्जन के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है. रांची के लालपुर, बरियातू सहित बोकारो और रामगढ़ इलाके के कुछ जगहों पर रेड हुआ है.ईडी के द्वारा रांची और बोकारो में आधा दर्जन भू-माफिया, कई बिल्डर, कई अंचलकर्मी के घर और कार्यालय में रेड चल रहा है. मंगलवार की सुबह करीब छह बजे से ईडी की टीम ने रेड शुरू किया. अब तक की छापेमारी में क्या कुछ बरामद हुआ है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है.

बता दें कि इससे पूर्व झारखंड सीआईडी ने बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू की थी. जमीन माफिया को लेकर बोकारो वन प्रमंडल के प्रभारी वनपाल सह वनरक्षक रुद्र प्रताप सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी. जांच के बाद पता चला कि बोकारो में अधिकारी और भू-माफियाओं ने मिलकर 117 एकड़ जमीन फर्जी दस्तावेज के आधार पर बेच दिए. जिससे अब इस मामले में ईडी की भी एंट्री हो गई है.बोकारो वन भूमि घोटाले में जिन वन भूमि को भू-माफिया और अधिकारियों के मिलीभगत से फर्जी कागजात के आधार पर बेचा गया है, उनके ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स बंगाल के पुरुलिया में मौजूद है. जिस जमीन को फर्जी कागजात के आधार पर बेचा गया है, वह 117 एकड़ से ज्यादा है और उसका फैलाव पश्चिम बंगाल तक है.

## भारतीय सिविल सेवा की परीक्षा में ऑल इंडिया टॉपर बनी शक्ति दुबे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। यह रिजल्ट लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर तय किया गया है। इंटरव्यू जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच हुए थे। यूपीएससी ने आधिकारिक वेबसाइट पर शॉर्टलिस्ट फॉर्मेट में रिजल्ट जारी किया है। जिसमें यूपीएससी सीएसई पास कर चुके उम्मीदवारों के नाम और रोल नंबर दिए गए हैं। इस परीक्षा में कुल 1009 उम्मीदवारों को पास घोषित किया गया है। इनमें से 335 जनरल कैटेगरी, 109 ईडब्ल्यूएस, 318 ओबीसी, 160 एससी, 87 एसटी कैटेगरी के उम्मीदवार हैं। अब इन्हें आईएएस, आईएफएस और आईपीएस आदि सेवाओं में नौकरी दी जाएगी। जानकारी दे दें कि साल 2024 की यूपीएससी परीक्षा में शक्ति दुबे ने ऑल इंडिया रैंक 1 यानी टॉप किया है। इसके साथ ही आयोग ने 230 उम्मीदवारों की एक रिजर्व लिस्ट भी बनाई है।

टॉप 10 उम्मीदवारों में शक्ति दुबे,हर्षिता गोयल,डोंगरे आर्चित पराग, शाह मार्गी चिराग,आकाश गर्ग,कोमल पूनिया,आयुषी बंसल,राज कृष्णा झा,आदित्य विक्रम अग्रवाल और मयंक त्रिपाठी हैं।

## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्यूनतम | $13^0$ |

## न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका की बहस के बीच उपराष्ट्रपति का आया बयान

# संसद ही सर्वोपरि : धनखड़

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संसद ही सर्वोपरि है। हर सांविधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द सर्वोच्च राष्ट्रीय हित से जुड़ा होता है।दिल्ली विवि में एक कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारों के अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट को घेरा। उन्होंने कहा कि संविधान कैसा होगा, ये वही तय करेंगे जो चुनकर आए हैं। इसके ऊपर कोई नहीं होगा। संसद सर्वोपरि है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की दो टिप्पणियों का हवाला दिया। इसमें गोरकनाथ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है। जबकि दूसरे केशवानंद भारती मामले में कोर्ट ने कहा था कि यह संविधान का हिस्सा है।उन्होंने कहा कि किसी भी सांविधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द राष्ट्र के सर्वोच्च हित से निर्देशित होता है।



मुझे यह बात काफी दिलचस्प लगती है कि कुछ लोगों ने हाल ही में यह विचार व्यक्त किया है कि सांविधानिक पद औपचारिक और सजावटी हो सकते हैं। इस देश में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका चाहे वह सांविधानिक पदाधिकारी हो या नागरिक के बारे में गलत समझ से कोई भी चीज दूर नहीं हो सकती है।

## सोनिया-राहुल पर ईडी के एक्शन के बाद देश भर में आंदोलन करेगी कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने अपने शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट को राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए एक बड़े पैमाने पर जन आंदोलन की घोषणा की है. पार्टी न केवल देशभर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी, बल्कि 25 अप्रैल से 30 मई के बीच पूरे देश में करीब 49 'संविधान बचाओ' रैलियां और बैठकों के साथ एक घर-घर जनसंपर्क अभियान भी चलाएगी.यह अभियान फरवरी 2024 में अहमदाबाद में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस सत्र में पारित 'न्याय पथ' संकल्प को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है. कांग्रेस इसे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बहाली के लिए एक आवश्यक कदम बता रही है. 25 अप्रैल को अभियान की शुरुआत होगी, उसी दिन जब दिल्ली की एक विशेष अदालत में नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर सुनवाई होनी है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस संदर्भ में कहा कि सोनिया और राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में शामिल किया जाना एक बड़ी साजिश है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालयवार अच्छादित विद्यार्थियों की संख्या की जांच अब कमेटी द्वारा की जायेगी। विद्यार्थियों के अच्छादन की कमियों को लेकर कमेटी की रिपोर्ट उपरांत संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने इसके लिए अलग-अलग दो कमेटी बनाई है। पहली कमेटी में जिला शिक्षा अधीक्षक, नजारत उप समाहर्ता एवं बीईईओ तथा दूसरी कमेटी में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक को रखा गया है। उपायुक्त-सह-जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष शशि रंजन समाहरणालय सभागार में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के सफल संचालन हेतु सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने मुख्य रूप से मध्याह्न भोजन की उपलब्धता, समयावधी, मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने की व्यवस्था, विद्यालयों में कार्यरत योग्य रसोईया-सह-सहायिका का आयुष्माण भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से अच्छादित किए जाने की प्रगति, निर्धारित आयुवर्ग की रसोईया-सह-सहायिका का 50 वर्ष आयु पूर्ण करने वाली रसोइया-सह-सहायिका का सर्वजन पेंशन योजना अतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन से अच्छादन, विद्यालयवार अच्छादित विद्यार्थियों की संख्या, एसएमएस भेजे जाने की स्थिति, प्रखंडवार विद्यालयों द्वारा किए गए एसएमएस का अंतर, विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच एवं आईएफए दवा का वितरण, प्रखंडवार स्टीयरिंग-सह-मॉनेटरिंग कमेटी की बैठक की अद्यतन स्थिति आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। उपायुक्त शशि रंजन ने विद्यालयों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति (एसडी.एमआईएस) दर्ज कराने पर ही प्रधानाध्यापकों एवं संबंधित बीपीओ का वेतन भुगतान किया जायेगा। उपायुक्त ने मई माह से प्रत्येक विद्यार्थियों की उपस्थिति विद्यालय में सुनिश्चत कराने का सख्त निदेश दिया है।उन्होंने मध्याह्न भोजन की समयावधि एवं पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन) मेन्यू के अनुसार देने, विद्यालयवार विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन खिलाये जाने के तुरंत बाद एसएमएस भेजने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत से कम एसएमएस भेजने की स्थिति में एमडीएम के कंप्यूटर ऑपरेटों को हटाये जाने की कार्रवाई की जायेगी। बीईईओ एवं बीपीओ भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए,15 दिनों में प्रगति लाने का निदेश दिया। उन्होंने सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों को विभाग के अधिकृत पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने भी विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने, निर्धारित समय पर एसएमएस भेजने संबंधित कार्य सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन का नियमित संचालन करने का निदेश दिया। साथ ही कार्य में धीमी प्रगति पर स्पष्टीकरण करने, प्रपत्र-क गठित करने संबंधी कार्रवाई करने का निदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम एवं मध्याह्न भोजन से संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।




## मोहम्मदगंज के पास मिला अज्ञात शव

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहम्मदगंज व सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 345/13 भीम चूल्हा टनल के पास एक अज्ञात व्यक्ति शव रेल ट्रैक के किनारे मंगलवार को पड़ा मिला है। मोहम्मदगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। अगर कोई व्यक्ति इन्हें पहचानते हैं तो इनके परिजनों या थाना को सूचना दे सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल में हो रहे अत्याचार पर भाजपा प्रदेश के नेता टिंकु महतो ने की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग



**लोहारदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में मंगलवार को भाजपा नेता टिंकू महतो ने पश्चिम बंगाल के अंदर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए कहां की पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कारण पूरे पश्चिम बंगाल को आतंकवादियों और बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों के हवाले कर दिया है जो पूरे पश्चिम बंगाल के अंदर खुलेआम नंगा नाच कर रहे हैं पश्चिम बंगाल में हिंदू महिलाओं के साथ खुलेआम दुर्व्यवहार एवं चीर हरण का कार्य हो रहा है लेकिन मुस्लिम वोट बैंक के कारण एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने में असफल है, बल्कि उनके संरक्षण में आतंकवादियों एवं टीएमसी के गुंडो द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं उनके इज्जत एवं जान माल की भी लूटपाट की जा रही हैं ममता बनर्जी के इशारे पर प्रशासन मुख दर्शक बना हुआ है लगता है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल घटनाओं को रोकने में असक्षम और हर दृष्टिकोन से निकम्मी सरकार दिखाई दे रही है। इन सभी मामले को देखते हुए राष्ट्रपति से अपील की है कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू की जाय।

# खड़ार के दहवाही नाला पर चेक डैम का हुआ शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के चराई टू पंचायत अंतर्गत खड़ार गांव मे लघु सिचाई विभाग के द्वारा देहवाही नाला पर पक्का चेक डैम निर्माण कार्य के शिलान्यास कॉंग्रेस पार्टी के युवा नेता सह समाजसेवी प्रशांत किशोर के गरिमामय उपस्थित में हुआ। मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि 46 लाख की लागत से चेक डैम बनेगी। इस चेक डैम का शिलान्यास कार्य से किसानों की चेहर पर मुस्कुराहट नजर आया। अगर हम जल संचय कर ले तो यह किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान मे हेमंत सरकार की नेतृत्व वाली सरकार में किसान के प्रति काफी संवेदनशील है। राज्य के वित मंत्री सह विधायक श्री राधा कृष्ण किशोर के सोच है कि राज्य तब विकास करेगी जब यहा के किसान खुशिहाल होगें। इस मौके पर पलामू जिला के कॉंग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्री मिथलेश कुमार सिंह, छतरपुर नगर पंचायत निवर्तमान अध्यक्ष मोहन जायसवाल, अशोक सोनी, अलोक यादव, संतोष कुमार पाठक, राज कमल तिवारी, डगरा मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह, लाल विहारी यादव, सोनू सिंह, गुन कुमार, टॉन वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगी बसपा : अजय भारती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अम्बेडकर चौक पर लगे बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उनके माथा और पीठ पर बिंदिया सटा दिया है।इसके लेकर अंबेडकरवादी संगठनों व बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा काफी विरोध किया गया। बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने अम्बेडकर चौक पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। मौके पर बहुजन समाज पार्टी के जोन कोर्डिनेटर अजय भारती ने कहा की बहुजन समाज पार्टी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की अपमान नहीं सहेगी। बाबा साहेब की प्रतिमा पर अपमान की घटना के बाद सोमवार की शाम को विभिन्न संगठनों व बहुजन समाज पार्टी द्वारा कैंडल जला कर व नारेबाजी कर रोष जताया। इस घटना को अप्रिय बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की।रोष जताने के बाद बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष पियूष सुमन जोन कोर्डिनेटर अजय भारती, अम्बेडकर चेतना परिषद के अध्यक्ष विजय कुशवाहा, वीके रंजन सहित सात सदस्यीय टिम हुसैनाबाद थाना प्रभारी को एक आवेदन देते हुए आरोपियों पर कड़ी करवाई करने, डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की है। मौके पर सुरेश मेहता, राजकुमार, अंकित सुमन, लालू पासवान, दिनेश मेहता, मोती राम, सोनू कुमार, संतोष पासवान, आशीष सक्सेना सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## ट्रक-हइवा के बीच टक्कर, चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 22 दो घंटे जाम



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के जोरी मेन बाजार देवी मण्डप के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर सोमवार की अहले सुबह करीब 6 बजे ट्रक व हाइवा में टक्कर हो गई। जिससे दो घंटे मुख्य पथ पर जाम लग गई। हादसे में गनीमत रही कि दोनों वाहन के चालक और उप बाल - बाल बच गए। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के बीच सड़क में खड़े हो जाने से चतरा डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर दोनो तरफ से वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सुचना मिलते ही वशिष्ठ नगर जोरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मुख्य पथ के किनारे लगवाया। उसके बाद आवागमन चालू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चतरा की ओर से जबकि हाइवा हंटरगंज की ओर से आ रही थीं इसी बीच जोरी देवी मण्डप के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर पत्थर लदे हइवा के ड्राइवर को नींद आ जाने के कारण ट्रक से भिड़ंत हो गई। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने से बचें। जीवन अनमोल है। नशे व नींद में वाहन न चलाए। इसकी सुरक्षा हमसभी को स्वयं करनी होगी। ओवरटेक से बचें। सड़कों पर चलने के लिए सभी लोगों को जागरूक करें ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

# हरियाणा से काम कर वापस लौट रहे नवयुवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 12 के झगरुआ गांव निवासी भिखारी भुईयां के 18 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार की मौत हो गयी. मृतक चंदन हरियाणा में मजदूरी का काम करता था.चार माह बाद वह घर वापस आ रहा था.वापसी के दौरान पलामू एक्सप्रेस में ही उसकी तबीयत एकाएक बिगड़ गयी और वह अचेत हो गया. उसके साथियों ने गढ़वा रोड जंक्शन (रेहला स्टेशन) पर उसको अचेतावस्था उतारा और रेल अस्पताल ले गये.जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. घटना सोमवार देर रात दो बजे की है. मृतक चंदन अपने माता - पिता का इकलौता बेटा था. घटना के बाद से उसके माता पिता का रो - रो कर बुरा हाल है. खबर मिलते ही निवर्तमान पार्षद संजय बैठा मृतक के परिजनों से मिला कर उन्हें ढांढस बंधाया. उन्होंने दाह संस्कार के लिये अपने निजी खर्च से लकड़ी भी मंगवाया. श्री बैठा ने परिजनों को आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# भाजपा नेता डॉ. अजय प्रसाद गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद पलामू के भाजपा नेता डॉ अजय प्रसाद गुप्ता को एक समारोह में एरोजिना ग्लोबल युनिवर्सिटी से पीएचडी की मानक उपाधि से नवाजा गया। विदित हो कि डॉ अजय प्रसाद गुप्ता भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष हैं इन्होने सामाजिक कार्यकर्ता के रूप भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ एवं जूझारू कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते आ रहें हैं। इनके सराहनीय कार्य को देखते हुए एरोजिना ग्लोबल युनिवर्सिटी ने लीडरशिप विषय से पीएचडी की मानक उपाधि प्रदान किया है। डॉ अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मैं बाल्यकाल से आर एस एस का कार्य कर्ता हुं,संघ ने मुझे प्रारंभिक समय से सेवा करने केलिए सिखाया है, इस लिए मैं हर संभव मदद कर के लिए तत्पर रहुंगा।

# श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह द्वारा पिपरा में खोला गया पनशाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी स्थित प्रार्थना गृह द्वारा सोमवार को एन एच 75 किनारे पिपरा बाजार चौक के पास पनशाला खोला गया.जिसका उद्घाटन पंसस ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू ने किया. इससे पहले परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी और परमपूज्य गुरुदेव गुरूपद बाबा जी महाराज के चित्र समक्ष विशेष पूजा - अर्चना किया गया. समूह के सदस्यों द्वारा आज राहगीरों को लड्डू खिलाकर पानी पिलाया गया. ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है.समूह के सदस्य रामलखन पांडेय ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर को सच्ची पूजा है. उन्होंने बताया कि समूह द्वारा अभी कई चौक चौराहों पर और पनशाला खोला जायेगा. मौके पर विजय यादव, हलकानी राम, श्रीकांत मिश्रा, बिनोद पांडेय, चंद्रदेव साव, संजीत कुमार मिश्रा, साहेब राम, जवाहिर साव, हीरा लाल, पंकज कुमार, सनोज कुमार, दुखराज राम, देवकी साव, सतनारायण राम, कौशल कुमार, अजय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## जलडेगा में ईस्टर के अवसर पर विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन; फा जेवियर ने कहा - प्रभु येशु का पुनरुत्थान अद्भुत और प्रेरणादायक है

**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जलडेगा पल्ली स्थित संत वियन्नी चर्च में ईस्टर के पावन अवसर पर रविवार को विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मौक़े पर हजारों की संख्या में ईसाई श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ प्रभु येशु के पुनरुत्थान का पर्व मनाया। विशेष मिस्सा का अनुष्ठान जलडेगा भिखारिएट के डीन फा जेवियर,फा राजेन एवं फा गुलाब ने संपन्न कराया। मौक़े पर फा जेवियर ने अपने आशीष वचन में कहा कि हर समाज को अपने महत्व का पहचानना चाहिए उन्होंने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने कि प्रेरणा दी एवं कहा कि चालीस दिन के उपवास के बाद ईस्टर जीवन में नई ऊर्जा का संचार करने एवं प्रभु येशु के पुनरुत्थान कि एक अद्भुत एवं प्रेरणादायक घटना है। फा जेवियर ने कहा कि यदि जीवन में कोई बुराई या गलत संगति है तो हमें ईसा मसीह के पुनरुत्थान को स्मरण करते हुए बेहतर जीवन कि ओर अग्रसर होना चाहिए। वहीं फा राजेन ने अपने सन्देश में प्रभु के बलिदान एवं उनके सन्देश को ग्रहण करते हुए उसे जीवन में अपनाने कि बात कही। ईस्टर के अवसर पर रात्रि जागरण एवं भजनों से वातावरण भक्तिमय रहा। मौक़े पर हजारों कि संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

# कमांडर जीप की ज़ोरदार टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** थाना क्षेत्र अंतर्गत केतार पंडा नदी पुल पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मुकुंदपुर पंचायत के मायर गांव निवासी 45 वर्षीय प्रेमसागर सिंह और 19 वर्षीय संजीव सिंह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों एक ही बाइक से केतार से अपने गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात कमांडर जीप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे में प्रेमसागर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संजीव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार ने तत्काल घायल युवक को उप स्वास्थ्य केंद्र, केतार पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर देख उसे भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल और फिर गढ़वा रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में वंशीधर नगर के पास उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर थाना लाए। इस हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार जीप चालक की तलाश की जा रही है।

# एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एम.बी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी.पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक, आरती कुमारी व अश्विन पात्रो द्वारा पृथ्वी दिवस पर बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष पूरे विश्व में 55 वॉ पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ लोगों का ध्यान खींचना ताकि सभी जन मिलकर पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में अपना योगदान दें। विद्यार्थियों में इस विषय से संबंधित जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संबंधित विषय पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम व द्वितीय के नन्हे बच्चों के मध्य चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा प्रथम में अराध्या गुप्ता, श्रेया भगत, अर्पिता कुमारी, निहारिका रंजन, आकर्ष पंकज, अहान उरांव, अलीशबा, कोमल दीक्षित, अंजना कच्छप, अर्पित राज उरांव, आयुष उरांव, किआरा खखा, अलीशा केर्केटा, अंस रंजन, सिद्धि साहू, सूर्यश कुमार, साक्षी भगत, सानवी भगत, मिशती उरांव, प्रशांत उरांव, जुही रानी कक्षा द्वितीय में काव्या तरूशी, नमीरा साजिद, अलीका अंबर, अन्वी रानी, अमन उरांव, काश्वी कुमारी, प्रानवी प्रिया, प्रोतिष्ठा गोराई, रितिका किंडो, सेजल भगत, सांची कुमारी, शान्वी श्रेजल तथा अंशुमान पात्रो ने प्रथम स्थान अर्जित किया। कक्षा नौवीं व दसवीं के बच्चों के मध्य भी सेव अर्थ, सेव लाइफ विषय पर आधारित चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य विश्वकर्मा व तन्वी कुमारी ने प्रथम, रिम्स ईरम ने द्वितीय तथा आकांक्षा कुमारी व दिव्यता कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। मौके पर कक्षा आठवीं के छात्र यशराज ने अंग्रेजी में एवं गौतम कुमार साहू ने हिंदी में भाषण की प्रस्तुति की। इन प्रतियोगिताओं में शिक्षक शितेश कुमार पाठक, प्रमित कुमार, अश्विन पात्रो, सोमिता दास व रागिनी कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### ई-कल्याण विभाग द्वारा ऑनलाइन वेबिनार कार्यक्रम का होगा आयोजन

**रांची** : ई-कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा 24 अप्रैल 2025 को छात्रवृति वितरण प्रणाली तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य शैक्षणिक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में एक ऑनलाइन वेबिनार आयोजित की जाएगी। वेबिनार कार्यक्रम जूम मीटिंग के जरिए सम्पन्न होगी। यह जानकारी आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय द्वारा दी गई है। ई-कल्याण विभाग द्वारा इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं एवं आईएनओ को शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा एवं अन्य अधिकारी छात्र-छात्राओं एवं आईएनओ के जिज्ञासा तथा प्रश्नों का जवाब देंगे।

### हरि ओम टावर के एक ऑफिस में ईडी ने दी दस्तक

**रांची।** मंगलवार की सुबह रांची के हरिओम टावर स्थित राजवीर कंस्ट्रक्सन के ऑफिस में ईडी प्रवर्तन निदेशालय ने दस्तक दी। बताया गया कि जमीन घोटाले के मामले को लेकर छापेमारी हो रही है। राजवीर कंस्ट्रक्सन पर फर्जी ज़मीन की बिक्री का मामला सामने आया है, जिसको लेकर ईडी ने राजवीर कंस्ट्रक्सन के ऑफिस दबिश दी है। साथ ही यह जानकारी मिल रही है कि राजवीर कंस्ट्रक्शन ने फर्जी तरीके से जमीन बिक्री के दस्तावेज तैयार किए थे। मामला बोकारो के मौजा तेतुलिया क्षेत्र में 103 एकड़ संरक्षित वन भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त और धोखाधड़ी से अधिग्रहण से जुड़ा है। जमीन की खरीद में फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल और सरकारी नियमों की अनदेखी की बात भी सामने आई है। बता दे कि कुछ दिन पहले आयुष्मान योजना घोटाले का लेकर छापेमारी हुई थी।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित कांडों की किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार से डॉ0 संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान की अध्यक्षता में लैंगिक अपराध तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित लंबित कांडों, सीपीएमएस एप्लीकेशन द्वारा साक्षियों को माननीय न्यायालय में स-समय उपस्थापन एवं आपराधिक वादों में दोषमुक्ति संबंधी वादों में अपील दायर करने से संबंधित कांडों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई।



इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान के अतिरिक्त प्रियदर्शी आलोक, पुलिस उप-महानिरीक्षक, रेल एवं संध्या रानी मेहता, पुलिस उप-महानिरीक्षक अपअनुवि, झारखंड भौतिक रूप से उपस्थित रहे तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक / वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया। समीक्षा के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान ने महिलाओं के विरूद्ध होने वाले लैंगिक तथा पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज काण्डों के निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन हेतु व्यापक रूप से चर्चा की।

जिन जिलों के निष्पादन स्तर में कमी पाया गया उन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को कांड के निष्पादन हेतु कई बिन्दुओं पर निर्देश देते हुए कांड का निष्पादन त्वरित गति से करने एवं जिलों में प्रतिवेदित संवेदनशील कांडो की मॉनिटरींग करने के साथ सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक एवं क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक को भी अपने स्तर से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान द्वारा आपराधिक वादों में दोषमुक्त / कम सजा वाले वादों की समीक्षा हेतु जिला/ईकाई में कार्यरत स्ढ्ढक्क की स-समय समीक्षा करने के संबंध में सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया। सभी पुलिस उप-महानिरीक्षक को पिछले छः माह के आपराधिक मामले यथा-आर्म्स एक्ट/ साईबर काईम/एनडीपीएस / अन्य संवेदनशील कांडों, जिसमें अभियुक्त को दोषमुक्ति या कम सजा मिली है, उसकी भी समीक्षा करने एवं अपील योग्य कांडों में निर्धारित समयावधि में अपील दायर करने का निर्देश दिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान ने सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक को सीपीएमएस एप्लीकेशन द्वारा साक्षियों को माननीय न्यायालय में स-समय उपस्थित कराने हेतु विशेष रूप से निर्देश दिया। साक्षियों की गवाही न्यायालय में ससमय सुनिश्चित करने, विशेषकर पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों की गवाही न्यायालय में स-समय सुनिश्चित कराने तथा वैसे पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों जो न्यायालय में अपनी गवाही हेतु किसी विशेष कारणवश उपस्थित नहीं हो पाते हैं, उनकी गवाही वी0सी0 के माध्यम से कराना सुनिश्चित करेंगे। गवाही नहीं देने वाले पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई से पुलिस मुख्यालय को अवगत करायेंगे।

## फुटपाथ दुकान दार चबूतरा के लिए 29 अप्रैल तक आवेदन करें जमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम रांची क्षेत्र के मोरहाबादी मैदान में वेंडर्स के लिए बनाए गए वेंडिंग जोन आवंटित किया जाना है। रांची नगर निगम की ओर से दुकानदारों के द्वारा जमा किए जाने वाले आवेदन का प्रारूप जारी कर दिया गया है। निगम की ओर से आम सूचना जारी करते हुए कहा गया है कि रांची नगर निगम के मोरहाबादी स्थित बिजली ऑफिस के समीप वेंडर मार्केट जोन-02 में स्थानीय फुटपाथ विक्रेताओं को एक ही छत के नीचे बाजार उपलब्ध कराने के लिए वेंडर मार्केट का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित मार्केट में मोरहाबादी में व्यवसाय कर रहे स्थानीय फुटपाथ विक्रेता के बीच दुकान का आवंटन करने को लेकर निगम की ओर से कई शर्तें भी लागू की गई है। पहली शर्त यह है कि जिनका वर्ष 2016 में सर्वेक्षण हुआ है एवं सर्वेक्षित सूची में नाम है। वैसे दुकानदारों को दुकान मिलेगी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पंजीकृत वेंडर हैं उनको भी दुकान आवंटित की जाएगी, निगम कार्यालय से वेंडर आईडी कार्ड और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले वेंडर को लाभ मिलेगा, निगम के द्वारा 5 मार्च 2022 के आलोक में वैसे वेंडर जो मोरहाबादी मैदान में अपना व्यवसाय करते थे एवं जिन वेंडरों को रांची नगर निगम द्वारा एमटीएस एवं रजिस्ट्री ऑफिस के पास अस्थायी तौर पे पुर्नवासित किया गया था उन सभी के बीच नवनिर्मित स्थल का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाना है। निगम की ओर मोरहाबादी स्थित व्यवसाय कर रहे वैसे फुटपाथ विक्रेता जो उक्त में वर्णित किसी भी सूची में शामिल हो, वो नवनिर्मित मार्केट में स्थल प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए सर्वेक्षण पावती की प्रति के साथ एवं पहचान दस्तावेज यथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड एवं पासपोर्ट साईज फोटो इत्यादि के साथ 23 अप्रैल 2025 से 29 अप्रैल 2025 तक रांची नगर निगम कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित डे-एनयूएलएम शाखा के काउंटर पर अपना आवेदन जमा करना सुनिश्चित करेंगे। आवेदन के प्रारूप में स्वघोषणा भी करनी होगी।

# राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक आयोजित हुई है। बैठक की शुरुआत अध्यक्ष झारखंड विधानसभा सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखण्ड शाखा रबीन्द्रनाथ महतो ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य से शुरू की। सी पी ए झारखंड शाखा के पूर्व सदस्य कृष्णानंदन झा एंव बच्चा सिंह के निधन पर दो मिनट मौन धारण भी किया गया । अध्यक्ष ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की स्थापना एवं संगठन की भूमिका के संबंध में कहा कि वर्ष 1911 में गठित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ 56 देशों का भव्य संगठन बनकर उभरा है जो संयुक्त राष्ट संघ के



बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन है ,सुशासन लोकतंत्र एवं मानव अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए तथा क़ानून निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है । अध्यक्ष ने यह भी कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे बड़े संगठन में हम अपनी उपस्थिति दर्ज कराने तक सिमित न होकर,ऐसे सम्मेलन से राष्ट की तरक़्क़ी में हम अपनी भागीदारी किस तरह निभा पाये इस पर भी हमें सोचना चाहिए। आगामी सम्मेलन के संबंध में उन्होंने बैठक में जानकारी दी कि 06 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक सीपीए का 68 वाँ सम्मेलन सम्मेलन बारबाडोस में आयोजित होगी । प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा सह सचिव राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा माणिक लाल हेम्ब्रम बैठक में वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किए एवं जानकारी दी कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के सदस्यों की संख्या वर्तमान में 137 है।उक्त बैठक में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर , मंत्री दीपक बिरूवा, सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिंह , सदस्य जनार्दन पासवान, सदस्य डॉक्टर नीरा यादव, सदस्य निरल पूरती, सदस्य उमाकांत रजक, सदस्य रामचंद्र सिंह, पूर्व सदस्य दिनेश उराँव, पूर्व सदस्य शशांक शेखर भोक्ता, पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह सहित सी पी0 ए झारखंड शाखा से जुड़े माननीय सदस्य उपस्थित रहे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने सफल महाधिवेशन के लिए विनोद पांडे को दिया मुबारकबाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा का 14 से 15 अप्रैल दो दिवसीय महाधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न होने को लेकर रांची महानगर के झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महा सचिव विनोद पांडेय को कार्यालय में जाकर गमछा , पुष्प गुच्छ और पौधा देकर मुबारकबाद दिया । मुख्य रूप से पूर्व महानगर प्रवक्ता जीत गुप्ता ,पूर्व रांची जिला युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष अजीत नायक ,अकबर कुरैशी, अजीत लाकड़ा, आयुष वर्मा मौजूद थे। जीत गुप्ता ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम रांची के शहीद टाना भगत इंडोर स्टेडियम में काफी भव्य और सफल आयोजन हुआ था । जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया है। हम लोगों के लिए गर्व की बात है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा न सिर्फ झारखंड बल्कि दूसरे राज्यों में भी अपना वर्चस्व बढ़ा रहा है और हर कोई झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामने के लिए भी बेताब है।

## कांके डैम का रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद सह देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांके डैम की स्थिति का निरीक्षण किया और उसकी चरणबद्ध और समयबद्ध साफ सफाई के लिए नगर निगम के अधिकारियों एवं सीसीएल के अधिकारियों के साथ कांके डैम के फिलट्रेशन प्लांट और उसके इर्द गिर्द जायजा लिया। संजय सेठ ने वहां की स्थिति देखकर चिंता जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितना जल्दी हो सके एक वर्क प्लान बनाया जाए। सेठ को



डैम की स्थिति की जानकारी देते हुए कांके डैम संरक्षण समिति और रांची शहर नागरिक मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने बताया कि यह डैम चूंकि जल संसाधन विभाग के अंदर आता है लेकिन पानी की जरूरत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग देखता है वहीं नगर निगम इसकी साफ सफाई की व्यवस्था देखता है इसलिए जब-तक तीनों के बीच एक समन्वय स्थापित नहीं होगी तब एक दूसरे को आरोप देना और काम को लापरवाही तथा गैरजरूरी मानना जारी रहेगा। इसपर संजय सेठ जी ने सभी विभागों और स्टेक होल्डर की कमिटी बनाने और संयुक्त योजना बनाकर अगले दो महीने में डैम की सफाई और गाद निकालने का निर्देश दिया। सेठ ने यहां तक कहा कि यदि मशीनरी या पैसे की जरूरत है तो हम उपलब्ध कराऐंगे लेकिन काम जरूर होना चाहिए।

## झारखंड में सरकार के प्रबल प्रयास से महिलाएं हो रही है सबलः शिल्पी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो और मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में महिलाओं के बीच सिलाई मशीन , आपदा राहत कोष , सड़क दुर्घटना के आश्रितों को मुआवजा , अलवृष्टि से नुकसान का मुआवजा , बिरसा हरित ग्राम योजना सहित दूसरी योजनाओं का वितरण किया . इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के कथन को आज याद रखने की जरूरत है . उन्होंने कहा था समाज का विकास उस समाज में महिलाओं की स्थिति से परखा जाता है। आज झारखंड में सरकार के प्रबल प्रयास से महिलाएं सबल हो रही है ।राज्य सरकार की योजनाएं महिलाओं के लिए सम्मान के तौर पर है । कल्याण विभाग के सौजन्य से सिलाई मशीन के वितरण को गंभीरता से लेने की जरूरत है। अगर राज्य की महिलाएं सामूहिकता के साथ स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाती है तो ये रोजगार के क्षेत्र में उनकी स्वतंत्र पहचान स्थापित करेगा । उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार की जिन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलने जा रहा है वो इसको लेकर अनभिज्ञ है . लाभुकों को इस बात की जानकारी तक नहीं है कि उनके बैंक खातों में आपदा राहत कोष का लाभ जा रहा है। चान्हो प्रखंड कार्यालय के छ्वस्ष्ठक्र सभागार में 36 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया । इसके अलावा आपदा राहत कोष , सड़क दुर्घटना के आश्रितों के बीच चेक का वितरण किया गया । वही मांडर में 40



महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया । वही बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया । इस मौके पर दोनों ही प्रखंड के बीडीओ, सीओ सहित कई लोग मौजूद थे।

## फैंटेसी कल्चरल एकेडमी में पेंटिंग, डांस का दिया जायेगा प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व उपमहापौर रांची के अजय नाथ शाहदेव ने फैंटेसी कल्चरल एकेडमी के सेक्टरङ्क03 एच.ई.सी कॉलोनी ब्रांच का उद्घाटन किया।मौके पर उन्होंने एकेडमी की निदेशिका केया घोष , जिनिया घोष एवं उनकी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अजय नाथ शाहदेव ने कहा की बच्चों के सर्वांगीण विकास के पढ़ाई के साथ साथ एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटी भी काफी जरूरी है। मैं चाहता हूं की हमारे झारखण्ड के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त कर हमारे देश और राज्य का नाम रोशन करें। फैंटेसी कल्चरल एकेडमी की निदेशका केया घोष एवं जिनिया




घोष ने बताया की एकेडमी में पूर्व उपमहापौर रांची अजय नाथ शाहदेव ने फैंटेसी कल्चरल एकेडमी के सेक्टरङ्क03 एच.ई.सी कॉलोनी ब्रांच का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने एकेडमी की निदेशिका केया घोष , जिनिया घोष एवं उनकी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया।फैंटेसी कल्चरल एकेडमी की निदेशका केया घोष एवं जिनिया घोष ने बताया की एकेडमी में क्लासिकलङ्कवेस्टर्न नृत्य, संगीत, पेंटिंग, फाइन आर्ट, जुंबा, एरोबिक्स इत्यादि बच्चों और महिलाओं को सिखाया जाएगा।

# भारत में 8 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति है : दुष्यंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज वक्फ (संशोधन )संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले जागरण अभियान की प्रदेश टोली, प्रदेश पदाधिकारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी सहित विभिन्न मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष , और पार्टी के जिलाध्यक्ष गण शामिल हुए।बैठक का संचालन जागरण अभियान के प्रदेश संयोजक कमाल खान ने,धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक अमर कुमार बाउरी ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवम अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी दुष्यंत गौतम ने वक्फ संशोधन अधिनियम की बारीकियों,संशोधन से होने वाले लाभ पर विस्तार से प्रकाश डाला। गौतम ने कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है जिसे भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत मान्यता प्राप्त है। इसमें इस्लामी कानून के तहत पवित्र,धर्मार्थ कारणों से किए गए सभी दान शामिल हैं।कहा कि 2018 की केंद्रीय वक्फ बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 8लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति है जिसकी कीमत 10लाख करोड़ से अधिक है।कहा कि बावजूद इसके आज 31त्न मुसलमान गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने को मजबूर हैं। वक्फ संपत्ति से गरीब मुसलमानों



केलिए की कुछ नहीं किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वक्फ की जमीन को लुटेरों से बचाने केलिए वक्फ संशोधन अधिनियम लाया गया है।कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्वभाव है दुष्प्रचार करना। पहले सीएए के बारे में,तीन तलाक के बारे में दुष्प्रचार किया।संविधान के बारे में दुष्प्रचार किया। कहा कि कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी में आसमान जमीन का अंतर है।कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 2013 में किया गया वक्फ बोर्ड संशोधन नैसर्गिक न्याय के खिलाफ था।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी जनता के बीच संपर्क संवाद के माध्यम से वक्फ संशोधन कानून को लेकर जनता के बीच जाएगी। कार्यशाला में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,जागरण अभियान के प्रभारी प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह ,राकेश प्रसाद ,नीलकंठ सिंह मुंडा,विकास प्रीतम,आरती कुजूर, गणेश मिश्र,दुर्गा मरांडी,सुनीता सिंह सरोज सिंह ,मनोज महतो,आरती सिंह,पवन साहू,अमरदीप यादव, किशुन दास,शशांक राज, अनवर हयात,शिवपूजन पाठक ,प्रतुल शाह देव ,रमाकांत महतो, अविनेश कुमार सिंह, विजय चौरसिया, राफिया नाज,अशोक बड़ाइक,सोना खान, सुधीर श्रीवास्तव ,तारिक इमरान आदि उपस्थित थे।

# रिम्स निदेशक ने मंत्री का जताया आभार

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** रिम्स निदेशक के पद से हटाए गए राजकुमार के बाद गायिनी विभाग की पूर्व एचओडी डॉ शशि बाला सिंह को रिम्स निदेशक का प्रभार दिया गया है। हालांकि पूर्व निदेशक राजकुमार ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है और बिना कोई जानकारी दिए पद से हटाने का भी आरोप लगाया है।

2000 में इंटरशीप किये थे इरफान–

रिम्स प्रभारी निदेशक बनाए जाने पर डाक्टर शशि बाला सिंह ने सभी विभाग के चिकित्सकों के साथ बैठक की और कहा की व्यवस्था कैसे सुधारे इस पर सभी सुझाव दें । इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवास पर पहुंची और उन्हें बूके देकर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि डॉक्टर शशि बाला सिंह झारखंड की हैं, जमीन से जुड़ी हुई हैं और इन्होंने मुझे पढ़ाया भी है, मैं इनका छात्र भी रहा हूं। और मैं जानता भी हूं कि यह बहुत अच्छे तरीका से रिम्स को सुधार सकती हैं। इसलिए मैंने इन्हें जिम्मेदारी दी है



और उम्मीद है की व्यवस्था सुधरेगी । गरीब का इलाज बेहतर तरीके से होगा। हर वर्ग का ख्याल रिम्स में रखा जाएगा । किसी तरह का किसी को कोई परेशानी नहीं होगी , मुझे ऐसा विश्वास है । वहीं प्रभारी निदेशक डा शशि बाला सिंह ने भी यह स्वीकार करते हुए कहा कि मैं एक शिक्षक रही हूं और मंत्री इरफान अंसारी हमसे शिक्षा प्राप्त भी की है। जहां तक मुझे जो रिम्स की जिम्मेदारी मिली है, रिम्स की स्वास्थ्य चिकित्सा को लेकर मैं पहले भी गंभीर थी आज भी गंभीर हूं और जो जिम्मेदारियां मिली है उन जिम्मेदारियां को पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगी। रिम्स में किसी भी तरह का शिकायत नहीं मिले यह हमारी प्राथमिकता में होगी। बताया गया कि सन् 2000 में इरफान अंसारी इंटरशीप किये थे, तब शिक्षिका डा शशि बाला सिंह थी।

## नागरिक सहायता केंद्र की मदद से मगरु को मिला वृद्धापेंशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सरकारी प्रक्रियाओं की जटिलता के कारण लाभुकों को उचित समय में सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है, जिसके कारण उनका जीवन पर सीधा असर पड़ता है। ऐसा ही मामला गुमला जिला के पालकोट ब्लॉक के गांव डोका टोली गांव का आया। 18 साल पहले मंगरु केशरी की धर्मपत्नी का निधन हो गया। तो उनके जीवन में त्रासदी आई और उन्हें अपने तीन छोटे बच्चों की देखभाल करनी पड़ी। ऐसा लगा जैसे किस्मत में कुछ क्रूर हास्य था, मंगरू की आँखों में मुसीबतें आने लगीं, जिससे उनके दिन संघर्षपूर्ण हो गए। जैसे-जैसे साल बीतते गए, उनके बच्चे बड़े हो गए। उनकी शादी हो गई और वे अपने जीवन में व्यस्त हो गए। वह खुद के लिए जीविकोपार्जन करने में असमर्थ हो गए। मंगरू को ब्लॉक कार्यालय में अपने वृद्धावस्था पेंशन आवेदन के लिए लगातार अस्वीकृति का सामना करना पड़ा, जिससे वह गहरी चिंता में पड़ गए। पेंशन न मिलने का विचार और जीवित रहने की अनिश्चितता ने उनकी आजीविका पर भारी असर डाला। लेकिन जब उसके इस मामले के बारे में प्रोफेशन असिस्टेंस फोर डेवलपमेंट एक्शन संचालित नागरिक सहायता केंद्र की जानकारी मिली, तो उन्होंने मंगरु की मदद करनी की सोची और थोड़ी सी पहल पर मंगरु तक सरकार की योजना का लाभ मिलने की उम्मीद हो गई।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## राढ़ु नदी पुल का निरीक्षण करने पहुंचे खनन विभाग के डीएमओ



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को रांची खनन विभाग के डीएमओ अब्बू हसन सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव सिल्ली सीओ अरुणिमा एक्का एवं सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के साथ राढू नदी पुल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान डीएमओ ने बताया की लोकल पेपर के माध्यम से छपी आर्टिकल के आधार पर हमने निरीक्षण करने पहुंचे जिसमें लिखा था राढू नदी पुल संकट में है अवैध खनन से प्रशासन के निष्कर्ता पर सवाल खड़ा किया गया था संबंधित उच्च अधिकारी के द्वारा मिली निर्देश के अनुसार सिल्ली के राढू नदी पुल आकर हमने देखा और जांच किया। पुल 2002 में बना है और कुछ बालू उठाव के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है मगर पुल के आगे और पीछे अवैध बालू का उत्खनन नहीं किया जा रहा। इस दौरान अगर अवैध बालू का कोई भी व्यक्ति उत्खनन कर रही है तो इस पर प्रशासन की नजर है और इस पर जल्द छापामारी कर कार्रवाई करेगी।

## कोयलांचल के राय पंचायत में हुई झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक, कमेटी का हुआ गठन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत में मंगलवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड संयोजक मंडली की एक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख अनिल पासवान और संचालन राजेश गोप ने किया।इस बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने एवं सदस्यता अभियान चलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राय पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर के प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता काम कर रहा है।गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजना का लाभ मिले यह दीशुम गुरु शिबू सोरेन का सपना है।बैठक में कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा राय पंचायत को मजबूत कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करने का आहवान किया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से राय पंचायत कमेटी का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष अलीना बानो,सचिव रीता देवी,कोषाध्यक्ष मोहमद कमरुद्दीन अंसारी,संगठन सचिव सीमा देवी,उपाध्यक्ष आसिश कुमार केसरी,सह सचिव साजिद अख्तर को बनाया गया।वही अरुणा एक्का,वलीमा खाँतुन, समाप्रवीण,अस्मिता खाँतुन, मोनिता कुमारी,सुनीता देवी, मोनिका देवी को को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।इस बैठक में संयोजक मंडली प्रमुख अनिल पासवान,सुनील यादव, राजेश गोप,चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू,रीतम कुमारी,सुरैया बानो,बमने पंचायत अध्यक्ष उमा देवी सहित पार्टी के कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड में सरकार के प्रबल प्रयास से महिलाएं हो रही है सबल : शिल्पी नेहा तिर्की



**मांडर/ चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो और मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में महिलाओं के बीच सिलाई मशीन , आपदा राहत कोष , सड़क दुर्घटना के आश्रितों को मुआवजा , अलवृष्टि से नुकसान का मुआवजा , बिरसा हरित ग्राम योजना सहित दूसरी योजनाओं का वितरण किया . इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के कथन को आज याद रखने की जरूरत है . उन्होंने कहा था ꠹꠹ समाज का विकास उस समाज में महिलाओं की स्थिति से परखा जाता है ꠹꠹ . आज झारखंड में सरकार के प्रबल प्रयास से महिलाएं सबल हो रही है . राज्य सरकार की योजनाएं महिलाओं के लिए सम्मान के तौर पर है . कल्याण विभाग के सौजन्य से सिलाई मशीन के वितरण को गंभीरता से लेने की जरूरत है . अगर राज्य की महिलाएं सामूहिकता के साथ स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाती है तो ये रोजगार के क्षेत्र में उनकी स्वतंत्र पहचान स्थापित करेगा . महिलाएं बेहतर ट्रेनिंग के साथ सहकारी समिति से जुड़ कर अपना भविष्य खुद संवार सकती है . समाज में कई मौके ऐसे आते है जब महिलाएं सामूहिक रूप से काम करते हुए पैसे कमा सकती है . उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार की जिन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलने जा रहा है वो इसको लेकर अनभिज्ञ है . लाभुकों को इस बात की जानकारी तक नहीं है कि उनके बैंक खातों में आपदा राहत कोष का लाभ जा रहा है . इसके लिए प्रखंड के अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वहन करना होगा . लाभुकों की सूची सूचना पर लगानी होगी , ताकि सरकारी योजना मिलने का इंतजार कर रहे ग्रामीणों समय इसकी जानकारी मिल सके . चान्हो प्रखंड कार्यालय के छ्सस्ब्कर सभागार में 36 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया . इसके अलावा आपदा राहत कोष , सड़क दुर्घटना के आश्रितों के बीच चेक का वितरण किया गया . वही मांडर में 40 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया . वही बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया . इस मौके पर दोनों ही प्रखंड के ब्क्ष्ठह , ष्टह के साथ ट्ठ साथ अंचल अधिकारी मौजूद थे . वही कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक , मुखिया शिव उरांव , अब्दुल्ला अंसारी , यास्मीन , सरिता देवी , अजीत सिंह , दिलीप सिंह , जमिल मल्लिक सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## वक्फ बचाव संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए मंत्री व विधायकों को किया गया आमंत्रित



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: 26 अप्रैल को चान्हो के बलसोकरा में वक़्फ़ बचाव संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री इरफान अंसारी और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ओ कांग्रेस नेता बंधु तिर्की कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार बैठा को आयोजकों के द्वारा शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। मंगलवार दोपहर 3 बजे जानकारी देते हुए समाजसेवी मोहम्मद मुजीबुल्लाह ने कहा कि वक़्फ़ कानून 2025 का जिन दलों के नेताओं ने विरोध किया है उन दलों के नेताओं को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है वहीं झारखंड बिहार उड़ीसा के अमीर ए शरीयत मौलाना सैयद फैसल वाली रहमानी भी कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अंजुमनों व कई सामाजिक संगठनों का भी साथ मिल रहा है यह कार्यक्रम क्षेत्र का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा जिससे सरकार को भी असर डालेगा।

# भीषण गर्मी की चपेट मे आया पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र

## क्षेत्र के सभी नदी,तालाब सूखने से गहराया पेयजल संकट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार** : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे भीषण और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है।गर्मी के आक्रमक रूप से हर कोई परेशान है।सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है,जिसके कारण चौक चौराहो व बाजारो मे सन्नाटा पसरा हुआ रहता है।गर्मी मे कड़ी धूप के साथ चल रही लू ने लोगो को घरो मे कैद कर रख दिया है।इधर गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों पर देखी जा रही है।सुबह स्कूल जाने मे तो कोई दिक्कत नही हो रही है,लेकिन स्कूल से घर आने मे बच्चों के पसीने छुट रहे है।स्कूली बच्चे



चिलचिलाती धूप का सामना कर घर पहुंच रहे है,जिससे अब अभिभावको की चिंता बढ़ने लगी है।इधर कोयला खदानो मे काम करने वाले कोयला मजदूरो को भी खदान क्षेत्र मे काम करने मे पसीने छुट रहे है।कोयलांचल क्षेत्र के तापमान मे लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, ऐसे मे लोगो की मुश्किले भी बढ़ती नजर आ रही है।स्थानीय लोगो का मानना है कि कई वर्षो के बाद अप्रैल माह मे भीषण गर्मी देखने को मिला है।लोगो का कहना है कि आने वाले दिनो मे गर्मी का क्या रूप होगा भगवान ही जाने।फिलहाल कोयलांचल के लोग सभी प्रकार के उपाय कर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे है।वही गर्मी के कारण क्षेत्र के सभी प्रमुख नदी,तालाब, कुंआ,नाला सूख चुकी है जिसके कारण ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट गहरा गया है।बचरा दामोदर और बचरा सपही नदी से कोयलांचल क्षेत्र के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति की जाती है।ऐसे में दोनों नदी सूख जाने के कारण ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित है और उक्त गांव में पेयजल संकट गहरा चुका है।वहीं गांव में कुआं भी सूखने की कगार पर है,जबकि कई चापाकल खराब पड़े हुए हैं।ऐसे में आगामी दिनों में उक्त गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो सकती है।बचरा दामोदर नदी मे भी पेयजल की समस्या से निपटने के लिए चेकडैम का निर्माण कार्य किया जा रहा है।गर्मी मे पानी की समस्या को दुर करने के लिए स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के द्वारा भी सभी तरह के प्रयास किया जा रहा है।

# पोषण पखवाड़ा 2025 का भव्य समापन समारोह संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूँटी** : प्रशासन (समाज कल्याण शाखा) खूँटी द्वारा पोषण पखवाड़ा 2025 का समापन समारोह का आयोजन समाहरणालय खूँटी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त लोकेश मिश्रा शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चले इस पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों में मिलेट्स और मोटे अनाज से बने पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शित कर पोषाहार के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। समापन समारोह के दौरान भी समाहरणालय परिसर में मिलेट्स, मोटे अनाज एवं विभिन्न साग-सब्जियों से बने विविध प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे उपायुक्त द्वारा निरीक्षण कर सराहा गया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर तैयार इन व्यंजनों को पोषण के क्षेत्र



में एक सशक्त पहल बताया। पोषण पखवाड़ा समापन समारोह के दौरान जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण उपायुक्त द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले के कुल 840 आंगनबाड़ी की सभी सेविका को सरकार द्वारा यह स्मार्टफोन का लाभ दिया गया है। उपायुक्त ने सेविका द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा और कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से पोषण ट्रैकर में योग्य गर्भवती, धात्री महिलाएं, 0-3 वर्ष एवं 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रविष्टि समय पर दर्ज की जाए। इसके अलावा, आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी पोषण ट्रैकर में ऑनलाइन ससमय अपलोड की जाए। आगे उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह से सशक्त हो। समारोह में पोषण पखवाड़ा के दौरान आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुरहू की सेविका को प्रथम, कर्रा की सेविका को द्वितीय एवं अड़की की सेविका को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उपायुक्त द्वारा सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कुपोषण मुक्त झारखंड का निर्माण करना। इसके लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर पोषाहार को जन-जन तक पहुँचाएं और विशेष रूप से गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं बच्चों को पोषाहार अपनाने के लिए प्रेरित करें।÷ केवल पोषण पखवाड़ा की अवधि में हीं नही बल्कि पोषण पखवाड़ा के बाद भी हम लोगो को पोषण के प्रति जागरूक करें। समारोह में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा, सी0डी0पी0ओ, एल0एस एवं आंगनबाड़ी सेविका, उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: 10 मई 2025 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर आज दिनांक-22.04.2025 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में प्रधान जिला जज के चेंबर में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें एवं वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है वह भी अपने-अपने वादों का निष्पादन कर सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की है कि वह मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय आवश्यक पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामले का जल्द से जल्द निष्पादन कराएं। राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक लगातार हो रही है और कुछ-कुछ मामलों का निष्पादन प्री कोंसिलिएशन बैठकों पिछले 10 मार्च 2025 से ही जारी है इसलिए किसी भी कार्य दिवस के दिन आकर मामलों का निष्पादन करावें।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ‘अर्थ डे’ पर रंगारंग प्रस्तुति




प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम** : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में अर्थ डे के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन उल्लास, श्रद्धा और सजीवता से परिपूर्ण था। कार्यक्रम की शुरुआत एक शांतिपूर्ण प्रार्थना से हुई, जिसके बाद स्कूल के क्वायर ग्रुप द्वारा एक मधुर भजन प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को संगीतमय और प्रेरणादायक बना दिया। ‘आज के विचार’ ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि पृथ्वी की रक्षा में हमारी व्यक्तिगत भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। इसके पश्चात एक भावनात्मक गीत और एक आकर्षक नृत्य-नाटिका का मंचन किया गया, जिसमें धरती की सुंदरता और उसे बचाने की आवश्यकता को सुंदरता से दर्शाया गया। शिक्षिका द्वारा दिए गए भाषण ने छात्रों को सतत विकास और पर्यावरण-संवेदनशील जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सरल उदाहरणों से समझाया कि छोटे-छोटे बदलावों से भी हम प्रकृति के प्रति अपना कर्तव्य निभा सकते हैं। इस अवसर पर रचनात्मक गतिविधियों की भी भरमार रही। विद्यार्थियों के लिए इंटरहाउस सैंड पेंटिंग प्रतियोगिता और प्रेरणादायक नाटक का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में छात्रों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया, और अपनी कला व सोच से पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में कहा, ÷मां धरती की सुरक्षा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन बच्चों के मन में प्रकृति के प्रति प्रेम और संरक्षण की भावना को मजबूती प्रदान करते हैं।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया अर्थ डे,बच्चो को दी गई जानकारी



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को अर्थ डे मनाया गया। विद्यालय के शिक्षक एसके पांडेय ने स्कुली बच्चों को अपनी पृथ्वी को बचाने के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने प्रत्येक दिन की गतिविधियों के बारे में बताया जैसे प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने,जल का संरक्षण करने, विद्युत का संरक्षण,सौर ऊर्जा का प्रयोग सहित अन्य बातों की विस्तार से जानकारी दी।साथ ही इसके तहत विद्यालय में 10꞉30 बजे प्रातः से 10꞉50 बजे प्रातः तक बिजली को बंद कर विद्युत का संरक्षण कर पृथ्वी को बचाने की पहल की गई।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र मोबाशशिर इकबाल और कक्षा दूसरी के छात्र अविक घोष ने पृथ्वी को बचाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय के बारे में बताया।शिक्षक एसके पांडेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्कूली बच्चों को पृथ्वी से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है।इस अवसर पर शिक्षक एसके पांडेय,एके लाल,एपी द्विवेदी, सीएस सिंह,एके घोष,राकेश कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# पोषण पखवाड़ा के तहत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी** : उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश के अनुसार पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया . इस सभा मे कक्षा पाँच के विद्यार्थियों ने वर्ग शिक्षिका मैडम रीता के मार्गदर्शन में पोषण संबंधी जानकारी दी गई. विद्यार्थियों ने अंकुरित चना , मूंग , खीरा , केला , अंगूर , अनार , नारंगी , संतरा आदि से सलाद तैयार किया जिसका सभी ने मिलकर आनंद उठाया .इसके अलावा आज विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस भी मनाया गया, जिसमें कक्षा नौ के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें शिक्षक विशाल शर्मा ने होस्ट की भूमिका निभाते हुए पाँच राउंड में इसे समाप्त किया . इस प्रतियोगिता में




प्रथम स्थान पर फादर जॉन लैंबर्ट्स , द्वितीय स्थान पर संत उर्सुला और तृतीय स्थान पर संत जेवियर हाउस रहे . इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सिस्टर निर्मला सैमुएल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को सदा पौष्टिक एवं संतुलित भोजन करना चाहिए . जंक फूड से हमेशा दूर रहें तथा प्रतिदिन कसरत करें . इससे शरीर एवं मस्तिष्क स्वथ्य रहता है जिसमें विद्यार्थियों को पढ़ाई में फोकस करने में मदद मिलती है. उन्होंने कक्षा नौ के विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारी पृथ्वी को बचाने की जिम्मेदारी हम पर ही है . प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने चाहिए क्योंकि वृक्ष ही जीवन है. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का सिल्ली विधानसभा दौरा कल

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज को सिल्ली विधानसभा का दौरा करेंगे।इस दौरान वे सिंगपुर में एक राष्ट्र एक चुनाव पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने दी उन्होंने बताया कि दौरा के क्रम में सिल्ली स्थित साहेब बांध का निरीक्षण भी करेंगे तथा मांगलिक कार्यों में शामिल होंगे।

## बिना आंधी तुफान के बिजली गुल, ग्रामीण परेशान

**सिल्ली** : सिल्ली मुरी क्षेत्र में कुछ दिनों से बिजली की आंख मिचौली का खेल शुरू हो गया है। एक तो उमस भरी गर्मी ऊपर से बिजली की आंख मिचौली लोग ना घर में रह पा रहे हैं ना बहार ही रह पा रहे हैं। छोटे छोटे बच्चों को भी काफी परेशानी हो रही है। सिल्ली मुरी क्षेत्र में गर्मी आते ही बिजली का खेल शुरू हो जाता है।24 घंटे में सिर्फ 2 ही घंटे बिजली उपलब्ध मिलती है।इस दौरान क्षेत्र के लोग इस बिजली कि आंख मिचौली से काफी परेशान हैं।

# स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा : निर्माण कार्य में तेजी लाने और नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-ए.बी.एच.आई.एम) और 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य उप केन्द्रों और ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स के निर्माण कार्यों की प्रगति पर गहन चर्चा की गई।

उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जिन योजनाओं का निर्माण कार्य अपूर्ण है, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि जिन यूनिट्स का निर्माण पूरा हो चुका है, उनका संचालन जल्द से जल्द शुरू किया जाए और इसे योजनाबद्ध तरीके से चलाने की दिशा में कदम उठाए जाएं। बैठक में यह भी बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर 2024-25 तक 13.87 करोड़ रुपये की लागत से 52 स्वास्थ्य उप केन्द्रों का निर्माण स्वीकृत किया गया था। इनमें से 29 योजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष योजनाओं में निर्माण कार्य जारी है। कुछ योजनाओं में भूमि की उपलब्धता और तकनीकी कारणों से देरी हो रही है, जिनका समाधान शीघ्र निकालने की बात उप विकास आयुक्त ने कही। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कुल 8 योजनाओं में से 5 पर निर्माण कार्य जारी है, जबकि 2 योजनाओं का हैंडओवर जल्द ही किया जाएगा। एक योजना का शिलान्यास भी किया जाना है, जिसे उप विकास आयुक्त ने जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, जिला अभियंता और अन्य तकनीकी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने योजनाओं की साप्ताहिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों से संबंधित दस्तावेजों और उपयोगिता प्रमाण पत्रों की जल्द समर्पण की बात कही।

## लोयोला के पूर्व छात्र ऋत्विक को यूपीएससी में 115वीं रैंक, अधिवक्ता पप्पू ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में जमशेदपुर के ऋत्विक ने ऑल इंडिया 115वीं रैंक हासिल कर शहर और राज्य का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऋत्विक अब आईएएस बनकर देश सेवा करेंगे। लोयोला स्कूल के पूर्व छात्र ऋत्विक ने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से भूगोल में स्नातक किया और दिल्ली से ही तैयारी की। वे पूर्व में यूपीएससी 2023 में आईपीएस के लिए चयनित हो चुके हैं और वर्तमान में हैदराबाद की पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग ले रहे हैं। ऋत्विक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता प्रियंका वर्मा और अजय कुमार को दिया है। उल्लेखनीय है कि उनके छोटे भाई वेदान्त मेहता ने एनडीए परीक्षा में ऑल इंडिया 29वीं रैंक हासिल की थी और सेना में कैप्टन के पद पर कार्यरत हैं।

## नरभेराम स्कूल में अर्थ डे पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** नरभेराम हँसराज इंग्लिश स्कूल में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस वर्ष की थीम ऑर पावर, ऑर प्लैनेट रही। स्कूल में सप्ताह में दो बार पाँच मिनट के लिए बिजली बंद रखने और छात्रों की बोतलों में बचा पानी पौधों को देने की पहल की गई। जूनियर सेक्शन के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं सीनियर सेक्शन के विद्यार्थियों ने साइंस क्लब द्वारा आयोजित क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लिया। विज्ञान क्लब की टीचर्स मंजू वी और शिखा ने आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। प्राचार्या परमिता रॉय चौधरी ने छात्रों को पृथ्वी बचाने के लिए प्रेरित किया।

## करीम सिटी कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर सेमिनार




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह रही। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. आले अली, भूगोल विभाग की प्रमुख डॉ. फरजाना अंजुम, डॉ. इनायत बानो, सैयद साजिद परवेज व डॉ. बी. एन. त्रिपाठी उपस्थित थे। सेमेस्टर-4 की खुशी कुमारी ने पृथ्वी दिवस का महत्व बताया। डॉ. इनायत ने इसका इतिहास, डॉ. फरजाना ने कचरा प्रबंधन, डॉ. त्रिपाठी ने जल संरक्षण और डॉ. आले अली ने अपशिष्ट प्रबंधन पर विचार रखे। कार्यक्रम का समापन फलक नाज़ के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। 70 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

## मायुमं सुरभि शाखा ने जरूरतमंद कन्या को दिया सहयोग



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए एक जरूरतमंद निर्धन कन्या की सहायता की, जिसका शीघ्र ही विवाह होने वाला है। शाखा की ओर से कन्या को आवश्यक घरेलू और वैवाहिक सामान प्रदान किया गया। यह सेवा कार्य शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल के नेतृत्व में शाखा की सदस्य रजनी बंसल, सुमन अग्रवाल, वर्षा चौधरी और मुस्कान अग्रवाल द्वारा संपन्न किया गया। मंच का यह प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने वाला है।

## कल्याण चंद्र सिंह ने कुकड़ू बीडीओ से की मुलाकात, चापाकलों की मरम्मत की उठाई मांग



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एवं बाबूडीह राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह ने मंगलवार को कुकड़ू प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ राजश्री ललिता बाखला से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बीडीओ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुलाकात के क्रम में समाजसेवी सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है, ऐसे में जल्द मरम्मत कराना जरूरी है। उन्होंने बीडीओ से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया। इस मौके पर क्षेत्र से जुड़े अन्य सामाजिक विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में अश्वनी सिंहदेव, पिंटू सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## आगुईडांगरा में सरहुल पूजा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के आगुईडांगरा गांव में मंगलवार को भूमिज समुदाय द्वारा पारंपरिक सरहुल पूजा विधिवत रूप से संपन्न की गई। गांव के जाहेरथान में आयोजित इस पूजा में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। पूजा अनुष्ठान का संचालन कुड़ाम लाया रथु सिंह व रवींद्र नाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी भक्तरंजन भूमिज, अमर सिंह सरदार, ग्राम प्रधान शत्रुघ्न सिंह, भूषण सिंह, तरणी सिंह और कालीराम सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। गांव के हिमांशु सिंह के अनुसार, पूजा में महिलाओं और पुरुषों की सक्रिय भागीदारी रही। मन्नत पूरी होने पर परंपरानुसार मुर्गी व बकरे की बलि दी गई और प्रसाद वितरण किया गया। शाम को कुकडु और गोलकाटा से आई सांस्कृतिक टीमों ने आकर्षक सरहुल नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। कार्यक्रम की सफलता में हिमांशु सिंह, निरंजन सिंह, दुलाल सिंह, योगेश्वर सिंह, मनोरंजन सिंह, धरम सिंह, तपानंद सिंह और मनोहर सिंह का विशेष योगदान रहा।

## कलिंगा सुपर कप के लिए तैयार जमशेदपुर एफसी, डोंगेल ने जताया आत्मविश्वास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर एफसी आगामी कलिंगा सुपर कप में भाग लेने को तैयार है। घरेलू टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर चुकी टीम इस बार खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। दो बार सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली मेन ऑफ स्टील की नजर इस बार फाइनल पर है। सीनियर फॉरवर्ड सेमिनलेन डोंगेल ने टीम की एकजुटता और सफर पर बात करते हुए कहा, यह यात्रा शानदार रही। हमने न सिर्फ एक टीम के रूप में तरक्की की, बल्कि जिंदगी भर के रिश्ते भी बनाए। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम ट्रॉफी के पहले से कहीं ज्यादा करीब है। डोंगेल ने बताया कि वे अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और पूरी टीम टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रतिबद्ध है। प्रशंसकों को एक नई ऊर्जा से लबरेज़ जमशेदपुर एफसी देखने को मिलेगी।

## जमशेदपुर एफसी अंडर-17 ने गुवाहाटी रवाना होने से पहले पूरा किया अंतिम ट्रेनिंग सेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर एफसी की अंडर-17 टीम ने एआईएफएफ एलीट यूथ लीग 2024-25 के प्लेऑफ राउंड से पहले सोमवार को टीएफए मैदान में अपना अंतिम ट्रेनिंग सेशन पूरा किया। टीम मंगलवार को गुवाहाटी रवाना होगी, जहां ग्रुप डी के अंतर्गत उसका सामना 25 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी और 27 अप्रैल को फुटबॉल 4 चेंज अकादमी से होगा। दोनों मुकाबले शाम 4:30 बजे खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में 24 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल करने वाली यंग मेन ऑफ स्टील की नजर फाइनल राउंड में प्रवेश पर है। टीम सिर्फ एक अंक से टेबल टॉपर एआईएफएफ फीफा टैलेंट अकादमी से पीछे रही थी। हेड कोच कैजाद अंबापर्दिवाला ने कहा कि खिलाड़ी पूरी तरह तैयार हैं और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा, हमने रणनीति और फिटनेस पर खास फोकस किया है। खिलाड़ी चुनौती के लिए तैयार हैं।

## आधुनिक पावर में पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण और जागरूकता कार्यक्रम

**- पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की अपील**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सरायकेला के पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार मिश्रा ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद, अन्य वरिष्ठ अधिकारी जैसे राजेश कुमार शर्मा, श्री एम.एन. सिंह, एन.एस.पी. राव, अनिल कुमार सोनी, एस.के. परवेज़, कमलेश कुमार झा, आशीष दाश, संजीत सिन्हा और कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया और प्रकृति संरक्षण की शपथ ली। अरुण कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी सभी मानव जाति को जीवन के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करती है, लेकिन हमें इनका उपयोग सीमित और जिम्मेदार तरीके से करना चाहिए। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, कंपनी के सीएसआर विभाग ने बडाहरिहरपुर स्थित पदमपुर मध्य विद्यालय के बच्चों के लिए पर्यावरण संरक्षण पर एक जागरूकता अभियान चलाया। बच्चों के बीच भाषण, निबंध लेखन और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## साकची गुजराती इंग्लिश स्कूल में पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** साकची गुजराती इंग्लिश स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या डॉ. मौसमी के प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई जैसे मुद्दों पर जागरूक किया। विद्यार्थियों ने कविता पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से धरती के प्रति अपने भाव प्रकट किए। छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टरों में पर्यावरण संरक्षण के संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वृक्षारोपण अभियान रहा, जिसमें छात्र, शिक्षक और कर्मचारी मिलकर पौधे लगाए। विद्यालय प्रशासन ने ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि छात्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी विकसित हो।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जुस्को स्कूल साउथ पार्क में सोमवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विविध पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें 2000 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष आकर्षण रहे – ईको रैम्पवॉक, ईवी व साइकिल रोड क्रूज़ तथा कोरु फाउंडेशन के सहयोग से कम्पोस्टिंग व वेस्ट सेग्रेगेशन। कक्षा 10 से 12 के छात्रों ने पृथ्वी को पुनर्जीवित करें विषय पर पोस्टर, कोलाज व पेपर बैग बनाए। कक्षा 9 में कोलाज निर्माण, 7-8 में विलुप्त प्रजातियों के मास्क, 6 में इको फ्लिपबुक, 5 में फिंगर पपेट्स, 4 में बुकमार्क, 1-3 में इच वन प्लांट वन थीम पर पौधारोपण तथा प्री-प्राइमरी में फिंगर पेंटिंग की गई। कार्यक्रम का संचालन उप-प्रधानाचार्या गुरमीत कौर, समन्वयक रंजीता सिंह, नेहा परवीन व इको क्लब प्रभारी रश्मि अग्रवाल ने किया।

## भीषण गर्मी में देसी फ्रिज की बढ़ी मांग, कुम्हारों को मिला सहारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा ।** तपती गर्मी में जहां एक ओर लोग परेशान हैं, वहीं देसी फ्रिज यानी मिट्टी के घड़ों और हांडियों की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पटमदा, बोड़ाम व गोबरघुसी के साप्ताहिक हाटों में इन बर्तनों की बिक्री जोर पकड़ रही है। लोग प्राकृतिक रूप से ठंडा और स्वास्थ्यवर्धक पानी पाने के लिए मिट्टी के मटके, सुराही व हांडियां खरीद रहे हैं। स्थानीय निवासी बरूण दत्त ने बताया कि मटके का पानी न सिर्फ ठंडा होता है, बल्कि शरीर के लिए भी लाभकारी है। जोड़सा, गोपालपुर, लावा और सुसनी जैसे गांवों के कुम्हार गर्मी के मौसम में थोड़ी राहत की सांस ले रहे हैं। हालांकि वे बताते हैं कि महंगाई के चलते मुनाफा कम हो गया है। फिर भी इस मौसम में बिक्री थोड़ी बढ़ जाती है, जिससे परिवार चलाने में कुछ सहूलियत होती है।

## खूंटी जिला प्रशासन, झारखंड द्वारा ग्रासरूट्स खेल विकास मॉडल को सशक्त बनाने की पहल

**- उत्कर्षः सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स 5,000+ युवाओं तक पहुंच चुका है, जिनमें 27 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर, 72 राज्य स्तर पर, और 6 खिलाड़ी उच्च सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित हुए हैं**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** खूंटी जिले में स्थानीय खेल प्रतिमाओं को प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से, जिला प्रशासन ने रुट्स फाउंडेशन के माध्यम से उत्कर्ष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स, खूंटी परियोजना का शुभारंभ जनवरी 2024 में किया था। यह जिला प्रशासन, खूंटी की अभिनव पहल है, जो खूंटी की खेल परंपरा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के तहत बच्चों को खेल विशेष मार्गदर्शन और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे अपनी खेल क्षमताओं को निखार सके और अपने क्षेत्र, खूंटी, झारखंड को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकें। खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा, जिला योजना अधिकारी कुंदन कुमार और जिला खेल अधिकारी राजेश के नेतृत्व में यह परियोजना बड़ी सफलता प्राप्त कर रही है। उनका कहना है कि प्रोजेक्ट उत्कर्ष सिर्फ खेल प्रतिभाओं के विकास का मंच नहीं है, बल्कि यह बदलाव, अवसर और भविष्य निर्माण की पहल है। प्रोजेक्ट उत्कर्ष को लागू करने के लिए जिला प्रशासन ने खूंटी के छह ब्लॉकों में 20 ट्रायल आयोजित किए, जिसमें 5,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इन ट्रायल्स से 100 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया गया, जिनमें 36 छात्रों को हॉकी और फुटबॉल तथा 28 को एथलेटिक्स के लिए चुना गया। ये छात्र 12 से 17 आयु वर्ग में खेलते हैं। छात्रों को जून 2024 में परियोजना के तहत आवासीय सुविधा में शामिल किया गया, जहां वे नियमित रूप से सुबह और शाम खेल विशेषज्ञ ट्रेनर और खेल प्रबंधन टीम के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। दस महीनों के प्रशिक्षण में प्रोजेक्ट उत्कर्ष ने उल्लेखनीय प्रगति की है। परियोजना के 27 प्रतिशत छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर और 64 प्रतिशत छात्रों ने राज्य सभागीय स्तर पर टूर्नामेंटों में खूंटी जिले का प्रतिनिधित्व किया है। गणालोया, खूंटी गांव की 15 वर्षीय छात्रा अनिशा कुमारी इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। वह अब राज्य स्तर पर हॉकी में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और उन्होंने कहा, %यह परियोजना मेरे लिए जीवन बदलने वाला साबित हुई है। मैं यहां अपने सपनों को सच होते देख रही हूं। प्रोजेक्ट उत्कर्ष न केवल खेल में उत्कृष्टता प्रदान करने पर केंद्रित है, बल्कि छात्रों के शैक्षणिक, मानसिक और व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान देता है।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## शिक्षा का विस्थापन

**आखिर** क्यों कोचिंग सेंटर की क्लास में स्कूली शिक्षा ही नहीं, पूरी पाठशाला पहुंच गई। अब शिक्षा की काबिलीयत में 'डमी एडमिशन' का फार्मूला ईजाद हो गया है। यानी 'दस्तखत पर चढ़ी सियाही ही फरेबी निकली, हमने तो पूरी जिंदगी लगा के मजमून लिखा था।' शिकायतें अब कहीं जाकर स्कूल बोर्ड के कानों में गूंजी, तो मालूम हुआ कि चंडीगढ़ में क्यों हिमाचली छात्र भागे-भागे घूम रहे हैं। शिक्षा की औकात बदलने की जद्दोजहद अगर स्कूल की नीयत में नहीं, तो कम से कम जो बच्चे करियर की तलाश में आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके ऊपर नकेल क्यों। एक अनुमान के अनुसार चंडीगढ़ की कोचिंग में दस हजार से ऊपर हिमाचली बच्चे अपना मुस्तकबिल छान रहे हैं। इनमें से अस्सी फीसदी भी अगर स्कूली छात्र हैं, तो 'डमी एडमिशन' के इस खेल में चांदी ही चांदी है। शिक्षा में चांदनी की तलाश के पहिये अगर प्रदेश के बाहर घूम रहे हैं, तो शिक्षा बोर्ड बचाएगा किसे। क्या इससे स्कूल बच जाएंगे या निजी क्षेत्र की जमीन पर शिक्षा का व्यापार नहीं होगा। शिक्षा में घुसे व्यापार को सामाजिक अनुमति का ही प्रमाण मिला है कि चंडीगड़-हिमाचल के बीच इसकी दोहरी प्रणाली ने प्रदेश से शिक्षा का विस्थापन लिख दिया। मसला है भी यह कि क्यों धीरे-धीरे सरक कर हिमाचली शिक्षा ने उसूल बदल लिए, मां-बाप ने 'डमी एडमिशन' जैसा पाप कबूल कर लिया। क्या उनके पास और कोई चारा नहीं या शिक्षा का अचार अब आयातित सामग्री से ही बनता है। इससे शिक्षा बोर्ड को अगर कांटा लगा, तो जख्म सुखाने के लिए मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों का उपचार जरूरी है। नहीं होने चाहिएं अवैध धंधे, लेकिन पूछा तो यह भी जाएगा कि वार्षिक परीक्षाओं में विभागीय लियाकत क्यों दर्ज नहीं होती। निजी बनाम सरकारी स्कूलों के बीच आखिर इतनी मिट्टी क्यों पलीद हुई कि शिक्षा के कई शिविर, कई तरीके और कई अफसाने बन गए। अंततः लक्ष्य तो जीवन का है, तो क्या हिमाचली शिक्षा 'जीवन पढ़ाने' या जीवन में आगे बढ़ाने का इंतजाम कर रही है। आज अगर करियर का गुणात्मक पक्ष देखना हो, तो क्या हिमाचल का शिक्षा विभाग या बोर्ड किसी सरकारी स्कूल का पता देगा। हम 'डमी एडमिशन' के खिलाफ अभियान के साथ हैं, लेकिन हिमाचली बच्चों के करियर की तलाश से दूर कैसे हो सकते हैं। अंततः कोचिंग सेंटर अब एक संस्कृति, एक तरीका, एक पायदान और करियर की महत्त्वाकांक्षा का जरिया कैसे बन गए। क्यों पढ़ाई सरकारी स्कूलों में मुकम्मल नहीं हो रही या यह छूट अभिभावकों को कैसे मिल गई कि बच्चों के अंधेरों को मिटाकर अगर रोशनी की तलाश है, तो एक हाथ कोचिंग, दूसरे में 'डमी एडमिशन' का बंदोबस्त जरूरी है। हम इसे अभिभावकों की भेड़चाल करार दें या निजी स्कूलों व कोचिंग केंद्रों की अवैध संलिप्तता मानें, मगर शिक्षा की ऐसी परिणति के लिए सरकारी क्लास रूम की विफलता भी तो माननी पड़ेगी। यह हालत एक दिन में नहीं हुई, बल्कि जब इसकी शुरुआत हुई, तो शिक्षा को चलाने वाले अनभिज्ञ बने रहे। शिक्षा का गुणात्मक पक्ष किसकी वजह से हारा, इस पर भी तो बहस हो। आखिर शिक्षा का अपना मॉडल है क्या। यह क्यों सरकारी और निजी परिसर में अलग-अलग दिखाई दे रहा। जहां तक स्कूल शिक्षा बोर्ड का सवाल है, यह संस्थान परीक्षा बोर्ड ही साबित हुआ है। जाहिर है दसवीं की परीक्षा के बाद बारहवीं में कदम रखते ही जिंदगी में आगे बढ़ने के संकल्प और भविष्य के पन्ने खुल जाते हैं। ऐसे में आगे प्रोफेशनल कालेजों की प्रवेश परीक्षाओं और जमा दो की आम परीक्षाओं के बीच सपनों और हकीकत के बीच एक अंतरंगी संसार का उदय होता है। इन क्षणों का दबाव क्या हिमाचल के शिक्षा विभाग व बोर्ड ने महसूस किया। अगर स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस कसौटी पर उत्तीर्ण घोषित होना है, तो सर्वप्रथम कुछ मॉडल स्कूल बनाकर करियर की तैयारी में, स्कूल के अंतिम दो सालों में सार्थक ऊर्जा का संचार करे। मैट्रिक परीक्षा के बाद शिक्षा की करवट, करियर की तलाश तक जारी रहती है।


अब शिक्षा की काबिलीयत में 'डमी एडमिशन' का फार्मूला ईजाद हो गया है। यानी 'दस्तखत पर चढ़ी सियाही ही फरेबी निकली, हमने तो पूरी जिंदगी लगा के मजमून लिखा था।' शिकायतें अब कहीं जाकर स्कूल बोर्ड के कानों में गूंजी, तो मालूम हुआ कि चंडीगढ़ में क्यों हिमाचली छात्र भागे–भागे घूम रहे हैं। शिक्षा की औकात बदलने की जद्दोजहद अगर स्कूल की नीयत में नहीं, तो कम से कम जो बच्चे करियर की तलाश में आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके ऊपर नकेल क्यों। एक अनुमान के अनुसार चंडीगढ़ की कोचिंग में दस हजार से ऊपर हिमाचली बच्चे अपना मुस्तकबिल छान रहे हैं। इनमें से अस्सी फीसदी भी अगर स्कूली छात्र हैं, तो 'डमी एडमिशन' के इस खेल में चांदी ही चांदी है। शिक्षा में चांदनी की तलाश के पहिये अगर प्रदेश के बाहर घूम रहे हैं, तो शिक्षा बोर्ड बचाएगा किसे।


आप का नजरीया

## राज्यपाल के दायित्व

**संविधान** में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका, लक्ष्मण-रेखाएं और मर्यादाएं स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं। सभी अपने-अपने क्षेत्रों में स्वतंत्र हैं। कोई भी अन्य के विशेष क्षेत्र में दखल नहीं दे सकता। संविधान का अनुच्छेद 122 संसद की कार्यवाही की वैधता को प्रक्रियागत अनियमितता के आधार पर चुनौती देने से रोकता है। यह संसद के आंतरिक मामलों को न्यायिक समीक्षा से सुरक्षित रखता है और इसकी विधायी स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इस संवैधानिक व्यवस्था के बावजूद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को यह बयान देना पड़ा कि अनुच्छेद 142 न्यायपालिका के लिए 'परमाणु मिसाइल' बन गया है। यह मिसाइल 24 घंटे न्यायपालिका को हासिल है। उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। उन्होंने कहा है कि सर्वोच्च अदालत देश के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकती। कुछ सेवानिवृत्त न्यायमूर्तियों ने स्पष्ट किया है कि देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली न्यायिक पीठ ने राष्ट्रपति को कोई भी, किसी भी तरह का, निर्देश नहीं दिया है। यह पीठ का फैसला पढ़ कर समझा जा सकता है। दरअसल चर्चा उस प्रकरण के संदर्भ में शुरू हुई थी, जब तमिलनाडु के राज्यपाल ने विधानसभा से पारित विधेयकों पर मुहर नहीं लगाई थी और उन्हें दबा कर बैठे थे। ऐसा कई राज्यपाल गैर-भाजपा शासित राज्यों में कर रहे हैं। यह रिकॉर्ड देखा जा सकता है। सर्वोच्च अदालत ने अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए न केवल उन विधेयकों को कानून बना दिया, बल्कि राज्यपाल के लिए निर्देश भी तय कर दिए। बेशक राष्ट्रपति को न तो निर्देश दिए जाते और न ही 'परमाणु मिसाइल' की स्थिति बनी है। भारत में राष्ट्रपति केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर काम करते हैं। गृह मंत्रालय में उपसचिव अथवा वरिष्ठ स्तर के अधिकारी तय किए जाते हैं, जो राष्ट्रपति के आधार पर निर्णय लेते हैं और फिर राष्ट्रपति उस फाइल पर हस्ताक्षर करते हैं। बेशक सर्वोच्च अदालत गृह मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दे सकती है। दलीलें यहां तक दी गईं कि राष्ट्रपति देश के प्रधान न्यायाधीश और सर्वोच्च अदालत के अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं। एक नौकर नियोक्ता को निर्देश कैसे दे सकता है? दरअसल ऐसे निर्णय भी सरकार और कैबिनेट के स्तर पर लिए जाते हैं और फिर संबद्ध मंत्रालय द्वारा भेजी गई फाइल पर राष्ट्रपति हस्ताक्षर करते हैं। राष्ट्रपति एक मायने में, लिखित रूप से, नियोक्ता हैं और सरकार की कार्यप्रणाली के मुताबिक, नियोक्ता नहीं भी हैं। हमें नहीं लगता कि न्यायपालिका ने संवैधानिक लक्ष्मण-रेखाओं को पार किया है। बल्कि ऐसी हरकत भाजपा सांसदों ने की है। झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा-'इस देश में जितने गृहयुद्ध हो रहे हैं, उनके जिम्मेदार केवल यहां के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस संजीव खन्ना साहब हैं।' भाजपा सांसद ने यहां तक आरोप लगाया कि अदालत इस देश को अराजकता की ओर ले जाना चाहती है। अदालत राष्ट्रपति को निर्देश कैसे दे सकती है? आपने नया कानून कैसे बना दिया? किस कानून में लिखा है कि राष्ट्रपति को तीन माह में ही फैसला लेना है? बहरहाल भाजपा नेतृत्व ने यह अच्छा किया कि सांसदों की ऐसी टिप्पणियों से किनारा कर लिया और ऐसे बयानों को खारिज कर दिया। अलबत्ता यहां से राजनीति नया तूल ले सकती थी। सर्वोच्च अदालत ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया और ऐसे बयानों को नजरअंदाज कर दिया। आजकल अधिकतर राज्यपाल 'राजनीतिक' होते हैं, लिहाजा बिलों को दबाते रहते हैं। पारित बिलों पर कुंडली मार कर बैठना उचित और संवैधानिक नहीं है।

### विधानसभा में एक तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की है जो यह बताएगी कि कैसे तमिलनाडु को एक स्वायत्त राज्य बनाया जा सकता है

## तमिलनाडु की स्वायत्तता की मांग : संघीय ढांचे की परीक्षा

डॉ ब्रजेश कुमार मिश्र


राजनीतिक दल सत्ता लोलुप होते हैं और इसकी प्राप्ति के लिए निरन्तर उपक्रम करते रहते हैं। इसके निमित्त कई बार ये संविधान के परितः जाकर कार्य करते हैं। यह परम्परा भारत जैसे देश में भी याद-कदा देखने को मिलती है। हाल ही में तमिलनाडु में कुछ ऐसा घटित हुआ है जिससे भारतीय राजनीति में भूचाल आ सकता है। तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम.के. स्टालिन द्वारा 15 अप्रैल को अपने राज्य को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। वस्तुतः इस घटना से एक बार पुनः केंद्र और राज्य के मध्य टकराहट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 यह कहता है कि 'भारत राज्यों का संघ (यूनियन) होगा'।


**लोकतन्त्र** वर्तमान शासन प्रणाली का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं लोकप्रिय स्वरूप है। इसकी आत्मा संविधान में निहित है। संविधान किसी भी देश की राजनीति का मार्गदर्शक है। राजनीति के उद्देश्यों का साधन राजनीतिक दल हैं। राजनीतिक दल सत्ता लोलुप होते हैं और इसकी प्राप्ति के लिए निरन्तर उपक्रम करते रहते हैं। इसके निमित्त कई बार ये संविधान के परितः जाकर कार्य करते हैं। यह परम्परा भारत जैसे देश में भी याद-कदा देखने को मिलती है। हाल ही में तमिलनाडु में कुछ ऐसा घटित हुआ है जिससे भारतीय राजनीति में भूचाल आ सकता है। तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम.के. स्टालिन द्वारा 15 अप्रैल को अपने राज्य को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। वस्तुतः इस घटना से एक बार पुनः केंद्र और राज्य के मध्य टकराहट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 यह कहता है कि 'भारत राज्यों का संघ (यूनियन) होगा'। अर्थात भारत नश्वर राज्यों का अनश्वर संघ है, जिसमें राज्य तो विभाज्य हो सकते हैं परन्तु संघ का विभाजन नही हो सकता है। अब प्रश्न उठता है कि क्या तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री का यह निर्णय संवैधानिक है ? क्या कोई इकाई भारतीय संघ से अलग हो सकती है ? इन प्रश्नों की पड़ताल करना संविधान और राजनीति में रुचि रखने वालों के लिए स्वाभाविक है। इन प्रश्नों का विश्लेषण करने के पूर्व यह जानना जरूरी है कि इस विवाद के पीछे असल वजह क्या है ? विगत 15 अप्रैल को एम.के. स्टालिन ने विधानसभा में एक तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की है जो यह बताएगी कि कैसे तमिलनाडु को एक स्वायत्त राज्य बनाया जा सकता है। ऐसा उन्होंने विधानसभा के नियम संख्या 110 के अंतर्गत स्वप्रेरणा से की। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ करेंगे। इसके अन्य सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के. अशोक वर्धन शेट्टी और राज्य योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम. नागनाथन होंगे। इन तीनों का सम्बन्ध स्टालिन के राजनीतिक दल से है। यह समिति एक वर्ष में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और उसके बाद इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। तमिलनाडु में अगले वर्ष चुनाव है और ऐसा प्रतीत होता है कि यह निर्णय पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। बहरहाल इस समिति का उद्देश्य संविधान, कानूनों और नीतियों में निहित केंद्र-राज्य संबंधों के



प्रावधानों की समीक्षा करना, राज्यों की स्वायत्तता को बढ़ावा देना तथा राज्य सूची से समवर्ती सूची में डाले गए विषयों को पुनः राज्यों को सौंपने हेतु सुझाव देना है। समिति उन प्रशासनिक चुनौतियों पर भी विचार करेगी, जिनका सामना राज्य सरकारें कर रही हैं। इसका अर्थ यह है कि स्टालिन केवल तमिलनाडु तक स्वयं को सीमित नही कर रहे हैं बल्कि वे तमिलनाडु को अन्य राज्यों के मॉडल के रूप में पेश करने की जुगत में हैं। स्टालिन ने अपने पक्ष में कई तरह के तर्क प्रस्तुत किए मसलन वित्तीय स्वायत्तता, राज्यों के अधिकारों में अनवरत कटौती, परिसीमन, त्रिभाषा और शिक्षा नीति इत्यादि। हाल ही में ए.आई.डी.एम.के. और भा.ज.पा. के मध्य गठजोड़ (एन.डी.ए ) होने के बाद तमिलनाडु में राजनीति गरम हो गई है। डी.एम.के. का उत्तर भारत से सदैव से छत्तीस का आकड़ा रहा है। अब भा.ज.पा. वहाँ मुख्य विपक्ष के तौर पर है तो तमिलनाडु सरकार को भा.ज.पा. का प्रतिकार करने का स्वर्णिम अवसर मिल गया है। भाषा इसमें बड़ा मुद्दा है। वहाँ की जनता को यह कहकर आसानी से गुमराह किया जा सकता है कि भा.ज.पा. जबरन हम पर हिन्दी थोप रही है, जब अंग्रेज इसे लागू नही कर सके तो ये कैसे करेंगें। वस्तुतः 2024 के चुनाव के लोकसभा चुनाव में भा.ज.पा. का मतदान प्रतिशत तमिलनाडु बढा है जो लगभग 18 प्रतिशत हो गया है। स्टालिन को हो सकता है कि यह डर सता रहा हो कि अगले चुनाव में एन.डी.ए कहीं उनसे सत्ता न छीन ले। कदाचित यही कारण है कि वे तमिल जनता की सहानुभूति प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हैं। इसी वजह से डी.एम.के. प्रमुख कभी हिन्दी को लेकर तो कभी भारतीय मुद्रा के चिह्न को लेकर केंद्र सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोले हुए हैं। परिसीमन को लेकर भी डी.एम.के.मुखर है। नई लोकसभा के उद्घाटन के बाद से ही अनवरत यह मुद्दा उठता रहा है कि नए परिसीमन के बाद दक्षिण की सीटें कम ना हो जाएं क्योंकि परिसीमन का आधार आबादी है और 1971 के बाद दक्षिण ने तो अपनी जनसंख्या को जहां नियंत्रित रखा है वहीं उत्तर भारत की जनसंख्या में इजाफा हुआ है। इस नजरिए से दक्षिण की तुलना में उत्तर को अधिक सीटें मिलेगी। हालांकि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार ने अपनी सफाई दी है कि फिलहाल परिसीमन कराने का कोई इरादा नही है। भले ही केंद्र ने स्पष्टीकरण दिया हों लेकिन डी.एम.के. द्वारा उठाए जा रहे इस मुद्दे में दम है। स्टालिन ने वित्तीय आधार पर भी केंद्र का प्रतिकार किया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद तमिलनाडु को राजस्व में भारी नुकसान हुआ है। उसे उसके योगदान के बदले केवल 29 पैसे प्रति रुपये मिलते हैं, जो अन्यायपूर्ण है जबकि भारत में तमिलनाडु सकल घरेलू उत्पाद में दूसरे स्थान का राज्य है । उन्होंने डॉ. अंबेडकर का हवाला देते हुए केंद्र और राज्य के बीच समन्वयपूर्ण कार्य की आवश्यकता पर बल दिया। स्टालिन ने मेडिकल प्रवेश हेतु एनईईटी परीक्षा को राज्य की शिक्षा नीति के विरुद्ध बताया है। उनकी यह धारणा है कि यह परीक्षा ग्रामीण तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के हितों के विरुद्ध है और कोचिंग संस्थानों को बढ़ावा देती है। अतः तमिलनाडु के छात्रों को मेडिकल में प्रवेश उनके ही राज्य में 12 वीं के अंक के आधार पर मिले। वे अब यह भी लड़ाई लड़ रहे हैं कि शिक्षा को पुनः राज्य सूची का विषय बना दिया जाए। ऐसा प्रतीत होता है कि स्टालिन केंद्र से अन्तिम लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं और सौभाग्य से यह अवसर उन्हे विगत 8 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तमिलनाडु के राज्यपाल के विरुद्ध दिए गए फैसले से मिल गया है। हो सकता है इससे स्टालिन का मनोबल बढ़ा हो और कदाचित इसी कारण उन्होंने इस विशेष कमेटी का गठन किया है। इस प्रकार उक्त टकराव के पीछे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने जो भी तर्क दिए हैं उनमें से अधिकांश तर्क राजनीति से प्रेरित प्रतीत होते हैं। परिसीमन और राज्यपाल के द्वारा अनुच्छेद 200 के दुरुपयोग को छोड़ दिया जाय तो उनके किसी भी तर्क में दम नही दिखता है। जहां तक राज्यपाल का प्रश्न है तो यह एक ऐसा संवैधानिक पद है जिसको लेकर 1950 के दशक के आखिरी वर्षों से लेकर अब तक केंद्र और राज्य के बीच विवाद बना हुआ है। अब इस मूल विषय पर आते हैं कि क्या स्टालिन तमिलनाडु को भारतीय संघ से अगल कर पाएंगे, जवाब है नही क्योंकि केंद्र के पास रक्षा, संचार और विदेशी संबंध का असीमित अधिकार है और इसके होते हुए तमिलनाडु कुछ नही कर सकता।

कुछ अलग


## थाने की छत पर पेड़

**पुलिस** थाने का पेड़ बिना बताए ढह गया। पुलिस ने यूं तो कई पेड़, कई भवन और लोग ढहते देखे, लेकिन यह मंजर भयानक था। आधा पेड़ थाने की छत पर और आधा बाहर सडक़ से गुजर रही बस की छत पर था। कार्रवाई के लिए चश्मदीद गवाह ढूंढे गए। स्वयं थानेदार सतर्क थे, आखिर उनकी छत का मामला था। जनता पहली बार पुलिस को पेड़ से लड़ता देखकर खुश थी, लेकिन चश्मदीद गवाह बनने को तैयार नहीं थी। खैर थानेदार का अनुभव काम आया, लिहाजा उन्होंने थाने को गुलजार कर रहे सिपाहियों को तुरंत पेड़ गिरने का चश्मदीद गवाह बना दिया। बस और बस के ऊपर गिरे हुए पेड़ के एकमात्र गवाह यही कांस्टेबल थे। बस की छत पर चढने को कहा तो आधे असमर्थ हो गए। अंततः घोषणा हुई, 'बढ़े हुए पेट वाले सुरक्षा कारणों से बस के ऊपर न चढ़ें। महिला कांस्टेबलों को भी रोका गया, लेकिन इस तमाशे में ट्रैफिक जाम हो गया। यूं तो पुलिस अपनी यूनिफार्म में किसी को भी नीचे उतार सकती है, लेकिन यहां अपनी छत से पेड़ नीचे उतारने में महकमे की ट्रेनिंग विफल हो रही थी। एक बार तो थानेदार ने सोचा कि लॉकअप में रखे कुछ भरोसेमंद अभियुक्तों से ये काम ले लें। भरोसा इसलिए था क्योंकि कई चेहरे पुलिस की जान-पहचान के ही थे, बल्कि जरूरत पडने पर ये लोग इशारे पर कुछ भी कर सकते थे और करते रहे हैं। फिर ख्याल आया, बड़े साहब कहीं बुरा न मना लें। याद आया, 'आज तो साहब की कोठी पर ताजा सब्जी और खूब पके हुए फल भी रवाना नहीं हुए। सडक़ को ट्रैफिक जाम ने रोक लिया तो कल्लू मियां को रेहड़ी भी कहां लगवाते। आधा काम तो कल्लू मियां भी कर देता है। वह रोजाना मुफ्त में सब्जी नहीं, कई बार रेहड़ी में थाने की हिस्सेदारी में आया माल भी छिपा लेता है, यहां तक कि वक्त आने पर चिट्टे की खेप को किलो से घटाकर मिलीग्राम बना देता है।' थानेदार साहब बाहर निकले और जनता से अमन और अपने बचाव की अपील की।

देश दुनीया से

## रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन की नई अहमियत

**इस** समय भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित नए द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के तहत भारत के द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले कृषि उत्पादों के निर्यात के मद्देनजर टैरिफ कटौती के लिए सहमति के संकेत उभरकर दिखाई दे रहे हैं। भारत ने अमेरिका को बादाम, अखरोट, क्रैनबेरी, पिस्ता और दाल जैसे कृषि उत्पादों पर शुल्क में कटौती पर सहमति के संकेत दिए हैं। ऐसे में भारत के खाद्यान्न और खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात के मौके अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे और भारत इससे लाभान्वित होगा। गौरतलब है कि जिस तरह पांच साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के हथियार बन गए थे, उसी प्रकार इस समय अमेरिका के टैरिफ की मार के साथ-साथ शुल्क व गैर शुल्क बाधाओं को कम करने से होने वाली किसी भी प्रकार की हानि को कम करने के मद्देनजर देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं। चूंकि इस वर्ष 2025 में वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न उत्पादन में कमी के आकलन प्रस्तुत हुए हैं, ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में होने वाली 3 से 3.5 फीसदी हानि की बहुत कुछ भरपाई खाद्यान्न और कृषि प्रसंस्करण के निर्यात से भी की जा सकेगी। निश्चित रूप से देश में बढ़ता खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत होती ग्रामीण आर्थिकी देश की आर्थिक शक्ति बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक इस समय भारत दुनिया की नई खाद्य टोकरी और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रतिबद्ध देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा




में कहा कि इस समय देश में खाद्यान्न के भंडार भरे हुए हैं और खाद्यान्न उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। यदि हम वर्ष 2024-25 के लिए जारी मुख्य कृषि फसलों (खरीफ एवं रबी) के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान की ओर देखें तो पाते हैं कि चावल, गेहूं, मक्का, मूंगफली एवं सोयाबीन के साथ-साथ तुअर और चना के भी रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद जताई गई है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि देश में कुल रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन 33 करोड़ टन से भी अधिक होने का अनुमान है। इसी तरह फल और सब्जी उत्पादन में भी तेज वृद्धि होगी। इतना ही नहीं वर्ष 2024-25 की सकल घरेलू उत्पाद में (जीडीपी) में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के योगदान में 4.6 फीसदी वृद्धि हो सकती है। पिछले वर्ष यह वृद्धि दर 2.7 फीसदी थी। इस तरह जहां देश में खाद्यान्न की कमी से खाद्यान्न अधिशेष की ऊंचाइयां देश के लिए लाभप्रद बन गई हैं, वहीं भारत का खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोससिंग) सेक्टर भी ट्रंप के टैरिफ से जंग में भारत की आर्थिक ताकत दिखाई दे रहा है। यह एक ऐसा उभरता उद्योग है जिसमें पिछले 10 वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हुआ है। देश के कुल कृषि निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13.7 से बढक़र करीब 24 प्रतिशत हो गई है। इस परिप्रेक्ष्य में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की खाद्य प्रसंस्करण पर प्रकाशित शोध अध्ययन रिपोर्ट उल्लेखनीय है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खाद्य प्रसंस्करण का क्षेत्र वर्ष 2023 में 307 अरब डॉलर का था, यह तेजी से बढक़र वित्त वर्ष 2030 तक 700 अरब डॉलर, वर्ष 2035 तक 1100 अरब डॉलर, वर्ष 2040 तक 1500 अरब डॉलर और वर्ष 2047 तक 2150 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद है। पीएचडीसीसीआई ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि भारत से कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर से निर्यात में तेज वृद्धि हो रही है। वर्ष 2013-14 में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का जो निर्यात 39 अरब डॉलर था, वह बढक़र वर्ष 2022-23 में 52 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से निर्यात लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2030 तक 125 अरब डॉलर, वर्ष 2035 तक 250 अरब डॉलर, वर्ष 2040 तक 450 अरब डॉलर और वर्ष 2047 तक 700 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच जाएगा। निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ चुनौती का मुकाबला करने की डगर पर भारत के लिए कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन महत्वपूर्ण बन गया है। कृषि के बुनियादी ढांचे और निवेश पर पिछले एक दशक में रणनीतिपूर्वक ध्यान दिए जाने के अच्छे परिणाम मिले हैं। सूचना प्रौद्योगिक तक पहुंच में वृद्धि ने ग्रामीण-शहरी दूरियों में कमी ला दी है। भारतीय किसान तेजी से डिजिटल पेमेंट, फसल बीमा और बैंकों से औपचारिक ऋण की सुविधाओं की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत की विरासत

## हैदराबाद

## चारमीनार



*यह हैदराबाद शहर के हृदय में समृद्ध सांस्कृतिक जीवंतता को प्रदर्शित करने वाली प्रसिद्ध वास्तुकला है। 1951 में सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुब शाह द्वारा निर्मित। यह क्षेत्र में घातक प्लेग के अंत का जश्न मनाने का प्रतीक है। इस स्मारक में जटिल सजावटी विवरणों के साथ अलग-अलग दिशाओं का सामना करने वाले 4 भव्य मेहराब हैं। पूरे डिज़ाइन में फ़ारसी और भारतीय शैलियों का मिश्रण देखा जा सकता है। चारमीनार के ऊपर एक छोटी मस्जिद प्रार्थना के लिए एक शांत स्थान प्रदान करती है। पूरा क्षेत्र समृद्ध विविधता और ऐतिहासिक महत्व प्रदान करता है, जिसमें रात में चमकती रोशनी हैदराबाद के पुराने शहर में आकर्षण जोड़ती है।*

दृष्टि कोण

## व्यवस्थाओं के दामन पर नशाखोरी के दाग

**'उसी** का शहर वही मुद्दई वही मुंसिफ हमें यकीं था हमारा कसूर निकलेगा। उस आस्तीन से अश्कों को पोंछने वाले उस आस्तीन से खंजर जरूर निकलेगा'। मारूफ शायर 'अमीर कजलबास' को शायद अंदाजा नहीं था कि उनकी नज्म के ये अल्फाज मुस्तकबिल में नशाखोरी की तिजारत में मुल्लविस सुरक्षा एजेंसियों तथा खियानत में डूबे मुल्क के निजाम की दास्तान को पूरी शिद्दत से बयान करेंगे। नशाखोरी, रिश्वतखोरी व कई घोटालों के बदनुमां दाग हमारी व्यवस्थाओं के दामन पर लग चुके हैं। नशे की अवैध तिजारत से हालात इस कदर बद्तर हो चुके हैं कि नशाखोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली सामाजिक संस्थाएं सुरक्षा एजेंसियों को ड्रग्स तस्करों की खबर देने में दुविधा में हैं। कहीं खुद की शिनाख्त उजागर न हो जाए, इसलिए सभ्य समाज के लोग नशे के खिलाफ जंग का हिस्सा बनने से डर रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों का मुखबिर बनकर नशे की मुखबिरी में कहीं खुद शरीक-ए-जुर्म साबित न हो जाए, इसलिए नशे जैसी बुराई को मिटाने का हलफ उठा चुके इंकलाबी युवा खौफजदा हैं। यानी खुदगर्ज की बस्ती में एहसान गुनाह साबित हो सकता है। चूंकि सामाजिक सुरक्षा का दायित्व निभाने वाली निगाहबान निगाहें भी कातिल नशे की तलबगार बन चुकी हैं। उच्च पदों पर विराजमान कई सरकारी अधिकारी भी चिट्टे जैसे नशे के शौकीन हैं। देश के संवेदनशील इदारों की सुरक्षा की जिम्मेवारी निभाने वाले कर्मचारी 'हनी ट्रैप' जैसे फ्रॉड में पकड़े जा रहे हैं। ताजिरात-ए-हिंद के पैरोकार भ्रष्टाचार में अपनी भागीदारी दर्ज करवा चुके हैं। प्रश्न यह है कि जब अदालत में मुलजिम खुद मुंसिफ व खुद ही मुद्दई होगा तो उसके एब-ओ-हुनर की तफ्तीश कौन करेगा? सुरक्षा एजेंसियों में तैनात अहलकार जब खुद नशाखोरी की अवैध तिजारत में गिरफ्तार हो रहे हैं, ड्रग्स के अवैध कारोबार की रोकथाम करने वाली जांच एजेंसियों के मुलाजिम भी नशे के काले कारोबार में हाथ आजमा रहे हैं, तो उनके गिरेबान में हाथ कौन डालेगा? मगर हमारे जम्हूरी निजाम में धरातल पर ये सब कुछ हकीकत में हो रहा है। धन कुबेर बनने की जहालत भरी ख्वाहिश ने तमाम व्यवस्थाओं को रुसवा कर दिया है। नशे का गोरखधंधा अवैध तरीके से अकूत धन कमाने का बड़ा कारोबार बन चुका है, नतीजतन अमीर बनने की हसरत में सरकारी मुलाजिम भी जानलेवा नशे के ताजिर बन रहे हैं। हिमाचल के हमसाया सूबे पंजाब को वहां की



हुकूमत नशामुक्त बनाने में जुटी है। पंजाब में नशाखोरी के खिलाफ 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान में नशा तस्करों के खिलाफ बुल्डोजर एक्शन भी हो रहा है। लेकिन इसके बावजूद सूबे में नशे का जहरीला कारोबार शबाब पर है। 'उड़ता पंजाब' में वर्दी की आड़ में नशा तस्करी के कई सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। हाल ही में महिला पुलिसकर्मी को ड्रग्स के साथ हिरासत में लिया गया है। नशा मजहब का हो, सियासी कद का हो, सरकारी पद का हो, मादक पदार्थों का हो या धन-दौलत का हो, कई रिश्तों को बेआबरू करने की कूवत रखने वाला नशा अपनी औकात जरूर दिखाता है। शायद इसीलिए कहा जाता है कि सदाकत, अखलाक, ईमानदारी व वफादारी बड़े महंगे शौक हैं। इन्हें हर कोई नहीं पाल सकता। उच्च अधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों की नशा तस्करों से रफाकत पशेमानी का विषय है। नशाखोरी जैसी मशकूक गतिविधियों में सुरक्षा एजेंसियों के अहलकारों की संलिप्तता से नशे के खिलाफ चल रही मुहिम पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। नशाखोरी से लोगों की जिंदगी को जहन्नुम बनाकर नशे के सरगना करोड़ों रुपए की अवैध सल्तनत खड़ी कर चुके हैं। नशे की ओवरडोज से हो रही दर्दनाक मौतें तस्दीक करती हैं कि बेआब नशेड़ी नशे की हिरासत में ही मरहूम हो रहे हैं। कुछ पलों के लिए सुकून का एहसास कराने वाला नशा युवा वेग को जिंदगी भर के लिए मफलूज कर रहा है। जिन नामुराद लबों को हेरोइन व सिंथेटिक ड्रग्स की लज्जत लग जाए, उनका नशे के बिना रहना लगभग नामुमकिन है। नशे की इल्लत ने नशेड़ी वर्ग को जुर्म की चौखट पर पहुंचा कर गुनाहगार की कतार में खड़ा कर दिया है। नशे की तलब में कत्ल जैसी खौफनाक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। नशे की फुरकत में भी संगीन जुर्म हो रहे हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

## पोषण अभियान के तहत् पोषण पखवाड़ा का जिला स्तरीय समापन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का जिला स्तरीय समापन समारोह का आयोजन जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। साथ ही कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, आर0सी0एच0 पदाधिकारी चतरा, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा, डी0पी0एम जेएसएलपीएस, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू उपस्थित हुए।

# गाडिलौंग में नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** गाडिलौंग में नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु आगामी 16 मई से 24 मई तक नौ दिवसीय महायज्ञ एवं भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर मंगलवार को ध्वजारोहण हेतु सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। इस दौरान गाडिलौंग अंतर्गत सभी देवी- देवताओं के स्थानों में महंत त्यागी जी महाराज के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर देवी-देवताओं को नेवता दी गई। नगर भ्रमण की शुरुवात यज्ञ स्थल से लेकर टंडवा शहीद चौक तक एवं पूरे गाडिलौंग में बाजे-गाजे के साथ श्रद्धलुओं द्वारा झूमते हुवे की गई। महायज्ञ को लेकर गांव में अभी से ही भक्तिमय माहौल के साथ लोगों में काफी उत्साह देखी जा रही है। बताया जाता है कि नौ दिवसीय महायज्ञ एवं भव्य मेला में हज़ारों श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी, जिसे नियंत्रण करने के लिए यज्ञ समिति के पदाधिकारीगण द्वारा दिन- रात मेहनत कर विधि-व्यवस्था बनाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण समेत ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

# खराब पड़ा है जलमिनार, पानी के लिये तरस रहे हैं ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के सलगा गांव के चबूतरा समीप 14 वें वित्त से लगे जल मीनार बीते एक वर्ष से खराब पड़ा है।जिससे ग्रामीणों को पेयजल को लेकर काफी परेशानी हो रही है। गर्मी दस्तक देते ही यहां के ग्रामीण पानी को लेकर इधर उधर भटकने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल मीनार चालू रहा है तो गांव के लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं होता है। तथा राहगीर भी अपनी प्यास बुझाते हैं। बताया गया कि जल मीनार से लोगों को काफी राहत मिलती थी। वित्तीय वर्ष 2019/20 ईज़्में ग्रामीणों के परेशानी को देखते हुए पंचायत स्तर से यहां जल मीनार लगाया गया था। जो पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा है। गिद्धौर पंचायत के प्रभारी पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय से पूछे जाने पर बताया कि खराब होने की सूचना मिली है। जांच कर इसकी मरम्मती को लेकर आगे की करवाई की जायेगी। मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित है।

## एडीपीओ पहुंचे गिद्धौर, पिन्डारकोण व इचाक विद्यालयों का किया जांच



**गिद्धौर( प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोंण तथा इचाक में मंगलवार को जिला सहायक शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी दीपा मोनी बनर्जी निरीक्षण करने पहुंचे।बताया गया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण के विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगों ने बीते 8 अप्रैल को जिला शिक्षा कार्यालय में एक शिक्षक पर अभद्र व्यवहार किए जाने को लेकर शिकायत प्रबंधन समिति के लोगों ने कीया था। इसी शिकायत के आलोक में जिला सहायक शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी जांच करने विद्यालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय शिक्षक, प्रबंधन समिति अध्यक्ष से पूछ ताछ कर जानकारी जुटाई। इसके बाद उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधि तथा बच्चों को मिलने वाली मध्यान भोजन का निरीक्षण किया। इसके बाद वे उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचाक भी पहुंचे। जहां विद्यालय के विभिन्न पंजी, मध्यान भोजन का निरीक्षण किया। साथ ही विभाग से बच्चों को मिलने वाली पठन पाठन की सामग्री तथा पोषक से संबंधित जानकारी लीया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र गुप्ता, इचाक विद्यालय प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद यादव, नरेश राम, जितेंद्र कुमार पांडेय, प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बलबल विद्यालय द्वारी में एवं बारीसाखी गांव में जिला विधायक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के निर्देशानुसार पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर कानूनी जागरूकता शरीर का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें लोगों को पर्यावरण सुरक्षित जल दूषित होने से बचाना पेड़ पौधों की रक्षा करना जैसे कई जानकारियां लोगों को बतलाया गया। यह कार्य प्रखंड पी एल भी शम्भु कुमार राणा एवं बारिसाखी में पवन कुमार के द्वारा करवाया गया। साथ ही साथ 22 अप्रैल को पूरे दुनिया में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है यह भी बताया गया। पर्यावरण बचाने के लिए सबसे पहले पेड़ पौधे एवं जंगल को बचाना अति आवश्यक है। जैसे कई जानकारियां बताई गई।

**इचाक पत्थर माइंस का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओ संचालकों को दिया कड़ निर्देश**

# ग्रामीणों को ना हो परेशानी उड़ रहे डस्ट में दिन में तीन बार पानी मारने को कहा एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के इचाक में संचालित पत्थर माइंस का निरीक्षण करने मंगलवार को एसडीओ सन्नी राज इचाक पहुंचे। इस दौरान उनके साथ जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला खनन निरीक्षक राजेश हांसदा,सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, बीडीओ राहुल देव भी शामिल थे।पत्थर माइंस खाद्यान्न के निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने माइंस संचालकों को कई निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने माइंस स्थल क्षेत्र का तार से घेराव करने के साथ पत्थर खाद्यान्न से मुख्य सड़क तक दिन में तीन बार पानी का छिड़काव करने का निर्देश दिया है।साथ ही उक्त स्थल पर कॉर्केट सीट लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही पत्थर माइंस संचालक को नियमानुसार माइंस संचालित करने का सख्त निर्देश दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों ने माइंस से होने वाली परेशानी को लेकर वरीय अधिकारियों को सूचना देकर जांच की मांग कीया था। इस मैन्स का ग्रामीणों ने सुरवात से ही बिरोध करते आ रहे हैं। मौके पर सीआई प्रमोद कुमार सिंहा, राजस्व उप निरीक्षक पप्पू कुमार यादव समेत अन्य मौजूद थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** डीएवी पब्लिक स्कूल, टंडवा में पृथ्वी दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को सचेत करना है ताकि वे धरती को संवार सकें। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज, हम पृथ्वी दिवस मनाने के लिए एक साथ आए हैं - यह दिन हमारे खूबसूरत ग्रह और उस पर रहने वाले सभी जीवों को समर्पित है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम पृथ्वी को अपना घर कहते हैं और इसकी रक्षा करने की हमारी ज़िम्मेदारी भी है। हमारा ग्रह हमें बहुत कुछ देता है- जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जिस पानी को हम पीते हैं, जिस भोजन को हम खाते हैं, और अविश्वसनीय जैव विविधता जो हमारी दुनिया को जीवंत और जीवंत बनाती है। फिर भी, हमारे कार्य - वनों की कटाई, प्रदूषण और संसाधनों का अत्यधिक उपयोग - इस नाजुक संतुलन को नुकसान पहुँचा रहे हैं। पृथ्वी दिवस हममें से प्रत्येक के लिए यह सोचने का अवसर है कि हम बदलाव लाने के लिए क्या कर सकते हैं। छोटी-छोटी चीज़ें मायने रखती हैं- पेड़ लगाना, कम प्लास्टिक का उपयोग करना, पानी बचाना और जागरूकता फैलाना। जब हम साथ मिलकर काम करते हैं तो छोटे कदम बड़े बदलाव लाते हैं। आइए आज हम एक प्रतिज्ञा लें - न केवल अपने लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए - अपनी पृथ्वी की प्यार और सम्मान के साथ देखभाल करने के लिए। याद रखें, यह ग्रह केवल हमारा घर नहीं है; यह अनगिनत अन्य जीवित प्राणियों का घर है। हम सब मिलकर एक स्वच्छ, हरियाली भरी और स्वस्थ दुनिया सुनिश्चित कर सकते हैं। आइए हम वह बदलाव बनें जिसकी पृथ्वी को ज़रूरत है। इसके अलावा स्कूल में चित्रकला प्रदर्शन,भाषण, स्किट व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों ने स्किट के द्वारा दर्शाया कि प्रदूषण के कारण धरती कितनी प्रभावित हुई है और अपनी रक्षा के लिए पुकार रही है।

## दयानंद पब्लिक स्कूल मना रहा है: पोषण पखवाड़ा



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दयानंद पब्लिक स्कूल गाड़ीलौंग टंडवा में मंगलवार को पोषण पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ किया गया द्य इस मौके पर स्कूली बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को पोषण से संबंधित जानकारियां दी, तथा बच्चों के बीच पोषण से संबंधित लेख प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक पवन कुमार चौरसिया ने अपने अभिभाषण से किया। अभीभाषण में उन्होंने बताया कि बच्चों को जंक फूड से दूरी बनानी चाहिए तथा पारंपरिक भोजन पद्धति को अपनाना चाहिए, पैकेजिंग फूड से बचना चाहिए, भोजन में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए तभी स्वस्थ समाज व स्वस्थ देश का निर्माण संभव है द्य आगे उन्होंने बताया कि भारत सरकार के द्वारा पूरे देश में 25 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसका मकसद है, समाज तथा लोगों में भोजन व सफाई के प्रति जागरूकता फैलाना। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, सभी स्कूली बच्चे विद्यालय के अन्य कर्मचारियों तथा अभिभावकगण मौजूद रहे।

## पंचायत सचिव पर आवास के नाम पर जेवर मांगने का आरोप, मुखिया ने उठाया चप्पल



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सामने परसही पंचायत की मुखिया अनीता देवी और पंचायत सचिव सर्वेश सिंह के बीच जमकर विवाद हुआ। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाथापाई की नौबात आ गई और दोनों के बीच तीखी बहस हुई।यह मामला दस मिनट तक चलता रहा। इस दौरान मुखिया ने सचिव पर हाथ उठाने की कोशिश की। हालांकि स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मुखिया अनीता देवी ने पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सचिव सर्वेश सिंह पंचायत का कोई काम सही से नहीं करते हैं। फोन भी समय पर नहीं उठाते हैं। बात करने पर पंचायत संबंधी काम करने के लिए अपने कमरे में बुलाते हैं। उनकी नीयत ठीक नहीं लगती। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव हर काम के बदले पैसे की मांग करते हैं। पैसा नहीं देने पर काम को पूरा करने में दिलचस्पी नहीं दिखाते।प्रधानमंत्री आवास योजना में एक महिला लाभुक से पैसे की जगह मंगलसूत्र तक मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते पंचायत सचिव अच्छे से व्यवहार करते हैं। इस मामले में मुखिया ने उपायुक्त, बीडीओ और थाना में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर,पंचायत सचिव सर्वेश सिंह ने कहा कि मुखिया बेवजह गलत कार्य के लिए दबाव बनाती हैं। जब उनकी बात नहीं मानी तो इस तरह का बवाल करने लगी। उन्होंने कहा कि मुखिया के द्वारा लगाया गया सारा आरोप बेबुनियाद हैं। इधर इस पूरे मामले को लेकर लोगों के बीच एक वीडिओ भी वायरल हुई हैं।

## दो बाईक में आमने सामने की भिड़ंत, चार घायल

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के लातेहार डीही मुरूप रोड़ स्थित बानपुर के पास मंगलवार को दो बाईक में भिड़ंत हो गया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस की मदद से इन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। घायलों में सासंग के सोमारी देवी उम्र 27 वर्ष पति सुरेश उरांव और उसका पति सुरेश उरांव उम्र 30 वर्ष पिता सुरज उरांव सासंग के रहने वाले हैं वहीं दूसरे बाईक पर सोहदाग के पुनीता देवी उम्र 30 वर्ष पति मनु भुईयां और संतोष भुईयां उम्र 30 वर्ष पिता गंधु उरांव के रूप में पहचान हुई है। मौके पर पहुंचे आजसू पार्टी के अनुराग पाठक द्वारा एम्बुलेंस के मदद से चारों घायलों को सदर अस्पताल भेजवाया गया।

# बालूमाथ पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी के घर चिपकाया इस्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुलिस ने सोमवार को जेजेएमपी के उग्रवादी आर्म्स एक्ट एवं 17 सी.एल.ए के आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार ने बताया की बालूमाथ पु0अ0नी0 अमित कुमार दास के नेतृत्व में न्यायालय के आदेश पर बालूमाथ थाना कांड संख्या-203/ 2023, धारा-147/ 147/147/ 387/ 120बभा0द0वि0, 25(1-B)a (1⁊)/26/35 आर्म्स, 25 (6)/25(7) आर्म्स अमेंडमेंड एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 के फरार चल रहे जेजेएमपी के नक्सली सदस्य के प्राथमिक अभुयुक्त बालदेव गंझू उर्फ़ अमरेश जी पिता-पचू गंझू सा0-गोनिया, छाताबार,एवं केदार यादव, पिता राघो यादव, ग्राम-महुआटाड़, दोनों थाना बारियातु, जिला- लातेहार के विरुद्ध न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तेहार आरोपीयो के घर चिपकाया है पुलिस को आरोपी की लंबे समय से तलाश थी ।इसको लेकर कई बार छापेमारी अभियान चलाया गया ।लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा था ।जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर इन दोनों के घर जाकर पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया । तथा उनके परिजनों को कहा गया कि आरोपी बालदेव गंझू उर्फ अमरेश जी एवं केदार यादव को न्यायालय में एक माह के अन्दर आत्मसमर्पण करवा दे नही तो उनके विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई, बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार, झारखंड के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर एवं गोद लिए हुए गांव बानपुर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्राओं एवं ग्रामीणों को संवेदनशील एवं जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सचिव अंजू गुप्ता एवं प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने सक्रिय भागीदारी करते हुए पौधारोपण किया तथा छात्राओं को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहकर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने पृथ्वी को सुरक्षित रखने हेतु सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, स्वीटी कुमारी सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारीगणों ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम में सहयोग किया,जिससे यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# सरहुल महोत्सव पर निकली शोभायात्रा, गूंजे जय सरना के नारे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ गांव में मंगलवार को सरहुल महोत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूरे धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव के अवसर पर सरना समिति महुआडांड़ के तत्वावधान में सरना भवन से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गांव के अखाड़ा तक पहुंची। इस शोभायात्रा में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए थे। उन्होंने हाथों में पारंपरिक हथियार और वाद्ययंत्र जैसे ढोल-नगाड़े लेकर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। यात्रा के दौरान जय सरना, जय चाला, और सरना माता की जय जैसे गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले बैगा सुले द्वारा सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की गई, जिसमें गांव की सुख-शांति और अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना की गई। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय उरांव, राकेश उरांव, प्रवीन उरांव, रामु, कुन्ती देवी, हेलमईत देवी और प्रेम शंकर का सराहनीय सहयोग रहा। गांववासियों ने पारंपरिक उत्सव को मिल-जुल कर मनाया और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

# रंगोली प्रतियोगिता एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ, लातेहार के वंदना सभागार में पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पृथ्वी दिवस के महत्व को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर भैया-बहनों द्वारा सुंदर रंगोली बनाकर पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार आज पृथ्वी प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और अंधाधुंध विकास के चलते संकट में है, उसे बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सचेत होना आवश्यक है। विद्यालय के आचार्य कपिल देव प्रमाणिक ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पृथ्वी को संरक्षित रखने के लिए छोटे-छोटे प्रयासों की महत्ता पर बल दिया। वहीं विद्यालय की दीदी जी रजनी नाग ने भैया-बहनों को विकास के साथ-साथ वृक्षारोपण करने, जल की बर्बादी रोकने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की सीख दी। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 6 की रानी पलक, कक्षा 7 की श्रेया, जिया, आकांक्षा, अदिति, कक्षा 8 की सौम्या, सोनम, आकांक्षा, तथा कक्षा 9 की चैताली, कोमल, अलका आदि बहनों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्यगण, दीदी जी, भैया-बहन गरिमामयी उपस्थिति में शामिल रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## चंदवा पुलिस ने किया अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान स्टेशन से करीब एक किमी कि दूरी पर भंगी गढ़ा नदी के समीप मंगलवार को ग्रामीणों कि सूचना पर चंदवा पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी है। मृतक ब्लू कलर का पैंट धारी ब्लू सर्ट के अंदर लाल कलर का टी सर्ट पहने हुआ है।मौके पर मौजूद पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद उस व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है।

# बालूमाथ सीएचसी में चिकित्सक की लापरवाही से व्यवसायी की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के चलते एक किडनी मरीज की इलाज में लापरवाही से मौत हो गई। सोमवार रात 11:30 बजे रिया रानी के संचालक हीरोकांत गुप्ता के भाई तरकांत गुप्ता (28) की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां एमबीबीएस डॉक्टर के बजाय सीएचओ दीपक कुमार ने इलाज शुरू किया। मरीज की स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने हंगामा किया। रात 1:30 बजे आयुष चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र कुमार को बुलाया गया, लेकिन तब तक मरीज की हालत गंभीर हो चुकी थी। उन्हें रिम्स रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।परिजनों का आरोप है कि यदि इमरजेंसी ड्यूटी में एमबीबीएस चिकित्सक रहते, तो मरीज की जान बच सकती थी। बालूमाथ सीएचसी में एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध होने के बावजूद प्रभारी द्वारा रात्रि ड्यूटी में सीएचओ को लगाया जाता है। प्रभारी डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने डॉक्टरों की कमी को इसका कारण बताया। वहीं, परिजनों ने लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई और रात्रि ड्यूटी में एमबीबीएस डॉक्टर की तैनाती की मांग की है।

## हजारीबाग झील से निकाला गया युवक का शव, सरकार भरोसे लायक नहीं

# अब खुद करना होगा काम : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बाबू गांव, कोर्रा निवासी आलेख गौरव की सोमवार की सुबह झील में डूबने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। जैसे ही यह समाचार उनके परिजनों और स्थानीय लोगों को मिला, सभी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सभी ने अपने स्तर पर खोजबीन का प्रयास किया, लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिजनों ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को संपर्क किया। विधायक श्री प्रसाद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जिला प्रशासन से संपर्क स्थापित किया और एनडीआरएफ की टीम को बुलाने का आग्रह किया। श्री प्रसाद सोमवार की देर शाम स्वयं घटनास्थल पहुँचे और जिला प्रशासन व उच्च अधिकारियों से लगातार संवाद करते रहे। परंतु, बार-बार प्रयासों के बावजूद एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी, जो अत्यंत पीड़ादायक और चिंता का विषय था। सरकारी तंत्र की निष्क्रियता को देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए चौपारण की एक प्रशिक्षित गोताखोर टीम को अपने निजी खर्च पर हजारीबाग बुलवाया। यह टीम रात्रि करीब 11:00 बजे तक झील में खोजबीन करती रही, परंतु शव नहीं मिल सका। अगले दिन मंगलवार को सुबह 6:00 बजे से पुनः खोजबीन का कार्य शुरू किया गया। लगभग आधे घंटे के प्रयास के बाद सुबह 6:30 बजे आलेख गौरव का शव बरामद कर लिया गया। घटनास्थल पर उपस्थित



पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक श्री प्रसाद ने कहा की हजारीबाग जैसे महत्वपूर्ण जिले के लिए यह अत्यंत दुखद बात है कि जब एक युवक की जान गई और तत्काल राहत की आवश्यकता थी, तब एनडीआरएफ की टीम उपलब्ध नहीं हो सकी। सरकार की तरफ से केवल आश्वासन दिए जाते रहे, लेकिन जमीन पर कोई ठोस सहायता नहीं मिली। उन्होंने आगे कहा की चौपारण जैसे छोटे से गाँव से आई टीम ने, जिसमें एक 65 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल थे, अपनी मेहनत के बल पर शव को बरामद किया। ये लोग अपनी सूझबूझ और साहस से वह कर गए, जो सरकार के पास संसाधनों के बावजूद नहीं हो सका।

**मौके पर विधायक ने कहा की :** मेरा प्रयास रहेगा कि इस टीम को बेहतर प्रशिक्षण दिलाया जाए और उन्हें गोताखोरी व राहत कार्यों के लिए आवश्यक सभी औज़ार निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएं। इतना ही नहीं, ऐसे टीम के 1-2 सदस्यों को मासिक वेतन पर नियुक्त करने का प्रयास करूंगा, ताकि भविष्य में इस तरह की किसी भी दुर्घटना की स्थिति में तत्काल और प्रभावी सहायता प्रदान की जा सके। श्री प्रसाद ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा की सरकार के भरोसे सिर्फ घोषणाएं मिलती हैं, ज़मीन पर कार्य खुद करना पड़ता है। अगर हमने चौपारण की टीम को नहीं बुलवाया होता, तो शायद शव मिलना और भी मुश्किल हो जाता। यह टीम मात्र 1 से डेढ़ घंटे के भीतर हजारीबाग पहुंच गई और रात्रि 11 बजे तक लगातार कार्य करती रही।

## सांसद मनीष जायसवाल ने जिले में 108 एम्बुलेंस की दयनीय स्थिति पर लिया संज्ञान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा की दयनीय स्थिति और विशेषकर जिस प्रखंड क्षेत्र में 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता नहीं है वहां तत्काल एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने मंगलवार को हजारीबाग जिले के सिविल सर्जन डॉ.सरयू प्रसाद सिंह उर्फ़ डॉ. एस.पी.सिंह से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाक़ात की और विस्तार से चर्चा किया। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सीएस से पूरे हजारीबाग जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा सुदृढ़ कराने, मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड में बीते श्रावणी मेला-2024 के समय से इस प्रखंड में एम्बुलेंस विहिन रहने और एक्सीडेंटल जोन वाले इलाके चौपारण, बरही, चरही, टाटीझरिया, विष्णुगढ़, बड़कागांव, केरेडारी, कटकमसांडी रोड़ और डेमोटांड़ क्षेत्र में प्रयाप्त मात्रा में 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की मांग की । सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के बातों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सीएस डॉ.एस.पी.सिंह ने जिले के 108 एम्बुलेंस को-ऑर्डिनेटर को एम्बुलेंस विहीन टाटीझरिया प्रखंड में अविलंब 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का दिशा- निर्देश दिया। अन्य क्षेत्रों में भी एम्बुलेंस की सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया । सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि 108 एंबुलेंस सेवा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा की रीढ़ है और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विशेष कर एक्सीडेंटल जोन इलाके में एम्बुलेंस की समुचित उपलब्धता से जरूरतमंद मरीजों की जीवन रक्षा हो सकेगी और उन्हें इलाज में इसका लाभ मिलेगा ।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल युवक को मो. कैयूम ने करवाया प्राथमिकी उपचार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के हरिजन स्कूल मोड़ समीप जीटी रोड पर दो बाइक का आमने सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवार जख्मी रूप घायल हो गए। घायलों में कोरियाडीह के विकाश प्रसाद व दुलमाहा के रोशन राम थे, जिन्हें मौके पर पहुंचे अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कैयूम ने अपने वाहन से बरही अनुमंडल अस्पताल लाया, जहां अपनी उपस्थिति में उन दोनों का प्राथमिकी उपचार करवाएं। इलाज उपरांत चिकित्सकों ने दोनों का स्थिति सामान्य बताया। इस दौरान मो.कैयूम ने कहा कि संकट परिस्थिति में किसी का सहारा बनाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है और संकट में मानव की सुरक्षा ही सबसे बड़ा धर्म है।

## बरही की बेटी आस्था शरण ने रचा इतिहास यूपीएससी में हासिल की 354 वीं रैंक हासिल कर किया क्षेत्र का नाम किया रोशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया गांव की रहने वाली आस्था शरण पिता शिव शरण गोप ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सर्विसेज की परीक्षा में 354 वीं रैंक प्राप्त किया है। सफलता की खबर सुनते ही पूरे बरही क्षेत्र में खुशी की लहर फैल गई। बधाई देने के लिए उनके आवास पर लोग पहुंचने लगे। इस संबंध में आस्था शरण से पूछे जाने पर बताया कि मेरे पिताजी एयरफोर्स में कार्य करते थे। इसलिए इनका ड्यूटी चंडीगढ़ में था। पिताजी के साथ रहकर केंद्रीय विद्यालय चंडीगढ़ से 2014 में दसवीं व 2016 में इंटर की पढ़ाई पूर्ण की। इसके बाद आईआईटी बीएचयू से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन की इंजीनियरिंग की पढ़ाई की 2016-20 सेशन में किया। इस दौरान मेरी मां अर्चना शरण का कैंसर से 2018 में देहांत भी हो गया था। उसके बाद मेरे पिता ही मेरे पढ़ाई का सहारा बने। इंजीनियरिंग के पढ़ाई के





बाद बीएचयू में कैंपस सिलेक्शन हुआ, जिसमें गोल्डमैन सच कंपनी में 32 लाख के पैकेज पर मेरी नौकरी हुई। डेढ़ सालों तक मैंने नौकरी किया। लेकिन मेरी सोच कुछ और ही अलग थी, सामाजिक कार्यों का निर्वहन करने का मुझे मन था। इसके बाद 2022 में नौकरी को मैंने छोड़ दिया। और सिविल सर्विसेज की तैयारी में लग गई। वर्ष 2023 में पहला अटेम्प्ट यूपीएससी का मैंने किया था, जिसमें पीटी में पास कर गई। लेकिन मेंस में डाउन हो गया। इंटरव्यू नहीं हो पाया था। लेकिन मेहनत जारी रखा और सेकंड अटेम्प्ट में हमें सफलता हासिल हुई। उन्होंने बताया कि यूपीएससी की तैयारी बाजी राव एंड रवि न्यू दिल्ली कोचिंग से 2022-23 सेशन में किया था, उसके बाद घर में ही रहकर ऑनलाइन पढ़ाई कर रहीं थी। उन्होंने बताया कि सोशियोलॉजी हमारा एक्स्ट्रा सब्जेक्ट था। वहीं उन्होंने अपना संदेश देते हुए बताया कि अपना मेहनत जारी रखें, रिजल्ट जरूर मिलेगा। आज के युवा बहुत जल्द हताश हो जाते है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए। वही बताएं कि प्रत्येक दिन 4 से 6 घंटे पढ़ाई किया करती थी, लेकिन परीक्षा नजदीक आने के बाद 8 से 9 घंटे पढ़ाई करती थी। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय अपने पिता के साथ पूरे परिवार को दिया। बता दे कि उनके पिता एयरफोर्स में 32 वर्षो तक सेवा देने के बाद वर्ष 2022 में रिटायर्ड भी हो गए। अपनी बेटी की सफलता को देख पिता के आंखों से आंसू रुक नहीं रहे थे।

**बधाई देने वालों का लगा रहा तंता :** बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा,मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव पंचमाधव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप धनवार पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद, जिप सदस्यया प्रीति गुप्ता जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, समाजसेवी मनोहर यादव, मंटू यादव, नागेश्वर रजक, मुन्ना यादव, सचिन यादव,समेत अन्य लोग शामिल थे।

### विधायक मनोज यादव ने दी बधाई



**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जरहिया बरही की बेटी आस्था शरण ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 354वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर बरही विधायक मनोज यादव ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह अभूतपूर्व सफलता आस्था के कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास जताया कि आस्था एक उत्कृष्ट आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करेंगी। विधायक ने कहा कि इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र को गर्व है और यह सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने आस्था शरण और उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विधायक कक्ष में लगा जनता दरबार, दर्जनों लोगों की सुनीं गई समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित विधायक कार्यालय में मंगलवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने जनता दरबार लगाया। इस मौके पर दर्जनों लोग अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे, जिनकी शिकायतों को उन्होंने ध्यानपूर्वक सुना और यथासंभव समाधान भी किया। जनता दरबार के दौरान रमेश ठाकुर ने कहा कि हमारे विधायक मनोज कुमार यादव जनसेवा की भावना से पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। हम भी उनके निर्देशों का पालन करते हुए जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान आने वाले नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं जैसे पेंशन, राशन, आवास, और स्थानीय विकास से जुड़ी परेशानियों को सामने रखा। श्री ठाकुर ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। जनता दरबार को लेकर स्थानीय लोगों में संतोष का माहौल देखने को मिला और उन्होंने इस पहल की सराहना की। मौके पर युगल यादव, टेकलाल यादव, पिंटू ठाकुर, विकास यादव, दीपक भगत सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एनटीपीसी के द्वारा सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विश्व पृथ्वी दिवस के मौक़े पर एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा विशेष सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल पृथ्वी के संरक्षण, सतत विकास और पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से पृथ्वी के संसाधनों के संरक्षण, प्रदूषण को कम करने और वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी के कई वरिष्ठ अधिकारीगण वीरेंद्र कुमार (अपर महाप्रबंधक - पर्यावरण प्रबंधन), अमुदाला प्रताप (अपर महाप्रबंधक - कोयला प्रेषण), सदानंद चारि उतूरि (अपर महाप्रबंधक - माइनिंग) एवं पवन वसंतराव खांडवे (अपर महाप्रबंधक - माइनिंग) सहित अन्य




अधिकारीगण उपस्थित रहे और इस पहल में सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर यह भी साझा किया गया कि अब तक पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा लगभग 6 लाख वृक्षों का रोपण किया जा चुका है, जिससे अनुमानित 42 लाख किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। परियोजना भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में कार्य करती रहेगी। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित भारत को 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन (Net Zero Emissions) लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयासरत है और इस दिशा में अपने योगदान को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आग की विभीषिका ने उजाड़ा गरीब का आशियाना, लाखो की संपत्ति जलकर खाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत छोटकी भेलवारा में सोमवार को करीब 4 बजे अचानक एक खपरैल मकान में आग लग गई। आनन फानन में पड़ोसी एवं ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया परन्तु घर के कोठे में रखी पुआल की वजह से आग पर काबू नही पाया जा सका। पड़ोसियो ने मिलकर घर मे खाट व कुछ सामानों को निकालने में सफल रहे। ऐसे में ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस-प्रशासन को इसकी सूचना दी,सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन हरकत में आई हज़ारीबाग अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई,करीब एक घंटे के अंतराल में दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुँचकर आग को काबू पाने में सफल रही। इस मौके पर विष्णुगढ़ एसआई



आशीष कुमार सिंह भी अपने दल-बल के साथ दमकल की गाड़ी आने से पूर्व मौजूद थे। आशीष कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टव्या में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट लग रहा है। घटना की जानकारी देते हुए चुरामन महतो ने बताया कि हम अपने घर मे सोए हुए थे,कि अचानक से आग लग गई।आग लगते देखकर हो-हल्ला करने पर आसपास के लोग जुटे और कुछ सामान को निकाला बाकी सामान वहीँ जलकर खाक हो गया। पूछे जाने पर बताया कि घर मे रखे नकदी सत्तर हजार रुपये,तीन क्विंटल चावल, ढाई क्विंटल आलू और डेढ़ क्विंटल समेत अन्य सामान वहीँ जलकर खाक हो गए। मौके पर मौजूद भेलवारा मुखिया लक्ष्मी देवी ने कहा कि यह घर एक दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूर चुरामन महतो का था,जो अब पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। इसके पास अब सर छुपाने की जगह नही है,सरकार व स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह होगा इस गरीब की शीघ्र मदद की जाय।

## हाथी हुए फिर सक्रिय,ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड में हाथी फिर से सक्रिय हो गए हैं इसी क्रम में प्रखंड के कई पंचायतों में लगातार भ्रमण करते हुए निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं एवं किसानों के गर्मी की सब्जियां जैसे लौकी,तरबूज,खिरा आदि फसलों को भी खा रहे हैं एवं कुचल रहे हैं. इसी क्रम में हाथी दारू प्रखंड के कविलासी पंचायत के सिलाडिह गांव में तकरीबन 10 दिन से सूर्यास्त के बाद सक्रिय हो जाते हैं एवं बाउंड्री वालों, निजी संपत्तियों और किसानों के फसलों को नष्ट करते हैं. एक सप्ताह पहले ग्राम सिलाडीह के रंजीत सिंह का बाउंड्री तोड़ दिया.और 21 अप्रैल को हाथियों ने राजकुमार महतो जो कि जमीन लीज पर लेकर सब्जी लगाया था हाथी कल रात 8ः00 बजे खेती में घुस गया एवं उनके



पाटवन के पाइप, कृषि उपकरण को को नष्ट किया. तत्पश्चात पेट भर हरी सब्जियों को चट किया और कई टन सब्जी की खेती को बर्बाद करते हुए तकरीबन 3ः00 बजे सुबह गए. इसमें राजकुमार महतो की खेती को काफी नुकसान पहुंचा. क्योंकि पिछले साल ही अशोक रविदास की दर्दनाक मौत हाथियों के कुचलने से हुआ इस कारण लोग हाथियों से दहशत में है और भगाने में भी विफल रहते हैं. राजकुमार महतो से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह इसका आवेदन आंचल में देंगे एवं सरकार से मुआवजे कि मांग करेंगे.

## प्रदीप प्रसाद पहुंचे मेन रोड व्यापारियों से किया सीधा संवाद, समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को मेन रोड का दौरा कर व्यापारिक क्षेत्र का निरीक्षण किया एवं वहां के व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर मेन रोड के व्यापारियों ने विधायक श्री प्रसाद का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें मोमेंटो एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को खुलकर विधायक के समक्ष रखा और क्षेत्र के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या, सार्वजनिक शौचालय की कमी,व्यापारियों ने बताया कि मैन रोड और आसपास के क्षेत्र में सामूहिक शौचालय की अत्यधिक आवश्यकता है। ग्राहकों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। डिवाइडर निर्माण की आवश्यकता, दुकानों में बढ़ती चोरी की घटनाएं, बिना वजह ट्रैफिक चालान कटने की शिकायत विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा दिए गए आश्वासन सामूहिक शौचालय का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, विशेष रूप से सदर थाना के पास की जगह को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। डिवाइडर निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा जिससे मैंन रोड की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। ट्रैफिक समस्या को लेकर पुलिस अधीक्षक से वार्ता की गई है आगे एक विशेष बैठक की जाएगी व्यापारियों के साथ. चोरी की



घटनाओं पर नियंत्रण हेतु सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पुलिस गश्ती दल की संख्या बढ़ाने की मांग पुलिस प्रशासन से की जाएगी. बिना कारण ट्रैफिक चालान काटने पर रोक लगाने हेतु ट्रैफिक विभाग को निर्देशित किया जाएगा कि पारदर्शिता के साथ नियमों का पालन कराया जाए और व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के व्यापारी शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी हर समस्या को वे गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि आप सबकी समस्याएँ मेरी अपनी समस्याएँ हैं। मैं खुद आपके बीच आकर स्थिति को देखकर गया हूँ, और मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। शीघ्र ही सभी आवश्यक विकास कार्य प्रारंभ होंगे। अंत में व्यापारियों ने विधायक के सक्रिय सहयोग और संवेदनशील दृष्टिकोण की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उनके साथ खड़े रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

## विष्णुगढ़ सीएचसी का केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़:** मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डा0 पंकज कुमार के नेतुत्व में विष्णुगढ़ सीएचसी में मरीजो को मिल रही सुविधाओं एवं हो रही असुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सरकार की सभी सुविधाओं की समीक्षा कर जायजा लिया साथ ही निरीक्षण के बाद सभी संतुष्ट दिखे। इस दौरान डा0 अरुण कुमार सिंह ने विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की समस्याओं को उनके समक्ष रखते हुए डेंटल चेयर, अल्ट्रासाउंड चालू करने की मांग की गई। जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जल्द ही पूरा करने आश्वासन दिया गया। इसके अलावे केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम निरीक्षण में आयुष्मान अरोग्य मंदिर उच्चाघाना पहुंच कर कई पहलू की जांच पड़ताल कर दिशा निर्देश दिया गया।इसके बाद निरीक्षण में केंद्रीय स्वास्थ्य की टीम टाटीझरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची और जांच पड़ताल की। इस दौरान मुख्य रूप से डा0 पंकज कुमार, डा0 विकास राठौर, डा0 अंजली, डा0 गौरव सिंह, डा0 नंदी दुबे, डा0 सेटा झा, डा0 नाजिया, डा0 कपिल मुनि प्रसाद, डा0 रवि शंकर, डा0 रंजन, डा0 राकेश पांडेय, डा0 सज्जन सिंह, डा0 अरुण कुमार सिंह, डा0 अंकित जयपुरयार, डा0 साहबान, डा0 विनय कुमार पांडेय, डा0 योगेंद्र कुमार, बीपीएम प्रमोद कुमार, पुष्पा श्रीवास्तव, नीरज कुमार, सतीश कुमार, मनोज प्रजापति, हेमंती कुमारी, प्रतिमा कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## दुधपनियाँ में श्री शिव शक्ति सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकाला गया भव्य कलश यात्रा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के दुधपनियाँ गांव में मंगलवार को श्री शिव शक्ति सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस यज्ञ आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने गाजे बाज़े के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु महिलाएं और युवतियों ने 551कलश लेकर जल यात्रा में शामिल हुई। मुख्य पुजारी बोला साव सह पत्नी,भुगल प्रजापति सह पत्नी,गणेश साव सह पत्नी,मिठू साव सह पत्नी, तुलसी पासवान सह पत्नी शामिल थे. इस जल यात्रा में बच्चों से बुजुर्ग लोग आस्था और श्रद्धा के साथ सैकड़ों क़ी संख्या शामिल हुए। कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर से निकलकर हरिजन स्कूल होते हुए बरसोती नदी पर पहुंची, जहां यज्ञाचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इसके उपरांत पैदल नगर भ्रमण करते हुए करते हुए पुनः शिव मंदिर यज्ञ स्थल पहुंचकर कलश को स्थापित किया गया. इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से माहौल भक्तिमय रहा। इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया मनोज कुमार, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता,महेंद्र पासवान, बाबूलाल पासवान, राजकुमार पासवान, बालेश्वर पासवान, शिव कुमार पंडित, महेंद्र पंडित, केशो यादव, केशो पासवान, जगदीश राणा, सकलदेव यादव, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव, धर्मदेव यादव, चंदन केसरी, कमलेश कुशवाहा, विनोद रविदास, सहित सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिन मंगलवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं एवं व्याख्याताओं द्वारा वृक्षारोपण करने के उपरांत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को विश्व पृथ्वी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। और उन्होंने बताया कि आनेवाली पीढ़ी को खुशहाल जीवन देने के लिए हम सभी को पृथ्वी को सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए।सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि पृथ्वी को बचाना हम सब की जिम्मेदारी है हम सभी को वृक्षारोपण के द्वारा लोगो में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अंजू तिवारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हमे यह याद दिलाता है कि हमें अपनी पृथ्वी कि रक्षा करनी है। यह एक अवसर है जब हम अपने व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लेते है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,शिक्षा विभाग के व्याख्याता डॉ रंजना पांडेय, डॉ अनामिका कुमारी , डॉ उमेश चंद्र महतो, डॉ राकेश रंजन, डॉ अरविंद कुमार, डॉ शिवानी ,अर्चना राणा एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## गुमशुदा मूकबधिर बालक को परिजनों को किया गया सुपुर्द



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 9 सितंबर 2024 को वात्सल्या धाम बालगृह रामगढ़ के हाउस फादर को सूचना प्राप्त हुई कि एक मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक कोठार ओवरब्रिज के पास खड़ा है। फिर हाउस फादर द्वारा संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देखभाल श्री दुखहरण महतो महतो को इसकी सूचना दी गई। इसके पश्चात चाइल्ड लाइन रामगढ़ के सदस्यों द्वारा तत्काल बच्चों को वात्सल्या धाम बालगृह पहुंचाया गया। दिनांक 10 सितंबर 2024 को मूकबधिर बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालक को बाल गृह में आश्रय दिया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई रामगढ़ द्वारा बच्चों के गुमशुदगी की फोटो युक्त तस्वीर अखबार में प्रकाशित की गई। तत्पश्चात बालक का आधार कार्ड बनवाने के क्रम में आरती पंकज यूआईडी प्रभारी द्वारा बालक के पूर्व से बनी आधार विवरणी उपलब्ध कराई गई। उपलब्ध विवरणी के आधार पर रामगढ़ अंतर्गत भुरकुंडा क्षेत्र में संरक्षण पदाधिकारी द्वारा विनोद किस्कु नामक व्यक्ति से संपर्क किया गया जो बालक के घर से चार-पांच किलोमीटर दूर रहता है। उनके द्वारा परिजन से संपर्क किया गया जिसके कारण व क्षेत्रीय कार्यालय भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से दिनांक 21 अप्रैल 2025 को प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष कैलाश कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण अधिकारी श्री अब्दुल कलाम अंसारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देखभाल दुखहरण महतो के द्वारा बालक की माता को सुपुर्द किया गया। बच्चा अपनी मां को पाकर काफी खुश था।

## उरीमारी आउटसोर्सिंग कंपनी के आसपास में राहुल दुबे गिरोह ने आगजनी का किया प्रयास,छोड़ा पर्चा

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत क्षेत्र के उरीमारी परियोजना के अधीन काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी के आसपास में बिती रात डेढ़ बजे अज्ञात अपराधियों ने डंपर चालक के साथ मारपीट व मशीन में आगजनी का प्रयास किया है। वहीं अपराधियों ने पेट्रोल छिड़ककर डंपर संख्या 1007 नंबर को आग लगाने व चालक के उपर भी आग लगाने का प्रयास किया गया है। हालांकि यह घटना कंपनी क्षेत्र में नहीं, बल्कि सीसीएल क्षेत्र में घटी है। जिसे स्थानीय लोगों ने देख कर हो हल्ला किया। वहीं अपराधियों ने राहुल दुबे गिरोह के नामे एक पर्चा छोड़कर भाग खड़े हुए। वहीं घटना के कुछ ही समय बाद उरीमारी ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले कि जानकारी लेकर छानबीन में जुट गई है। वहीं ओपी प्रभारी रथू उरांव ने बताया कि कंपनी के तरफ से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। वहीं अपराधियों द्वारा छोड़े गए पर्चे में राहुल दुबे गिरोह चेतावनी देते हुए लिखा है कि आउटसोर्सिंग कंपनी में समझाने के बावजूद भी नजरंदाज करने का ये नतीजा है। अगली बार जो बिना बात किए काम शुरू किया तो उसका खोपडी खोल दिया जाएगा। उक्त बातें पर्चे में लिखा गया है।

## वैश्य मोर्चा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने मंगलवार उपायुक्त, रामगढ़ को एक ज्ञापन सौंप कर मरार औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग लिमिटेड द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण की जानकारी देते हुए रोक लगाने की मांग की है. साहु ने इस ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्यपाल, मुख्यमंत्री और झारखंड प्रदूषण बोर्ड को भी दिया है. इस मुद्दे को कल रांची के राजभवन के समक्ष होने वाले महाधरना कार्यक्रम में भी उठाया जायेगा। श्री साहु ने लिखा है कि बिहार फाउंड्री लघु उद्योग के रूप में अपना फैक्ट्री प्रारंभ किया था. लेकिन हाल के दिनों में फैक्ट्री ने प्लांट को विस्तार दे कर बड़े उद्योग के रूप में स्थापित कर लिया है. गत दो-तीन माह से फैक्ट्री चालू करने के बाद इस प्लांट से भारी प्रदूषण, काले धुएं और धूलकण का उत्सर्जन हो रहा है. यहाँ तक कि ध्वनि प्रदूषण भी हो रहा है. फैक्ट्री के आस-पास के परिधि में भारी संख्या में आबादी निवास करती है और हजारों घर-मकान, स्कूल एवं अस्पताल हैं, जो इस प्रदूषण की जद में आ गए हैं. आस-पास के परिधि में निवास करने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया है और दिन-रात बेचैन रहते हैं. यहाँ के लोगों ने इस स्थिति के खिलाफ गत दो-तीन माह से लगातार विरोध प्रदर्शन भी करना शुरू कर दिया है और आपसे भी निजात दिलाने का गुहार लगा चुके हैं. इस आलोक में पीड़ित एवं प्रभावित पक्ष द्वारा झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा को भी जानकारी दी गई है। श्री साहु ने ज्ञापन में लिखा है कि क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना हो, फैक्ट्री चले, क्षेत्र का विकास हो, लोगों को रोजगार मिले, सरकार को राजस्व भी मिले इसका हम भी पूरी तरह से समर्थन करते हैं. लेकिन आम लोगों की जान और स्वास्थ्य को जोखिम में डाल कर ऐसा नहीं हो. अभी फैक्ट्री से जो प्रदूषण उत्सर्जित किया जा रहा है, यह कानूनी और संवैधानिक रूप से सरासर गलत प्रतीत होता है. इसलिए मामले की उच्चस्तरीय जाँच होनी चाहिए और लोगों की जान और स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए. श्री साहु ने ज्ञापन के अंत में मांग की है कि उपरोक्त विषय पर उचित कार्रवाई किया जाये और आमजनों को राहत पहुंचाई जाए. श्री साहु ने कहा है कि वैश्य मोर्चा द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज 23 अप्रैल को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय महाधरना कार्यक्रम किया जा रहा है. महाधरना में इस मुद्दे को भी उठाया जायेगा।

# भुचुंगडीह में कोयले की अवैध खदान में लगी आग का निरीक्षण करने पहुंचे मनीष जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रजरप्पा :** रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रो में कोयला की तस्करी धड़ल्ले से जारी हैं। कोयला तस्करी पर रोक लगाने में जिला प्रशासन विफल साबित हो रहा हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण हैं भुचुंगडीह के अवैध खदान में आग लगना। उक्त बातें हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने भुचुंगड़ीह में कही, मंगलवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल अवैध खदान में लगी आग का निरीक्षण करने भूचुंगडीह गांव पहुंचे थे ।इस दौरान उन्होंने कहा कि भुचुंगडीह गांव में लगभग 5 हज़ार लोग निवास करते हैं। दो दिन पूर्व भुचुंगडीह के अवैध खदान में आग लग गयी हैं। जो दुःखद घटना हैं। आग आखिर लगा कैसे और कौन कौन अवैध खदान से कोयला की तस्करी कर रहे हैं। इसपर उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। ताकि ऐसे अवैध खदानों को बंद किया जा सके। साथ ही कोयला तस्करों पर कसे सिकंजा गैर कानूनी तरीका से संचालित करने वाले कोयला तस्करो पर शीघ्र कानूनी कार्रवाई हो सकें। उन्होंने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने यह भी कहा की जहाँ आग लगी है वह क्षेत्र वन भूमि के अंतर्गत आता है और वहाँ अवैध माइनिंग का कार्य में वन विभाग चुप्पी साधे हुए है ।सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि राज्य की सरकार हर मोर्चे में फेल है। कोयला तस्करों के बल्ले बल्ले हैं। रात के अंधेरे में कोयला की तस्करी हो रही है। पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। सांसद ने कहा कि इस मामले की जानकारी मिलने पर वी आज भुचुंगड़ीह पहुंचे हैं। आखिर अवैध खदान किसके संरक्षण में चल रहा हैं और भुचुंगडीह में भीषण आग के पीछे दोषी कौन हैं। इस दौरान सांसद के आगमन पर जिला प्रशासन के और से जिला खनन पदाधिकारी निशांत सिंह, सीसीएल रजरप्पा महाप्रबंधक कल्याण जी प्रसाद,वन विभाग के रेंजर,और अंचल अधिकारी दीपक मिंज ,रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय वहाँ पहुँच चुके थे जिला प्रशासन और सीसीएल के अधिकारिओं द्वारा 5 अशवशक्ति का पंप से भैरवी नदी से पाइप लाइन द्वारा पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास जारी था सभी पदाधिकारियों को सांसद ने त्वरित करवाई का निर्देश देते हुए कहा कि सभी अवैध मुहानों को अविलंब बंद कर सूचित करने को कहा ।सांसद ने कहा कि रजरप्पा थाना क्षेत्र व गोला थाना क्षेत्र मे संचालित खदानों को किसी भी हाल में अवैध माइनिंग चलने नहीं दिया जाएगा । सभी पदाधिकारियों के हज़ारीबाग सांसद को बताया कि बहुत जल्द इस आग पर काबू पा लिया जाएगा इस मौके पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि भूचुंगडीह गांव में जो आग लगा है उसके लिए प्रत्यक्ष रूप से सरकार और स्थानीय प्रशासन दोषी है,अवैध खनन के कारण ही इस माइंस में आग लगा है।

## झारखंड कांग्रेस ने संगठन सृजन वर्ष के तहत प्रखंड से वार्ड तक कमेटियों के गठन का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातू :** पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी वर्ष 2025 संगठन सृजन वर्ष के रूप में मना रही है। जिसके तहत बीते कल रांची में झारखंड प्रभारी श्री के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश जी द्वारा राज्य के सभी प्रखंड अध्यक्षों की बैठक ली गई । जिसमें निर्देशित किया गया कि आगामी 3 महीने में प्रखंड मंडल से लेकर पंचायत एवं वार्ड तक की कमेटियों का पूर्ण गठन कर लेना है जिसमें सहयोग हेतू प्रदेश से एक पर्यवेक्षक कि भी नियुक्त ती कि गई हैं जो प्रखंड अध्यक्ष को सहयोग प्रदान करेंगे साथ ही साथ प्रदेश स्तर पर एक कनेक्ट सेंटर की भी शुरुआत की गई है । जिसमें संगठन सृजन को लेकर आ रही समस्याओं को व्हाट्सएप एवं एप के माध्यम से प्रदेश संगठन और प्रभारी को समय-समय पर सूचित करना है। जिसका निवारण प्रदेश द्वारा किया जाएगा इसी के आलोक में प्रदेश द्वारा एक सप्ताह के अंदर पुनः प्रखंड कमेटी गठन करने का प्रस्ताव मांगा गया है। इसके बाद क्रमशः मंडल पंचायत और वार्ड का भी गठन निर्धारित समय में किया जाना है। नए प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष की यह तकनीक और अनुशासन संगठन के सृजन एवं विस्तार में मिल का पत्थर साबित होगी और इस तरीके से संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत होगा ।तथा काम करने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित मान सम्मान मिलेगा। वही झारखंड प्रभारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि प्रखंड एवं जिला अध्यक्ष को कमेटी निर्माण एवं संचालन में कोई भी वरीय नेता हस्तक्षेप,पैरवी या तंग नहीं करेंगे । बल्कि पूरी ईमानदारी से मिलकर संगठन सृजन/ निर्माण में अध्यक्ष का सहयोग करेंगे वहीं प्रदेश द्वारा प्रखंड कमेटी के निर्माण हेतु 11 सदस्यीए फॉर्मेट जारी किया गया है। जहां एक अध्यक्ष सहित दो उपाध्यक्ष एवं नौ महासचिव के नाम का प्रस्ताव मांगा गया है। संगठन के इससे कार्यशाला एवं कार्य पद्धति से झारखंड के सभी प्रखंड एवं जिला अध्यक्ष उत्साहित हैं कि उन्हें काम करने की स्वायत्तता बिना हस्तक्षेप के प्राप्त हुआ है। इसके साथ-साथ संगठन संचालन के कई और निर्देश एवं टास्क कार्यशाला में दिए गए हैं।इसी संदर्भ में कल पतरातू प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेस जनो कि एक प्रखंड अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई है । जिसके पश्चात सूची फाइनल कर जिला एवं प्रदेश को भेजी जाएगी।

## ओरला में मंडा पूजा को लेकर शिव मंदिर प्रांगण में किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडू :** रामगढ़ जिला कि मांडू क्षेत्र अंतर्गत ओरला में मंगलवार को मंडा पूजा को लेकर बैठक शिव मंदिर प्रांगण में रखा गया है जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद् प्रतिनिधि ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू द्वारा किया गया वहीं आगामी 12 मई को मंडा पूजा करने को लेकर सहमति बनी एवं मंडा पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू उपाध्यक्ष कैलाश करमाली सचिव हरिशंकर प्रसाद ( नेता जी ) सहसचिव राजकुमार तुरी कोषाध्यक्ष उमेश करमाली उपकोषाध्यक्ष जितेन्द्र मुंडा एवं संरक्षक अकलेश महतो राजू प्रसाद रोशन रवानी शशि नायक कर्मपाल महतो को बनाया गया ।

## पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट(गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को किसी भी स्थिति में गर्भावस्था के दौरान लिंग जाँच न हो यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## इस साल 55वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है, स्थानीय श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं (प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना, दूषित हवा और जल, प्लास्टिक का कचरा और पेड़ों की कटाई) के प्रति जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से लड़ना है। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । विद्यार्थियों ने पृथ्वी के संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण किया। प्ले कार्ड के माध्यम से बच्चों ने पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया और कविता पाठ भी किया। बच्चों ने पृथ्वी दिवस से संबंधित चित्रकारी और स्लोगन लेखन गतिविधि में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरजाप सिंह ने बताया कि इन बच्चों का संदेश जन साधारण तक पहुँच रहा है । हम पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगा सकते हैं, प्लास्टिक का उपयोग कम कर सकते हैं, पानी और बिजली की बचत कर सकते हैं, और कचरे को सही ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं. छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी बच्चों के प्रयास की सराहना की। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदिप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा , सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा , सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, सरदार पुश्वींदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी , सरदार सतींदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली,सरदार गुरप्रीत सिंह चाना ,सरदार रमन बेदी, सरदार करामजीत सिंह जग्गी उपस्थित रहे।


## स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच स समय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# जेएलकेएम 25 अप्रैल को सौंपेगा महाप्रबंधक को ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की रामगढ़ इकाई द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत महाप्रबंधक, एस.आर.यू. रिफैक्ट्रीज प्लांट, रांची रोड को 25 अप्रैल 2025 को ज्ञापन सौंपे जाने की सूचना दी गई।यह सूचनार्थ नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेवटा, वार्ड नंबर 08 के विस्थापितों, प्रभावितों एवं ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर दी गई है। इस ज्ञापन में सीएसआर और 14 सूत्री मांग पत्र शामिल होंगे, जिसे जेएलकेएम रामगढ़ द्वारा सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में जेएलकेएम की केंद्रीय, जिला, प्रखंड, पंचायत इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता की उपस्थिति रहेगी। पार्टी ने रिफैक्ट्रीज प्लांट के महाप्रबंधक से आग्रह किया है कि वे 25 अप्रैल को उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं और मांगों से अवगत हों। सूचनार्थ कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, नगर परिषद संरक्षक शिवदयाल प्रसाद, नगर परिषद उपाध्यक्ष पवन कुमार, प्रेमजीत प्रसाद, शिव कुमार प्रसाद एवं रवि कुमार सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## मांडू थाना क्षेत्र बना अवैध कोयला कारोबार का अड्डा, सवा से डेढ़ लाख की इंट्री देने पर



**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आला अधिकारियों के तमाम कोशिशों एवं जारी फरमान के बावजूद मांडू थाना क्षेत्र इन दिनों कोयला कारोबार अवैध रूप से उभरा है। कोयला तस्कर क्षेत्र के हेसागढा, पुंडी, रंगमटिया, नोनियाचेड़ा सहित मांडू वन क्षेत्र के कई जगह से दिनदहाड़े अवैध कोयले की खरीदारी कर बाहर के मंडियों में भेजने के कार्य में जी जान लगाए हुए हैं। वही सरकार के पहरेदारों को इन पर नजर नहीं पड़ रही है। विशेष कर वन विभाग और मांडू पुलिस की नजर नहीं पड़ रही है। जिससे लग रहा है कि सब कुछमैनेज है। सूत्र बताते हैं कि इन जगहों से अवैध कारोबार करनेकी रणनीति संबंधित विभाग के अधिकारियों ने पहले ही तय करमांडू से चल रहे कोयले के अवैध कारोबार में मनीष की हो रही चर्चा वैसे तो कोयले के अवैध कारोबार में बहुत सारे महारथियों का अच्छा खासा योगदान है लेकिन वर्तमान में मांडू से संचालित गोरख धंधे में काले स्कॉर्पियो पर चलने वाले मनीष का चर्चा जोरों पर है। कहा जा रहा है कि उनकी पहुंच काफी ऊपर तक है। इसलिए उनके मुर्गे बेधड़क अवैध कोयला कारोबार को अंजाम तक पहुँचाने में एड़ी चोटी एक।

## मंत्री दीपिका पांडेय का बुके दे कर स्वागत किया गया




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री एवं उपाध्यक्ष इत्यादि ने गोला स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित था उसके बीच निर्धारित प्रोग्राम के अनुसार जाकर के झारखंड ग्रामीण मंत्री दीपिका पांडेय से मुलाकात कर उन्हें फूलों का बुके देकर स्वागत किया गया और आने वाले दिनों में दिनांक 04.05.2025 दिन रविवार को सुबह 11 बजे से गुरुनानक ऑडिटोरियम,गुरुनानक स्कूल रामगढ़,झारखंड में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बड़े ही भव्य रूप से भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया, उन्होंने आने के लिए सहर्ष सहमती ब्यक्त की, बुके देने वालों में विश्व ब्राह्मण के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विप्र फाउंडेशन के महामन्त्री प्रदीप कुमार शर्मा, विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन पाठक, विप्र फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा, एवं अशोक पांडेय इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से बुके देकर स्वागत किया, इस आशय की सूचना जय प्रकाश शर्मा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन एवं प्रदीप कुमार शर्मा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नवीन पाठक विश्व ब्राह्मण संघ ने संयुक्त रूप से दी।

## सांसद प्रतिनिधि द्वारा रामगढ़ डीसी से रामगढ़ सदर अस्पताल में सिटी स्कैन और एमआरआई मशीन स्थापना की मांग की गई



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल में आधुनिक जांच सुविधाओं जैसे सिटी स्कैन और एमआरआई मशीन की स्थापना के लिए भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने उपायुक्त रामगढ़ को एक आवेदन सौंपा है। यह मांग जनहित में, रामगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को हो रही स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों को ध्यान में रखकर की गई है। धनंजय कुमार पुटूस ने बताया कि वर्तमान में रामगढ़ सदर अस्पताल में सिटी स्कैन और एमआरआई जैसी आवश्यक जांच सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण मरीजों को गंभीर बीमारियों के निदान के लिए निजी अस्पतालों या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन मशीनों की स्थापना से न केवल समय पर निदान और उपचार संभव होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि सिटी स्कैन और एमआरआई मशीनों की उपलब्धता से मरीजों को महंगे निजी अस्पतालों और लंबी यात्राओं से मुक्ति मिलेगी। यह कदम रामगढ़ जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। धनंजय कुमार पुटूस ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि इस जनहितकारी प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई की जाए और रामगढ़ सदर अस्पताल में सिटी स्कैन व एमआरआई मशीनों की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। यह पहल निश्चित रूप से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने में मील का पत्थर साबित होगी।

## महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित काण्डो की विडियों कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से समीक्षा की गई



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक, (अभियान), झारखण्ड, राँची के अध्यक्षता में महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित काण्डो की विडियों कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से समीक्षा की गई तथा काण्डों का अनुसंधान त्वरित गति से करते हुये ससमय निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।उक्त निर्देश के आलोक में श्री अजय कुमार, (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा कार्यालय कक्ष में रामगढ़ जिलान्तर्गत दर्ज महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित काण्डों के अनुसंधानकर्ता, थाना / ओ0पी0 प्रभारी, पुलिस निरीक्षक एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक किया गया।बैठक में महिला लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित काण्डों की समीक्षा किया गया तथा अनुसंधानकर्ता को काण्ड में लंबित कार्रवाई को अविलम्ब पूर्ण करते हुए काण्ड का निष्पादन 60 दिनों के अन्दर करने साथ ही ॥ब्रस्ह पोर्टल पर ससमय अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया गया। संबंधित पुलिस निरीक्षक एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी को प्रत्येक सप्ताह लैंगिक अपराध एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित काण्डों की समीक्षा करते हुए काण्ड में हुई प्रगति से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, (मु0), रामगढ़, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, पुलिस निरीक्षक, माण्डु/गोला / पतरातु, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ /रजरप्पा, थाना / ओ0पी0 प्रभारी, माण्डु/बासल/ महिला / पतरातु एवं अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहें।

## वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिले अमित साहू



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिलकर राज्य के कई समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य रूप से पूरे राज्य में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर का पद कई महीनो से रिक्त है। इससे राज्य के उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त संबंध में माननीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द सभी रिक्त पद भरे जाएंगे। माननीय मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर से फूड प्रोसेसिंग की दिशा में बेहतर कदम उठाते हुए रामगढ़ के गोला में फूड इंडस्ट्रियल पार्क के स्थापना को लेकर अमित साहू ने माननीय मंत्री से सकारात्मक वार्ता की है। अमित साहू ने माननीय मंत्री को बताया कि गोला में फूड प्रोसेसिंग की अपार संभावनाएं हैं जिससे स्थानीय किसानों को आर्थिक स्थिति समृद्ध करने की दिशा में एक बेहतर कदम होगा। माननीय मंत्री ने गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए कहा कि वह जल्द से जल्द रामगढ़ का दौरा कर वस्तु स्थिति का अध्ययन करेंगे। माननीय मंत्री के सकारात्मक विचार पर अमित साहू ने आभार जताया है।

## भागवत बनें सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण एसएमएस के नेशनल इंचार्ज



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण एस एम एस के पुनर्गठन में 43 पुस्तकों के लेखक भागवत प्रसाद वशिष्ठ को ?सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण एस एम एस के भारत का नेशनल इंचार्ज के रुप मनोनीत किया गया है, संतोष कुमार शर्मा अध्यक्ष, डॉ. रघुवंश प्रसाद मिश्रा सचिव, डॉ. अनुराधा कोषाध्यक्ष बने हैं। साथ ही झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोचन पाण्डेय, सुरेश चंद्र तिवारी प्रदेश सचिव, गोपाल पाण्डेय एमडी, एच के मिश्रा सीएमडी आदि के साथ प्रमोद कुमार, श्रीमती कुमारी, मोहम्मद जाहिद, अनीस अंसारी, बैद्यनाथ साहु, मिथिलेश पाण्डेय, अरुण कुमार राजवंशी, शुभाशीष पाण्डेय आदि लोगों को मनोनीत किया गया है। स्टेट वार कौंसिल एक्स्क्युटिव कमिटी के को चेयरमैन राधेश्याम गोस्वामी, प्रमोद कुमार दूबे, बॉबी पाण्डेय, सुभद्रा झा, राजीव रंजन त्रिवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत ओझा, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक कुमार चौबे, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश तिवारी आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुरेश चंद्र तिवारी प्रदेश सचिव ने कहा कि जो जिम्मेदारी हमें मानवाधिकार की ओर से सौंपा गया है, उसे हरसंभव पुरा करने का प्रयास करेंगे। सामाजिक दोहन शोषण के खिलाफ आवाज उठाई जायेगी।

## पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने निकाली एक अनूठी रैली




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बच्चों ने अपने सिर पर पृथ्वी का मॉडल रखा और नारे लगाए की धरती मां क्या चाहती है, मेरा पुराना रूप लौटा दो, धरती मां क्या चाहती है, मेरी हवा को शुद्ध कर दो। पेड़ लगाओ और धरती बचाओ आदि। रैली की अवधारणा पृथ्वी सबके लिए है, कुछ बच्चे पशुओं की मुखटा पहन कर रैली में चल रहे थे, कुछ बच्चें पृथ्वी दिवस की तख्तियां लिए हुए थे। कुछ रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह में रैली राजापुर कोलियरी क्षेत्र के पास रजवार बस्ती और कोरीबांध और सहनपहाड़ी क्षेत्र से गुजरी, जहां भूमि पूरी तरह से विनाश हो चुका है। रैली के उपरांत एक कार्यक्रम वसुंधरा वंदना आयोजित किया गया, जहां पृथ्वी के पांच तत्वों वायु, पृथ्वी, जल, अग्नि और आकाश को नमन किया गया। कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा यह एक रैली नहीं है यह अगली पीढ़ी का आग्रह है, यह पृथ्वी को बचाने की पुकार है। सभी को लगता है कि प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग और असंतुलित कोयला खनन अभ्यास से पृथ्वी बर्बाद हो रही है। यदि पृथ्वी का स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो मानव का स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। कार्यक्रम में पिनाकी रॉय, कला शिक्षक संजय पंडित समेत कई बच्चे मौजूद थे।

## पृथ्वी दिवस समारोह पर बाल पर्यावरण संरक्षकों को किया प्रेरित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपर्णा पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग), कुसुम विहार में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को एक प्रेरणादायक और जीवंत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिल कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यह आयोजन विद्यालय के निदेशक करुणेश कौशल के दूरदर्शी नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिन्होंने सभी को पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय में कई शैक्षिक, रचनात्मक और जागरूकता से भरपूर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छात्रों ने पौधारोपण, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, पर्यावरण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति और रिसाइकलिंग ड्राइव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में सतत विकास की भावना को जगाना और हरित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। शिक्षिकाएँ अनुप्रिया, केया, दीप्ति और अंचल ने इन सभी गतिविधियों की योजना बनाने और उन्हें सफलतापूर्वक संचालित करने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन एक प्रतिज्ञा समारोह के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिल कर अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने की शपथ ली।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी में बाह्य विभाग की स्वास्थ्य सेवा शुरू

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद में बाह्य विभाग की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा डॉ. जिम्मी अभिषेक के द्वारा सुचारू रूप से शुरू की गई जिसमें 9 पेशेंट ने परामर्श एवं मुफ्त में आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार दवा और मलहम लिया। इसी क्रम में गणेश चक्रवर्ती ने अपने द्वारा ऑडियोमेट्री परीक्षण का निःशुल्क सेवा देने का एलान किया। वो प्रत्येक गुरुवार को निःशुल्क बहरेपन की जांच, ऑटिज्म बच्चे एवं हकलेपन के लिए स्पीच थैरेपी की सेवा देंगे। प्रत्येक बुधवार को डाक्टर मेजर चंदन के द्वारा वाह्य विभाग की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं आजीवन सदस्य लीला मांजी एवं गणेश चक्रवर्ती समेत अन्य उपस्थित रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या : 01-MC-OTWR-2025-26, दिनांक : 17.04.2025

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Two packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : धनबाद मंडल के CPU, BRKA एवं DHN क्षेत्र के विभिन्न लोडिंग साइडिंग पर अनलोडेबल बॉक्सएन वैगनों की ट्रेन वेल्डिंग मरम्मत का कार्य। 2. संविदा की अवधि : 3 वर्ष/36 महीना, 3. कार्य – स्थान : धनबाद, बरकाकाना और चौपन क्षेत्र की संबंधित साइडिंग। 4. अनुमानित बोली मूल्य : ₹16,51,27,205.51 (सोलह करोड़ इक्यावन लाख सत्ताईस हजार दो सौ पांच रूपये और इक्यावन पैसा) मात्र, 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹10,000/– (दस हजार रूपये) मात्र। 6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार) : ₹9,75,700/– (नौ लाख पचहत्तर हजार सात सौ रूपये) मात्र। 7. ई–निविदा जमा करने की तारीख तथा समय : तारीख 24.04.2025 से 08.05.2025 को 12:00 बजे तक, 8. ई–निविदा खुलने का तारीख तथा समय : तारीख 24.04.2025 से 08.05.2025 को 12:00 बजे तक, 9. बेब साईट विवरण : http://www.ireps.gov.in (ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियन्ता (समाडि)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/0124/डीएचएन/या./टी/25–26/40

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या : RP/ECR/DNR/EL/PMS/GHD-MHDA, दिनांक : 16.04.2025.

1. कार्य का नाम एवं स्थान : Request for proposal (RFP) appointment of project management services (PMS) for "Design, Supply, Erection, Testing & commissioning of 132/2x25 KV Traction sub-station along with SP/SSP's between GHD-MHDA Section in connection with raising loading capacity upto 3000MT under East Central Railway. 2. कार्य का अनुमानित लागत :₹7,28,69,340.53/–, 3. निविदा फार्म की कीमत : ₹0.00/–, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹5,14,400/–, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एव निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनाकं : 26.05.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय : दिनांक 09.06.2025 को 15:00 बजे। 6. बेवसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदडं एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/ दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन–801105,

उप मुख्य विद्युत अभियंता / पूमरे/दानापुर

पीआर/0125/डीएनआर/अभि./टी/25–26/44


## हमलावरों की गिरफ्तारी ना होने पर पत्रकारों में रोष

# 24 को समाहरणालय के समक्ष देंगे धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** धनबाद प्रेस क्लब ने गांधी सेवा सदन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें पत्रकारों पर दिनांक 16 अप्रैल 2025 को हुए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे महासचिव अजय प्रसाद ने कहा की अगर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई, तो आगामी गुरुवार, 24 अप्रैल को समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित होगा। प्रेस क्लब के पदाधिकारी ने सभी पत्रकारों को एकजुट होने को कहा है। प्रेस क्लब के बैठक में पदाधिकारी ने कहा कि इस मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर ऐसी घटना को अंजाम देने वालों की गिरफ्तारी अभी तक क्यों नहीं हो पा रही है। पत्रकारों का कहना है कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञात हो की उस दिन रंधीर वर्मा चौक पर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, उनके बेटे और भाइ, कांग्रेस के दूसरे गुट से आपस में झगड़ रहे थे, जिसका कवरेज पत्रकारों ने करना शुरू कर दिया था। इसी से नाराज होकर उन्होंने पत्रकारों पर हमला किया। इस हमले में पत्रकारों के मोबाइल छीन लिए गए और उन्हें गाली-गलौज और पिटाई का सामना करना पड़ा। घटना के बाद एफआईआर भी दर्ज हुई है किंतु कई दिन गुजर जाने के बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई जिससे पत्रकारों में रोष व्याप्त है। बैठक में दर्जनों पत्रकार मौजूद थे जिन्होंने इस पूरे घटना क्रम की निंदा की है।

## डीएवी मॉडल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल में (पृथ्वी दिवस) अर्थ डे मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के सुबह की सभा में बड़े उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के एलजी और यूकेजी के छोटे - छोटे, नन्हे - मुन्ने बच्चों ने धरती को बचाने की रूपरेखा का भेष धारण किए हुए थे जिसमें वे अति सुंदर और प्रासंगिक लग रहे थे। इस सभा में कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे पर प्रतिज्ञा, विचार, भाषण तथा प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत किए। सभा में विद्यालय की प्राचार्य महुआ सिंह ने अर्थ डे के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि इसे विश्व पृथ्वी दिवस भी कहा जाता है। इस साल 2025 का विषय - हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना है। उसके महत्व को समझना ,संसाधनों की क्षति कम करना, पेड़ों की कटाई रोकना, वृक्षारोपण करना, प्रदूषण को रोकना आदि है। विद्यालय की सभा के बाद सी.एफ.आर.आई. के कैंपस में प्रभातफेरी छात्रों द्वारा की गई। कार्यक्रम में सी.सी. ए. इंचार्ज मौसमी बनर्जी और इको क्लब की इंचार्ज मनोविता मुखर्जी उपस्थित थीं।

## उपायुक्त ने किया जनता दरबार का आयोजन

### छात्रों ने शिक्षक पर लगाया फीस लेकर भाग जाने का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने उपायुक्त को अपनी समस्या बताई।जनता दरबार में बलियापुर इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी के छात्रों ने उपायुक्त को बताया कि वहां के एक शिक्षक, जो कोचिंग सेंटर भी चलाता है, से सैंकड़ों छात्र ट्यूशन पढ़ते हैं। इंस्टिट्यूट में छात्रों की ट्यूशन फीस जमा कराने के लिए उक्त शिक्षक ने लगभग 70 छात्रों से 10 - 10 हजार रूपए लिए। छात्रों ने आरोप लगाया कि शिक्षक ने इसमें से केवल ?2000 इंस्टिट्यूट में जमा कराए। बाकी रकम लेकर भाग गए। इस संबंध में बलियापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। छात्रों ने उपायुक्त से रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई।वहीं एक अन्य व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि उनके पिता भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड में कार्यरत थे। उनके पेंशन की राशि बैंक में जमा हो रही थी। पिता की मृत्यु के बाद भूलन बरारी के कार्मिक पदाधिकारी बैंक में आवश्यक कागजात नहीं भेज रहे हैं। इसके कारण बैंक एकाउंट से राशि नहीं निकाल पा रहे हैं। उपायुक्त ने इस मामले पर भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के निदेशक कार्मिक से बात कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।एक अन्य बुजुर्ग ने उपायुक्त को बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की चिरकुंडा शाखा में पत्नी का खाता था। पत्नी की मृत्यु के बाद सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी राशि वापस करने में बैंक आनाकानी कर रही है। उपायुक्त ने एलडीएम को फोन कर समस्या का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा नहीं मिलने, अबुआ आवास स्वीकृत हो जाने के बावजूद भाई द्वारा निर्माण कार्य नहीं करने देने, जमीन का म्यूटेशन नहीं करने, जमीन मापी में बाधा उत्पन्न करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## धनबाद जिला में बीड़ी उद्योग का पतन, संकट में मजदूर : अहमद निसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** धनबाद के जाने माने व सुप्रसिद्ध लेखक अहमद निसार ने बताया की धनबाद शुरू से कोयला खदानों के लिए मशहूर रहा है और कोयला मजदूरों की थकान मिटाने के नाम पर यहां का बीड़ी उद्योग करीब दो दशक पहले सिर्फ कोयले की खानों के लिए ही नहीं, बल्कि बीड़ी उद्योग के लिए भी जाना जाता था। उमा शंकर बीड़ी, अलीजान बीड़ी, अल्ताफ बीड़ी और सलाम बीड़ी जैसे कई प्रसिद्ध नाम यहाँ के कारीगरों और मजदूरों के जीवन का आधार थे। खास कर गरीब परिवारों की महिलाएँ इस उद्योग की रीढ़ थीं। घर बैठे बीड़ी बनाकर वे अपने परिवार की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करती थीं। लेकिन आज ये सभी प्रतिष्ठित बीड़ी ब्रांड इतिहास बन चुके हैं। झरिया के बीड़ी उद्योग ने जो चमक देखी थी, वह अब राख बन चुकी है। इसके पीछे कई कारण हैं – सरकारी नीतियाँ, बढ़ते टैक्स, सिगरेट के मुकाबले बीड़ी के प्रति बदलता उपभोक्ता नजरिया, और स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियाँ।बीड़ी उद्योग में सबसे अधिक श्रमिक महिलाएँ थीं। वे दिनभर घर के कामों के साथ बीड़ी बनाने का कार्य करती थीं, जिससे उन्हें थोड़ी आमदनी होती थी। इस आय से बच्चों की पढ़ाई, घर के खर्च और इलाज जैसी आवश्यकताएँ पूरी होती थीं। बीड़ी कारखानों के बंद हो जाने के बाद इन महिलाओं के सामने रोज़गार का गंभीर संकट खड़ा हो गया। न तो कोई वैकल्पिक प्रशिक्षण उपलब्ध हुआ, न ही सरकार की ओर से ठोस पुनर्वास योजना। इससे समाज के इस वर्ग में गरीबी, कुपोषण और शोषण जैसी समस्याएँ और भी गहराने लगी हैं।स्थानीय निवासियों का कहना है कि झरिया में वैकल्पिक कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की ज़रूरत है। महिला श्रमिकों को स्वरोज़गार, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई, अगरबत्ती निर्माण जैसे प्रशिक्षण देकर दोबारा काम से जोड़ा जा सकता है। साथ ही, सरकार को बीड़ी मजदूरों के लिए एक व्यापक राहत और पुनर्वास नीति लानी चाहिए। झरिया की बीड़ी महिलाओं की मेहनत का प्रतीक थी। आज जब वह उद्योग समाप्त हो चुका है, तो इन महिलाओं को अकेला छोड़ देना सामाजिक और नैतिक दोनों ही दृष्टिकोणों से अनुचित होगा। अब समय आ गया है कि सरकार, सामाजिक संगठन और उद्योग जगत मिलकर इन्हें नया जीवन देने के लिए आगे आएं।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD.**

CIN: U40108JH2013SGC001704

Office of the General Manager Transmission Zone -V, Hazaribag,
Office At- Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Mont Fort School, Hazaribag, Pin- 825301, JH, eMail ID:- gmtzone5hzb@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part– II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | N.I.T. No. | Description of Work | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 22/PR/JUSNL/ 202526 | Work for Supply, Installation, Testing &Commissioning of complete 20 meter High Mask Lighting System along with the entire electrical supply network and other allied works needed for it inside the switch yard at 132/33KV GSS Sariya | Rs23,500.00/ | Rs2500+18%GST = Rs2950/- |
| 02 | 23/PR/JUSNL/ 202526 | Procurement of emergency materials like CT and other electrical equipment for maintenance work at 220/132/33KV GSS, Itkhori. | Rs.18,100.00/ | Rs.1250+18%GST = Rs.1475/- |
| 03 | 24/PR/JUSNL/ 202526 | Urgent procurement of lighting materials along with lighting spares at 220/132/33KV GSS Itkhori (Chatra) | Rs21,200.00/ | Rs2500+18%GST = Rs2950/- |
| 04 | 25/PR/JUSNL/ 202526 | Urgent procurement of materials for 132/33KV GSS, Sariya under Transmission Sub -division, Sariya. | Rs22,900.00/ | Rs2500+18%GST = Rs2950/- |
| 05 | 26/PR/JUSNL/ 202526 | Urgent procurement of Electrical consumable materials for routine and breakdown maintenance of 220/132/33KV S/Y PTPS. | Rs.19,300.00/ | Rs.1250+18%GST = Rs.1475/- |
| 06 | 27/PR/JUSNL/ 202526 | Urgent procurement of Day to Day use maintenance materials for 220/132/33KV GSS, Itkhori. | Rs.23,500.00/ | Rs2500+18%GST = Rs2950/- |

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 25/04/2025 from 12:00PM
2) Last Date and Time forsale of Tender Documents - 15/05/2025 upto 1:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 16/05/2025 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part- I - 16/05/2025 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part– II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone-V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone -V,Hazaribag

PR 350826 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.- 01/2025-26**

पत्रांकः–332 दिनांक :–22.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 29.04.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 30.04.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 30.04.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0 1 चतरा का कार्यालय। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0 1 चतरा का कार्यालय। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 250 MT Godown at Gidhaur Block under Chatra District for the Year 2024-25 . | 19,21,754.00 | 38500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | Renovation of 1000 MT Godown ,Block- Itkhori, Dist.- Chatra for the Year 2024-25 | 16,26,530.00 | 33000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | Renovation of 500 MT Godown, Block - Kanhachatti , Dist. –Chatra District for the Year 2024-25 | 22,83,350.00 | 46000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | Renovation of 1000 MT Godown ,Block- Chatra , Dist.- Chatra for the Year 2024-25 | 17,64,881.00 | 35500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5 | Renovation of 250 MT Godown , Block-Chatra , Dist.- Chatra for the Year 2024-25 | 11,65,483.00 | 23500.00 | 2500.00 | 02 Months |

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, चतरा

PR 350834 Building(25-26).D

**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा (जिला भू–अर्जन शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा मौजा बनसरी के रैयतों को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिलान्तर्गत NH-143A पथ के बाईपास पथ परियोजना जो मौजा–हिरही से मौजा–सेन्हा Km 12+800 to Km 29+080 (Length 19.88 Km) तक भूमि अधिग्रहण कार्य किया जा रहा है। परियोजना में पथ निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। संबंधित सभी मौजों के रैयतों से मुआवजा भुगतान से संबंधित सभी कागजात प्राप्त कर मुआवजा भुगतान किया जा रहा है। सेन्हा अंचल अन्तर्गत मौजा बनसरी के सभी संबंधित रैयतों को नोटिस निर्गत है। सभी संबंधित प्रभावित रैयतों से अनुरोध है कि अपने अपने अर्जित भूमि से संबंधित कागजात यथा खतियान/डीड, लगान रसीद, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, एवार्डी सत्यापन प्रतिवेदन, सत्यापित वंशावली, पारिवारिक बंटवारानामा, क्षतिपूर्ति बन्धपत्र, फोटो–2 एवं रेभन्यु टिकट एवं अन्य आवश्यक कागजात आवेदन के साथ जिला भू–अर्जन कार्यालय लोहरदगा में जमा करें। आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजातों का सत्यापन कर मुआवजा भुगतान हेतु त्वरित कार्रवाई किया जा सके।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 350766 Lohardaga(25-26).D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Short e-Procurement Notice**

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 09 /2025-26 Date:-21-04-2025

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work for UPV Sonpura, Kaandtari, Block Barkagaon, Hazaribag | 3584200/- | 72000/- | 5000/- | 4 Month |
| 2 | Renovation of Rajkiye Prathmik Vidyalay Mukunganj, Block- Sadar ,District-Hazarbag | 4920600/- | 99000/- | 5000/- | 6 Month |
| 3 | Construction of Fish feed Unit in Ichak –Block at Hazaribag for the year 2024-25 | 2922800/- | 59000/- | 5000/- | 3 Month |
| 4 | Construction of Hall Garage , Toilet & Renovation of Min Bhawan and old Building Demlition in Noora Prikshetra ,Matsya Bibhag at Hazaribag for the year2023-24 | 3388900/- | 68000/- | 5000/- | 4 Month |
| 5 | Construction of Boundary Wall in Noora Prikshetra ,Matsya Bibhag at Hazaribag for the year2023-24 | 3861500/- | 78000/- | 5000/- | 4 Month |
| 6 | Repair of Administrative Building located in the Campus of ITI at Hazaribag | 2777700/- | 56000/- | 5000/- | 4 Month |
| 7 | Renovation for Utkarmit Middle School Karimati(Ichak) Block – Ichak, at Hazaribag for the year 2024-25 | 4852000/- | 99000/- | 5000/- | 4 Month |
| 8 | Repair of A Ward Cottage(89 to 92) at open Jail ,Hazaribag in the District of Hazaribag. | 3227200/- | 65000/- | 5000/- | 4 Month |
| 9 | Repair Work of Boundary wall at open Jail, Hazaribag in the District of Hazaribag. | 2093200/- | 42000/- | 5000/- | 4 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 30-04-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 07-05-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 350797 Building (25-26)_D

## संक्षिप्त खबरें

### शिविर आयोजित कर तेरह उपभोक्ताओं को दिया गया बिजली कनेक्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बिजली विभाग का कार्यालय में शिविर आयोजित कर तेरह उपभोगताओं को नया बिजली कनेक्शन दिया गया। जितेंद्र उरांव, विजय कुमार, वीरेंद्र राम, मारकुस कुजूर, अरविंद कुमार, नौशाद अंसारी, बुदेश्वर उरांव, मनोज महतो, सुनीता देवी सहित अन्य लोगों को बिजली उपयोग के लिये नया कनेक्शन दिया गया। वही बिजली विभाग के एसडीओ अजु कच्छप ने नये बिजली कनेक्शन लेने वालों को प्रखंड मुख्यालय स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में आ कर ससमय बिजली बिल का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एई सब्बीर अंसारी तथा मनान अंसारी, भोला साहु, करमचंद उरांव, प्रमोद उरांव, विक्रम गोप समेत अन्य बिजली कर्मी उपस्थित थे।

### विश्व पृथ्वी दिवस प्रकृति के प्रति जागरूकता का प्रतीक : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष सह झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और पृथ्वी की रक्षा के प्रति वैश्विक जागरूकता फैलाना है। यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि पृथ्वी हमारी जीवनरेखा है और इसकी देखभाल हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। विश्व पृथ्वी दिवस की शुरुआत 1970 में अमेरिका में की गई थी। उस समय पर्यावरणीय संकट जैसे औद्योगिक प्रदूषण, तेल रिसाव, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस दिन की नींव रखी गई। इसकी प्रेरणा अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन द्वारा दी गई थी और पहले ही वर्ष में लगभग 2 करोड़ अमेरिकी नागरिकों ने इसमें भाग लिया। तब से यह दिन एक वैश्विक आंदोलन में परिवर्तित हो चुका है।

# कालीचरण मुंडा पहुंचे सिमडेगा, दिशा की बैठक का आयोजन कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सांसद खुंटी लोकसभा क्षेत्र -सह- अध्यक्ष जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा), सिमडेगा कालीचरण मुण्डा की अध्यक्षता में दिशा की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पिछले बैठक में दिए गये निर्देश के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। सबसे पहले बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा की गई। जिसमें माननीय सांसद महोदय द्वारा जिले के 450 सभी राजस्व ग्राम छुटे हुए 39 राजस्व ग्राम को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़ने का निर्देश प्राप्त था। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल द्वारा बताया गया कि सिमडेगा जिला अंतर्गत लगभग 411 राजस्व ग्राम को प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री सड़क योजना जोड़ा गया है। शेष 39 राजस्व ग्राम को ग्राम सड़क योजना से यथाशीघ्र जोड़ने हेतु विभाग को भेजी गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में 100 से 250 तक की आबादी वाले कुल 441 गांव/ टोलों में से 279 को सड़क योजना से जोड़ा जा चुका है। शेष 162 गांव/टोलों को यथाशीघ्र जोड़ने हेतु विभाग को सूची समर्पित की गई है। बोलबा- बेलकूबा-टाकबाहर से उड़ीसा सीमा तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की समीक्षा की गई। जिसमें कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि वन विभाग से सड़क बनाने हेतु अभी तक अनुमति नहीं मिली है। अनुमोदन प्राप्त करने हेतु Wild life conservation plan तैयार कर वन प्रमंडल विभाग को भेजी गई है। अनुमति मिलते हैं सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अलावा माननीय विधायक सिमडेगा श्री भूषण बाड़ा द्वारा सिमडेगा -रेंगारी सड़क चौड़ीकरण, कोचेडेगा-रामरेखा सड़क चौड़ीकरण सहित कई सड़क चौड़ीकरण में भूमि अधिग्रहण की राशि रैयतों/लाभुक को अब तक मुआवजा की राशि नहीं मिली है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि कुछ समय पहले ही विभाग से राशि प्राप्त हुई है जिसे भू-अर्जन कार्यालय को राशि समर्पित की गई है। जल्द ही उसका भुगतान कर दिया जाएगा। साथ ही माननीय सांसद महोदय द्वारा कोलेबिरा -बानो- मनोहरपुर सड़क चौड़ीकरण की जानकारी ली। अपर समाहर्ता ने बताया कि की कुल 21 मौजा का 3ग अवार्ड हो गया है। तथा 15931671 रुपए की राशि रैयतों को भुगतान की करवाई की गई है। तथा शेष का आर0ओ0 ऑफिस से भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। भारतमाला परियोजना की भी समीक्षा की गई। जिसमें योजनाओं का क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पद ने बताया कि एनुअल एक्शन प्लान के तहत ह्ण -143 सड़क को गुमला से सिमडेगा -बांसजोर तक 10 मीटर चौड़ीकरण के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजी जा रही है।

**झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आज**

# जिला व केन्द्रीय समिति के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व नेता लेंगे भाग : अमर किन्डो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आज 23 अप्रैल दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक का मुख्य बिंदु 1. स्व. अश्विनी कुजूर के निधन पर श्रद्धांजलि सभा, 2. संगठन का सुदृढ़ीकरण, 3. मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों से मिल कर मांग पत्र सौंपना, 4. आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण आदि शामिल हैं। इस बैठक में जिला व केन्द्रीय समिति के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कई गण्यमान्य नेता भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं। कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो ने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल मंत्री चमरा लिंडा और मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से झारखंड आंदोलनकारी महासभा का प्रतिनिधि मंडल मिल कर 11 सूत्री मांग पत्र सौप कर पर विमर्श करेंगे। आंदोलनकारी साथियों की जल्द से जल्द चिन्हितीकरण, नियोजन और पेंशन तथा बकाए पेंशन राशि का भुगतान आदि के बारे में विशेष चर्चा की जाएगी।

# आगामी 30 अप्रैल को छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का भव्य महाधिवेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का भव्य महाधिवेशन का आयोजन किस्को में 30 अप्रैल को रखी गई। इस अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी गायक नितेश कच्छप, पवन रॉय, सुमन गुप्ता, चिंता देवी, हुलास महतो के द्वारा दिया जाएगा सांस्कृतिक प्रस्तुति।जिसकी तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने किया साथ ही तैयारियों को लेकर सामूहिक बैठक की गई। बैठक में सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें जल्द ही जिला कमेटी प्रखंड कमेटी पंचायत कमेटियों के साथ बैठक की जाएगी साथ ही प्रचार-प्रसार के साथ कार्यक्रम स्थल में विधि व्यवस्था अतिथियों के स्वागत आदि जैसे मुख्य कार्यों के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई। साथ ही जल्द बैठक कर अन्य कार्यों के लिए समितियों का गठन किया जाएगा और तैयारियां का अंतिम रूप दी जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष युनुस अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, ऐनुल अंसारी, राजू उरांव, रौनक इकबाल, एकरामुल अंसारी, जफर इमाम, रियाज अंसारी, हदीश अंसारी, निजाम अंसारी, हन्नान अंसारी, मुस्तफा अंसारी, घुडा उरांव, धीरज उरांव, असलम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रदेश चीफ कन्वेनर बनाएं गये अल्ताफ अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस ने ग्राम कैरो लोहरदगा के रहने वाले अल्ताफ अंसारी को झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रदेश चीफ़ कन्वेनर बनाया गया। प्रदेश चीफ़ कन्वेनर बनाए जाने के बाद अल्ताफ अंसारी ने कहा कि मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं मैं युवाओं के साथ समन्वय स्थापित कर नए युवाओं को पार्टी में जोड़ने का प्रयास करूंगा पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ चलूंगा एवं पार्टी की और ज्यादा मजबूती के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि संगठन द्वारा सौंपी गई इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाऊँगा। मुझे झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का सोशल मीडिया के प्रदेश चीफ़ कन्वेनर बनाए जाने पर मैं भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लाउरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु, सोशल मीडिया के राष्ट्रीय चेयरमैन मनु जैन, झारखण्ड प्रभारी सुश्री शशि सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भिजीत राज, सोशल मीडिया प्रभारी श्री मनीष तिवारी एंव राष्ट्रीय व राज्य के शीर्ष नेतृत्व को बहुत बहुत धन्यावाद और आभार प्रकट करता हूँ और मैं विश्वास दिलाता हूँ कि संगठन द्वारा सौंपी गई इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाऊँगा। अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रदेश चीफ़ कन्वेनर बनाए जाने पर सांसद सुखदेव भगत, झारखंड सरकार में मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज,यूथ राष्ट्रीय सचिव व उड़ीसा प्रभारी अभिनव सिदार्थ, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मनीष तिवारी, लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, यूथ कांग्रेस महा सचिव फहद खान, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, जिला युवा कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, बिसूनपुर विधानभा अध्यक्ष इमरान आजाद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जेएमएम केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी, जिला सचिव जुबैर अंसारी, कैरो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान, युवा प्रखंड अध्यक्ष तिला उरांव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मो सज्जाद, शास्वत सिद्धार्थ, आशिफ, देवदत प्रजापति, मुस्लिम अंसारी, विक्की खान, तैसिफ आलम, ज़ोरावर खान, मोजाहिर अंसारी, सनाउल्लाह, राहुल पांडेय, कृष्ण उरांव, लछु उरांव इत्यादि ने बधाई दी।

# शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर कांग्रेसी नेता ऐनुल अंसारी ने बंधाया ढांढस, जताई गहरी संवेदना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम टोली की आंगनबाड़ी सेविका नसीमा खातून की सड़क दुघर्टना में सोमवार को निधन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही कुडू प्रखंड उप प्रमुख सह कैरो प्रखंड कांग्रेस पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी ने मृतिका के आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी शोक संवेदना प्रकट कर परिवार के लोगो को ढांढस बंधाया। तथा हर संभव मदद की भी बात कही है।वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की आंगनबाड़ी सेविका काफी अच्छी स्वभाव की थी वो अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करती थी। तथा लोगों के साथ उनका व्यवहार काफी अच्छा था लोगो के समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा आगे रह रहती थी उनका इस दुनिया से चले जाना समाज और छेत्र के लोगो के लिए अपूरणीय क्षति है इस मौके पर कैरो प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अख्तर, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली, वारिश अंसारी, कांग्रेसी नेता मुजाहिद अंसारी, समरुद्दिन अंसारी, अरशद अंसारी, इम्तियाज अंसारी के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

**कांग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई : संदीप गुप्ता**

# जिप सदस्य व कांग्रेस पंचायती राज अध्यक्ष ने पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं को हटाने का किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड जिला परिषद सदस्य और कांग्रेस पार्टी के पंचायती राज कमेटी के जिला अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी के विरोधियों और भीतरघात करने वाले नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि कुछ लोगों ने पार्टी को अंदर से खोखला करने की कोशिश की है। ऐसे लोगों ने पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। यह लोग कांग्रेस पार्टी में रहते हुए कांग्रेस पार्टी को भीतर से कमजोर करते रहे। जिसकी वजह से पार्टी की कई बार फजीहत हुई है। संदीप गुप्ता ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव के खिलाफ कुछ नेताओं ने चुनाव प्रचार किया था। उन्हें हराने की कोशिश की गई थी। इन लोगों को चिन्हित करते हुए जांच करने की शिकायत पार्टी आलाकमान से की गई थी। इन नेताओं में आलोक साहू,राजू कुरैशी उर्फ सोनू, जगदीप भगत, परवेज कुरैशी उर्फ राजू कुरैशी, साजिद अहमद उर्फ चंगु नेसार अहमद, सलीम अंसारी उर्फ बड़े, मोजम्मिल अंसारी, रऊफ अंसारी, गुलाम जिलानी, फहद खान, जफर खान और कुदुस अंसारी जैसे नेता शामिल हैं। यह सभी लोग लोहरदगा विधानसभा चुनाव के समय खुलेआम डॉक्टर रामेश्वर उरांव के खिलाफ काम कर रहे थे। उसने से कुछ नेता ऐसे भी हैं, जो पहले भी पार्टी विरोधी कार्य की वजह से पार्टी से निकाले जा चुके हैं। फिर एक बार ऐसी ही हरकत कर रहे हैं। पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू और डॉ. रामेश्वर उरांव के साथ-साथ निष्ठावान कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से ही विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत मिली थी। जो लोग पार्टी विरोधी कार्य कर रहे हैं, इन नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के बजाए आजसू प्रत्याशी के पक्ष में काम किया था। वह सांसद सुखदेव भगत के करीबी माने जाते हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को लिखित रूप से स्थानीय विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने इन लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। इसके बाद मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें विधायक राजेश कच्छप और कुमार महेश सिंह शामिल हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के आलाकमान से मांग करते हुए कहा है कि जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट सामने कर इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अब जनता इनके कारनामों को समझ चुकी है। इन लोगों की वजह से ही कांग्रेस पार्टी की फजीहत हुई है। प्रदेश कमेटी तत्काल इन सभी नेताओं को पार्टी से बाहर करे। साथ ही ऐसे नेताओं को पार्टी से दूर करते हुए स्वच्छ छवि वाले नेताओं को तरजीह देना चाहिए। उन्हें यह पूर्ण विश्वास है कि इन सभी नेताओं ने विधानसभा चुनाव के दौरान घूम-घूम कर रामेश्वर उरांव के खिलाफ खुलेआम काम किया था। जांच होने से सारी बातें स्पष्ट हो जाएंगी। ऐसे मौका परस्त नेताओं को पार्टी से दूर करना ही चाहिए। संदीप गुप्ता ने यह भी कहा है कि पार्टी के लिए प्रारंभ से ही काम करने वाले नेताओं और ऐसे अभिभावकों को बदनाम करने की कोशिश की गई है,जिनका पूरा

### महाअधिवेशन को लेकर ट्रक ऑंनर एसोसिएशन ने की तैयारियां शुरू : कंवलजीत सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आगामी 30 अप्रैल को छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का भव्य महाधिवेशन होगा। इस अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित है, इसको लेकर लोहरदगा गुमला ट्रक ऑंनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ऑंनर एसोसिएशन विमरला एवं झारखंड पठारी चंदवा ट्रक ऑंनर एसोसिएशन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस क्रम में कल चंदवा के पदाधिकारियों से मुलाकात की गई ,आज लोहरदगा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया एवं आने वाले दो दिनों के बाद ट्रक मालिकों की एक आम बैठक करके भावी रूपरेखा तैयार की जाएगी और आदर, बिशनपुर, बनारी घाघरा, गमहरिया, सेन्हा, अमतीपानी, कुजाम, चिरोड़ीह, विमरला, गुरदरी, सेरेंगदाग सहित सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने बताया की सभी ट्रक ऑंनर एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू हैं और शुरू से सभी ट्रक ऑंनर एसोसिएशन इंटक के नेतृत्व में काम करते आ रहे हैं एवं माननीय धीरज प्रसाद साहू ट्रक मालिको,श्रमिकों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं और सभी ट्रक मालिक भी इंटक के हर आंदोलन, हर कार्यक्रम में शुरू से साथ रहते आए हैं।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसजोर में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी शिविर का हुआ आयोजन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसजोर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार के देखरेख में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 32 महिलाओं ने बंध्याकरण के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें से 22 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया। इस शिविर के आयोजन से क्षेत्र की महिलाओं को अपने परिवार नियोजन के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प मिला। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने कहा कि यह शिविर हमारे स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करना और उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने इस शिविर के आयोजन में कड़ी मेहनत की है और हमें उम्मीद है कि यह शिविर क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक बड़ा लाभ होगा।शिविर में अपनी सेवाएं प्राप्त करने वाली महिलाओं ने स्वास्थ्य केन्द्र की टीम के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस शिविर के आयोजन से उन्हें अपने परिवार नियोजन के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प मिला है। इस शिविर के आयोजन से क्षेत्र की महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाने का अवसर मिला है। स्वास्थ्य केन्द्र की टीम ने इस शिविर के आयोजन में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रदर्शन किया है।

# पतरातू गांव में देवान मंगेश्वर भगत की अध्यक्षता में 12 पड़हा हिसरी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 12 पड़हा हिसरी की बैठक पतरातू गांव में देवान मंगेश्वर भगत के अध्यक्षता में हुआ। इसमें मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा वेल लक्ष्मी नारायण भगत एवं भंडारी गोसाई भगत उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी के अनेक संगठन होने पर हो रहे बिखंडो पर चर्चा हुई। पहले से जिला राजी पड़हा ही एक मात्र संगठन होने से समाज मजबूत होती थी। सभी गांव से उपस्थित लोगों ने कहा कि जिला राजी पड़हा लोहरदगा वह है जिसे सभी क्षेत्रीय पड़हा के अनेक वेल देवान कोटवार मिल कर बनाया है वही मान्य है। जिला राजी पड़हा लोहरदगा द्वारा 1,5,2025अकाशी सम्मेलन में उचित रूप से उपस्थित रहने की बात कही गई। 2025 विशु सेंदरा पर विचार किया जाने की बात कही गई। सभी गांव से आए हुए अपने समाज के लिए अच्छा अनुभव विचार किया गया। लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि हमारे समाज को दूसरों से ज्यादा अपने समाज के दलाल और राजनीति कर्ताओं से डर है। हमारे समाज में कुछ लोगों को अलग अलग तरीके और संगठन बना कर व्यापार और नेताओं से सौदा करने का आदत हो गया है। इसी का लाभ उठा कर दूसरे समुदाय धर्मांतरण एवं लव जिहाद को अंजाम देते हुए आरक्षण और जमीन पर कब्जा कर लिया है। ऐसे गुनहगार को समाजिक एवं न्यायिक दंढ करने में हमें एक साथ काम करना चाहिए। आज हमारी सरकार रहते हुए सरहुल त्योहार रांची पिठोरिया पर अत्यंत दुखी प्रहार किया गया। बैठक में हिसरी, पतरातू, बोंगा, मेरले, गंगूपारा, चन्दकोपा, चोरगांई आदि गांवों से राधेश्याम, विरीया, संधू, दिनबंधू, सतीश, सुरेश, दुर्गा, जतरू, आदि समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

**ध्वस्त सड़क का शीघ्र मरम्मत कराये जिला प्रशासन : आलोक कुमार साहू**

# सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर आलोक साहू गांव का दौरा कर ग्रामीणों के साथ ध्वस्त सड़क का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को सेन्हा प्रखंड के तोड़ार पाखन टोली के ग्रामीणों ने आवेदन देकर अरु-साके पथ में तोड़ार पाखनटोली के पास नहर के ऊपर बने आरइओ सडक जो ध्वस्त हो गया है उसे शीघ्र मरम्मत करवाने का आग्रह किए थे। सांसद के निर्देश पर मंगलवार को आज सांसद के निजी सहायक सह लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू पाखन टोली पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से मिलकर ध्वस्त सड़क का निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि विगत दिनों भारी वर्षा होने के कारण सड़क ध्वस्त हो गया है बड़ी गाड़ी बड़ी मुश्किल से जा रहा है इसका शीघ्र मरम्मत नहीं कराया गया तो वर्षा होने पर अगर पूरा रास्ता ध्वस्त हो जाता है तो दर्जनों गांव का आवागमन बंद हो जाएगा ।सड़क ध्वस्त होने के कारण एक बुजुर्ग का नहर में गिरकर मृत्यु हो गया था। मौके पर श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा सांसद जन समस्याओं के निदान हेतु लगातार प्रयास कर रहे हैं। आपकी समस्याओं का निदान भी सांसद जी के प्रयास से होगा। मौके पर से श्री साहू ने लोहरदगा उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण से वार्ता कर यहां की स्थिति से अवगत कराते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत तत्काल इसे मरम्मत करने की मांग की, और कहा कि अगर तत्काल मरम्मत नहीं कराया गया तो वर्षा होने पर अगर सड़कपूरा ध्वस्त हो गया तो ढोका, चौकनी, हेसवे साके डांडू उरु सहित दर्जनों गांव का आगमन ठप्प हो जाएगा। इस सड़क से सेन्हा का प्रसिद्ध जलप्रपात धरधरिया फांल आने जाने का भी रास्ता है। उपायुक्त ने श्री साहू का आश्वसन दिया कि मरम्मति कार्य शीघ्र किया जाएगा। मौके पर सिन्हा प्रखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नंदू शुक्ला, मुखिया बुधु भगत, बाबू उरांव, शौकत अंसारी, रंजीत यादव, गुल मोहम्मद अंसारी, चंद्रदेव भगत, सिराज भगत, पवन उरांव, बुधवा उरांव, दीपक उरांव, निशांत उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर आज मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में अस्तित्व फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पर्यावरणीय पहल का उद्देश्य प्रकृति संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और हरियाली को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ0 कृति श्रीवास्तव माजी ने कहा कि ÷पृथ्वी दिवस हम सबको यह याद दिलाने का अवसर देता है कि हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखते हुए जीना है। वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की नींव है। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिनमें आम, अमरूद, जामुन, नाशपाती, बरगद, पीपल, नीम, चम्पा, कदम, गुलमोहर प्रमुख थे। कृति श्रीवास्तव माजी ने वन विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट किया इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी ओएसडी गोरख नाथ यादव, समाजसेवी नन्द किशोर सिंह चंदेल,रेंजर जितेंद्र कुमार तथा अर्चना चौबे (ऑफिस इंचार्ज) का विशेष रूप से योगदान रहा।

### 18 प्रखंडों के 789 खराब चापानल की मरम्मती करा ली गई है : डीसी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र में खराब पड़े चापानलों की मरम्मती का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।जिसमे - 01 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक रांची जिला के कुल- 18 प्रखंडों में अब तक 789 खराब चापानल की मरम्मती करा ली गई है।

**खराब चापानल कि मरम्मती कर चालू किए गए चापानल कि सूची:** अनगड़ा-48,ओरमांझी-38,सिल्ली -48,, बुंडू- 30,सोनाहातु-48, राहे-47, तमाड़-45, खलारी- 63, ईटकी- 17, बुड़मू- 73,बेड़ो-31, कांके- 51, मांडर- 44,रातु- 22,चान्हो- 49,नामकुम- 78, नगड़ी- 17,लापुंग- 40 है। चापानल के बन जाने से गर्मी में गांव वालों को राहत मिलेगी। इससे ग्रामीण बहुत खुश है। आपको बताएं कि उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े इसे लेकर जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की जल्द से जल्द मरम्मती के निर्देश दिए हैं।



# शनिवार को होगा पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार



एजेंसी

**वेटिकन सिटी :** पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को होगा। वेटिकन ने कहा कि उनके पार्थिव शरीर को कल सुबह सेंट पीटर बेसिलिका में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, ताकि शनिवार को होने वाले उनके अंतिम संस्कार से पहले श्रद्धालु उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। जानकारी के अनुसार होली सी प्रेस कार्यालय ने मंगलवार को घोषणा की कि पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे सेंट पीटर स्क्वायर में होगा। अंतिम संस्कार की रस्में कार्डिनल कॉलेज के डीन कार्डिनल जियोवानी बैटिस्टा रे की निगरानी में शुरू होंगी। इस दौरान दुनिया भर के पैट्रिआर्क, कार्डिनल, आर्कबिशप, बिशप और पुजारी मौजूद रहेंगे। यूचरिस्टिक उत्सव का समापन अल्टिमा कमेंडेटियो और वेलेडिक्टियो के साथ होगा।

यह उत्सव पोप फ्रांसिस की आत्मा की शांति के लिए नौ दिनों के शोक और सामूहिक प्रार्थना की शुरुआत को चिह्नित करता है। इसके बाद पोप के पार्थिव शरीर को सेंट पीटर बेसिलिका और फिर सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में समाधि स्थल पर ले जाया जाएगा। जानकारी के अनुसार पवित्र रोमन चर्च के कैमरलेंगो कार्डिनल केविन फैरेल 23 अप्रैल को प्रार्थना अनुष्ठान की अध्यक्षता करेंगे। यह अनुष्ठान सुबह नौ बजे शुरू होगा। होली सी प्रेस कार्यालय के अनुसार, अंतिम यात्रा सांता मार्टा स्क्वायर और रोमन प्रोटोमार्टियर्स स्क्वायर से होकर गुजरेगी। इसके बाद अंतिम यात्रा आर्क ऑफ द बेल्स से होते हुए सेंट पीटर स्क्वायर में प्रवेश करेगी और वहां से केंद्रीय द्वार से गुजरते हुए वेटिकन बेसिलिका में प्रवेश करेगी। कन्फेशन की वेदी पर कार्डिनल कैमरलेंगो वचन की आराधना की अध्यक्षता करेंगे।इस बीच पोप फ्रांसिस के निधन के बाद अमेरिकी कार्डिनल केविन फैरेल वेटिकन के कार्यवाहक प्रमुख बन गए। डबलिन में जन्मे पादरी केविन को देश में कई साल बिताने के बाद अमेरिकी नागरिक के रूप में मान्यता दी गई। फैरेल को 1984 में वाशिंगटन के आर्चडायोसिस में शामिल किया गया था और वे डलास के पूर्व बिशप हैं। फ्रांसिस ने 2016 में उन्हें कार्डिनल घोषित किया था। 2023 में उन्हें वेटिकन के सुप्रीम कोर्ट का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्डिनल अभी चैंबरलेन (कैमरलेंगो) का पद संभालते हैं। उन्हें पोप का मजबूत उत्तराधिकारी माना जाता है।

### ट्रेनों में स्वच्छता के लिए यात्रियों को किया जागरूक

**जोधपुर :** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर स्टेशनों व ट्रेनों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा मंगलवार से प्रारंभ हुआ।डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने जोधपुर रेलवे स्टेशन पर स्काउट एंड गाइड द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता पखवाड़े का उद्घाटन किया। इस दौरान स्काउट्स कैडेट्स और रेलकर्मचारियों ने ट्रेनों व प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को विभिन्न माध्यमों से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर डीआरएम ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि रेल परिसर और ट्रेन में स्वच्छता के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है जिसमें स्वच्छता कार्य मे तैनात रेलकर्मचारियों के साथ-साथ यात्रियों और फूड स्टॉल संचालकों का भी दायित्व बनता है कि वह इसके लिए हर संभव सहयोग करें।

## आरपीएफ ने 13 किलो गांजा किया बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आरपीएफ रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के आदेशानुसार मंडल में गांजा तस्करों को पकड़ने के लिए टीम अभियान चला रही है। दिनांक 20.04.2025 को आरपीएफ पोस्ट रांची एवं फ्लाइंग स्क्वायड की टीम द्वारा रांची स्टेशन पर नियमित जांच के दौरान ऑपरेशन नारकोस के तहत एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई। प्लेटफार्म संख्या 05 पर हटिया छोर की ओर एक पुरुष एवं एक महिला संदिग्ध अवस्था में बैठे मिले, जिनके पास एक बैग एवं एक बैग था। संदेह के आधार पर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपना नाम अनिमेष मंडल, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता




स्व. निर्मल मंडल एवं कल्पना मंडल, उम्र करीब 40 वर्ष, पत्नी- अनिमेष मंडल, निवासी तारकनगर दक्षिणपाड़ा, पोस्ट- मोरथ, थाना- हंसखाली, जिला- नदिया (पश्चिम बंगाल) बताया। पूछताछ के दौरान दोनों ने कबूल किया कि उक्त बैग और बैग में गांजा रखा हुआ था। इसके बाद रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और पूछताछ की तथा बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान 13 किलो गांजा बरामद हुआ। एएसआई अनिल कुमार द्वारा उक्त गांजा जब्त कर लिया गया तथा मौके पर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जब्त गांजा और आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सौंप दिया गया। जब्त गांजा का अनुमानित बाजार मूल्य 1,30,000/- है।कार्रवाई में शामिल आरपीएफ स्टाफ ~श एसआई सोहन लाल, एएसआई अनिल कुमार, स्टाफ रेणु, आर.के. सिंह, प्रदीप, डी.के. जीतरवाल।

## सदर अस्पताल में दंत इम्प्लांट सेवाएं प्रदान कर रहा है : सिविल सर्जन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सिविल सर्जन डा प्रभात कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में एक एडेंटुलस मरीज के लिए तीन तत्काल दंत इम्प्लांट किए गए, जो अस्पताल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि रांची का सदर अस्पताल झारखंड का पहला जिला अस्पताल है जो दंत इम्प्लांट सेवाएं प्रदान कर रहा है, जो कुछ मेडिकल कॉलेजों को भी पीछे छोड़ रहा है।डॉ. रवि राज, एक एमडीएस विशेषज्ञ, इम्प्लांट करने में अपनी विशेषज्ञता के लिए विशेष उल्लेख के पात्र हैं। दंत इम्प्लांट के लिए समर्पित विंग का आगामी उद्घाटन रोगी देखभाल को और बेहतर बनाएगा। सिविल



सर्जन की इस पहल के प्रति उत्साह पूरी तरह से जायज है, खासकर जब मरीजों के लिए लागत बचत की बात आती है। अन्यत्र दंत इम्प्लांट महंगे हो सकते हैं, जिनकी कीमत 30,000 से 80,000 प्रति दांत तक हो सकती है। इस सेवा को नाममात्र की लागत पर पेश करना समुदाय के लिए बहुत फायदेमंद होगा।

## छत्तीसगढ़ : बाल श्रम के विरुद्ध दिया छापेमारी अभियान का निर्देश

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने कार्यभार ग्रहण के दूसरे ही दिन आज मंगलवार को बाल श्रम की रोकथाम को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेशभर में व्यापक छापेमारी अभियान के निर्देश जारी किए हैं। डॉ. शर्मा ने श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को आठ बिंदुओं पर आधारित सुनियोजित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि, बाल श्रम का उन्मूलन एक दिवस की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सतत अभियान है, जिसे निरंतरता से संचालित किया जाना चाहिए।डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि, अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर प्रत्येक तीन



माह में सात दिवसीय प्रदेशव्यापी छापामारी अभियान चलाया जाए। इस कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस प्रशासन और संबंधित थाना क्षेत्रों की भागीदारी से विशेष दलों का गठन किया जाएगा। अभियान के दौरान पाए गए बाल श्रमिकों को तत्काल आवश्यकतानुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यवाहियों के दौरान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस (12 जून 2025) को सार्थक बनाते हुए, प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।आम नागरिकों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए, डॉ. शर्मा ने श्रम विभाग के अंतर्गत टोल फ्री नंबर की स्थापना और उसके सक्रिय संचालन की अनुशंसा की है, जिससे बाल श्रम संबंधी सूचनाएं त्वरित रूप से प्राप्त की जा सकें। बाल श्रम के मूल कारणों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि बचाए गए बालकों के परिवारों को तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए जिला कलेक्टोरेट स्तर पर 'एकल खिड़की व्यवस्था' स्थापित करने की सिफारिश की गई है, जिससे प्रभावित परिवारों को समुचित और त्वरित सहायता दी जा सके।

### कुपोषण के खात्मा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**नवादा :** समाज से कुपोषण रूपी को के खात्मे के लिए मंगलवार को नवादा जिले के सभी बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण कार्यक्रम का आयोजन कर शपथ ग्रहण कराया गया ।कौवाकोल बाल विकास परियोजना में में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला पर्यवेक्षिकाओं ने सेविकाओं को कुपोषण मिटाने के मामले में सजगता से काम करने की बात कही ।पोषण पखवाड़े के अवसर पर नवादा जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय में आयोजित पोषण कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी, निवेदिता कुमारी, आरती कुमारी,प्रधान सहायक विपिन कुमार के साथ ही उपस्थित आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं ने भी कुपोषण की खात्मे का शपथ ग्रहण के साथ संकल्प लिया।

## ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट शख्त

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल ताजमहल पर प्रदूषण और औद्योगिक इकाइयों के प्रभाव को लेकर शीर्ष अदालत ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट को कांच उद्योग के ताजमहल पर प्रभाव का आकलन करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने एनईईआरआई को मूल्यांकन पूरा करने की समयसीमा बताते हुए एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित सभी सरकारी एजेंसियों को इस काम में नीरी की सहायता करनी चाहिए।पीठ ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि इन



उद्योगों से कितना प्रदूषण हो रहा है। अगर हमें पता चलता है कि ये उद्योग प्रदूषण फैला रहे हैं तो हम इन इकाइयों को स्थानांतरित करने का आदेश देने में संकोच नहीं करेंगे। प्रदूषण की सीमा के बारे में जांच की आवश्यकता है।

इसके बाद कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एक टीम गठित करने का निर्देश दिया। यह टीम राज्य की ओर से दाखिल हलफनामे में उल्लिखित उद्योगों का दौरा करेगी और इन उद्योगों से होने वाले प्रदूषण के पहलू की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि पांच उद्योगों का अध्ययन पूरा करने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा ताकि उचित निर्देश जारी किए जा सकें।इससे पहले शीर्ष अदालत ने ताजमहल और उसके आसपास पर्यावरण संरक्षण के लिए ताज ट्रेपेज़ियम ज़ोन (टीटीजेड) प्राधिकरण की निंदा करते हुए पूछा था कि क्या इस प्रतिष्ठित स्मारक का संरक्षण एक तमाशा है या मजाक।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में नदी, खेत तालाब, पोखर सहित सभी जल स्रोतों के संरक्षण का कार्य चल रहा है। इस अभियान में सबकी सहभागिता होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में जनप्रतिनिधि और प्रभारी मंत्री अपने-अपने स्तर पर 90 दिन तक चलने वाले इस अभियान का हिस्सा बने और अपना योगदान दें। आगामी 30 जून तक जारी रहने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में अमृत सरोवरों का भी निर्माण किया जा रहा है। हमारी सरकार का यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संरक्षण के हो रहे पुनीत कार्यों के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि राज्य सरकार अगली कैबिनेट मीटिंग तक स्थानांतरण नीति को लेकर भी नीतिगत निर्णय लेगी। हम प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों के कल्याण के लिए उनके वेतन एवं सभी प्रकार के भत्तों के भुगतान के लिए कार्य कर रही है। लोक सेवकों के हितों के साथ ही राज्य सरकार खाली पदों पर जल्द से जल्द भर्ती की दिशा में आगे बढ़ रही है। भर्ती अभियान में सभी योग्य उम्मीदवारों को मौका मिले, इसके लिए प्रत्येक विभाग की समीक्षा की जा रही है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की लंबित परीक्षाएं भी शीघ्र कराने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने बीते सोमवार को ही प्रदेश में टेलीकॉम सेक्टर के डेवलपमेंट को गति प्रदान करने के लिए ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन स्थापना की दिशा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। इससे बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध होंगे। इसी के साथ आईटी सेक्टर पर आधारित एक कॉन्क्लेव 27 अप्रैल को इंदौर में आयोजित होगी। इससे जुड़े विभागों के अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### पृथ्वी दिवस पर स्कूल कॉलेजों में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जोधपुर :** शहर में स्कूल-कॉलेजों सहित कई स्थानों पर मंगलवार को अर्थ डे (पृथ्वी दिवस) विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान वर्ष 2025-26 के निर्देशानुसार आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर जिला विक्रान्त गुप्ता एवं सचिव डॉ. मनीषा चौधरी ने खुला बंदी शिविर में पौधारोपण किया। उन्होंने खुला बंदी शिविर में उपस्थित बंदियों को वृक्ष लगाने एवं लगाए हुए वृक्ष का संरक्षण करने हेतु प्रेरित किया एवं सभी बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में न्यूनतम एक वृक्ष रोपित कर उसका संरक्षण करना चाहिए, जिससे प्रकृति का संतुलन भी बना रहे।न्यू पावर हाउस रोड स्थित यूनिटी इंटरनेशनल एकेडमी में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया।

## रूह अफजा को लेकर बाबा रामदेव के बयान पर हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाईकोर्ट ने पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव को उनके रुह अफजा को शरबत जिहाद कहने के बयान पर आड़े हाथों लिया है. जस्टिस अमित बंसल की बेंच ने कहा की बाबा रामदेव के बयान ने कोर्ट की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और ये अक्षम्य है.पांच दिन का दिया समय~ पतंजलि और रामदेव का प्रतिनिधित्व करते हुए वकील नायर ने कहा, उनके मुवक्किल किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हैं. इस पर कोर्ट ने कहा कि उपरोक्त रुख हलफनामे पर आना चाहिए. उन्होंने न्यायालय को सूचित किया कि सभी विवादित विज्ञापन, चाहे प्रिंट हो या वीडियो, पतंजलि और रामदेव द्वारा हटा लिए जाएंगे. तब न्यायालय ने रामदेव से हलफनामा दाखिल करने को कहा कि वह भविष्य में कोई भी ऐसा बयान, विज्ञापन या सोशल मीडिया




पोस्ट जारी नहीं करेंगे, जिससे हमदर्द को परेशानी हो. न्यायमूर्ति बंसल ने रामदेव को हलफनामा दाखिल करने के लिए पांच दिन का समय दिया. मामले की अगली सुनवाई 1 मई को की जाएगी.उन्होंने आगे कहा, बाबा रामदेव की ओर से जारी किए गए वीडियो तुरंत हटाए जाने चाहिए. बाबा रामदेव ने इससे पहले भी एक कंपनी पर इसलिए आरोप लगाया था कि उसका मालिक मुस्लिम है. रोहतगी ने कहा कि बाबा रामदेव को एलोपैथिक के संबंध में भ्रामक बयान और विज्ञापन देने के सुप्रीम कोर्ट फटकार लगा चुका है. बाबा रामदेव से कड़ाई से निपटने की जरूरत है.

बता दें कि, बाबा रामदेव ने कहा था कि हमदर्द की ओर से रुह अफजा से की गई कमाई से मदरसे और मस्जिद बनाए जाएंगे.दरअसल, हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया ने पतंजलि के खिलाफ याचिका दायर की है. हमदर्द की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि बाबा रामदेव ने हमदर्द के खिलाफ बिना किसी रोक-टोक के धर्म को चोट पहुंचाने वाले बयान दिए. उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव का बयान धार्मिक विभाजन पैदा करता है और ये हेट स्पीच के तहत आता है. साथ ही साथ यह बयान मानहानि के तहत भी आता है.